@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/ qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 1 फरवरी 2025

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 82 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## व्यवधान का दौर खत्म करके, संसद में सार्थक चर्चा होनी चाहिए: उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली, 31 जनवरी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को बजट सत्र की शुरुआत होने से पहले कहा कि संसद में व्यवधान का दौर खत्म करके सार्थक चर्चा की राह बनाई जानी चाहिए। राष्ट्रीय महिला आयोग के 33वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश को ऐसे विपक्ष की जरूरत है, सहयोगी और सार्थक हो। उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद में ज्यादा चर्चा और बहस होनी चाहिए न कि उसे बाधित किया जाए। राज्यसभा सभापति ने महिला सशक्तिकरण पर बात करते हुए संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को आरक्षण दिए जाने के फैसले की तारीफ की और इसे ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया। उन्होंने कहा कि देश में अब ऐसा माहौल बन रहा है, जो महिलाओं की महत्वकांक्षाओं का भी समर्थन करता है। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि बढ़ी हुई महत्वकांक्षाएं बड़ी चुनौतियां भी लेकर आती हैं और उन चुनौतियों से पार पाने के लिए ऊर्जा और सही दिशा होनी बहुत जरूरी है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना भारत की तरक्की अधूरी है। उन्होंने कहा कि मुझे इसमें कोई शक नहीं है कि आधी आबादी के योगदान के बिना ये दुनिया न तो खुश रह सकती है और न ही देश तरक्की कर सकता है। उपराष्ट्रपति ने महिला आयोग की भूमिका पर कहा कि आयोग को सनसनीखेजता के बजाय सूचना प्रसार और रचनात्मकता पर ध्यान देना चाहिए और सुर्खियां बनाना अंतिम लक्ष्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, ताकत कभी भी सत्ता के प्रयोग में नहीं होती



# राष्ट्रपति मुर्मू ने दिया विकसित भारत का संदेश

**सिम्मी कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच संसद का बजट सत्र शुक्रवार को आरंभ हो गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित किया। उन्होंने सांसदों को संबोधित करते हुए देश को विकसित भारत का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ में हुए हादसे पर दुख जताया। राष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि महाकुंभ भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। उन्होंने कहा, इस समय महाकुंभ का ऐतिहासिक पर्व चल रहा है। यह भारत की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक चेतना का पर्व है। करोड़ों लोग स्नान कर चुके हैं। मौनी अमवस्या के दिन हुए हादसे पर दुख व्यक्त करती हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। राष्ट्रपति मुर्मू ने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन का भी उल्लेख किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी।मनमोहन सिंह का बीते साल 26 दिसंबर को निधन हो गया था। इससे पहले अपने अभिभाषण में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संसद की इस बैठक को संबोधित करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। अभी दो माह पहले हमने संविधान को अपनाने की 75वीं वर्षगांठ मनाई है और कुछ दिन पहले ही भारतीय गणतंत्र ने 75 वर्षों की यात्रा भी पूरी की है। ये अवसर लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत के गौरव को नई ऊंचाई देगा। भारत की विकास यात्रा के इस अमृतकाल को आज मेरी सरकार अभूतपूर्व उपलब्धियों के माध्यम से नई ऊर्जा दे रही है। तीसरे कार्यकाल में तीन गुना तेज गति से काम हो रहा है। आज देश बड़े निर्णयों और नीतियों को असाधारण गति से लागू होते देख रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करते हुए तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर देने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए पांच लाख 36 हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाने की योजना है। जनजातीय समाज के पांच करोड़ लोगों के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान प्रारंभ हुआ है। इसके लिए 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे



अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है। इन्हें हर वर्ष पांच लाख रुपये का हेल्थ कवर मिलेगा। उन्होंने कहा, मेरी सरकार ने युवाओं की शिक्षा और उनके लिए रोजगार के नए अवसर तैयार करने पर विशेष फोकस किया है। मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा में वित्तीय सहायता देने के लिए पीएम विद्यालक्ष्मी योजना शुरू की गई है। एक करोड़ युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर भी दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में, यानी महिला के नेतृत्व वाले विकास में विश्वास करती है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के द्वारा लोक सभा और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की 10 करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक लिंकेज के माध्यम से वितरित की गई है। हमारी बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियां दूर दराज के इलाकों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करतीं है मेरी मां: प्रियंका गांधी

**कौमी संवाददाता**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी के बयान पर राजनीतिक गर्माहट जारी है। एक तरह जहां भाजपा नेताओं ने सोनिया गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और माफी की मांग कर रहें है। तो दूसरी ओर अब मां सोनिया गांधी के बचाव में बेटी प्रियंका गांधी उतर आईं है। उन्होंने भाजपा नेताओं की माफी की मांग पर कहा कि भाजपा को पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेताओं की माफी की मांग पर प्रियंका गांधी ने पलटवरा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा को पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। साथ ही प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी मां 70-80 साल की महिला हैं, उन्होंने बस इतना कहा है कि राष्ट्रपति ने इतना लंबा भाषण पढ़ा और वह थक गई होंगी, बेचारी...। प्रियंका गांधी ने आगे कहा कि मेरी मां भारत



की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पूरा सम्मान करतीं हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस तरह की बातों को मीडिया द्वारा तोड़-मरोड़ कर पेश किया जाता है। वे दोनों सम्मानित लोग हैं और हमसे उम्र में बड़े हैं...उनका कोई अपमान करने का इरादा नहीं है। बता दें कि संसद में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने संसद के बाहर पत्रतारों राष्ट्रपति को पूअर थिंग कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू अपने संबोधन के आखिर तक थक गई थीं और बहुत मुश्किल से बोल पा रही थीं। सोनियाके इस बयान पर देश की सियासत में गर्माहट तेज हो गई।

### महायुति सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी: नाना पटोले

मुंबई, 31 जनवरी। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने आरोप लगाया कि राज्य की महायुति सरकार में 65 प्रतिशत मंत्री दागी हैं। नागपुर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि मंत्रिमंडल के पिछले महीने शपथ लेने के बावजूद अधिकांश मंत्रीयों ने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। उन्होंने भाजपा, शिवसेना और राकांपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सोयाबीन, कपास, प्याज और डेयरी किसान संकट में हैं और बेरोजगारी चरम पर है। पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस नेता नाना पटोले ने कहा, 65 फीसदी मंत्री दागी है। पुणे के पूर्व कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर और कुछ अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की अटकलों पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, कुछ लोगों के लिए राजनीति व्यवसाय है। सत्ता में कोई भी हो, लेकिन जनता कांग्रेस के साथ है। हालांकि, रवींद्र धांगेकर से जब एकनाथ शिंदे के साथ उनकी मुलाकात के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कांग्रेस छोड़ने से साफ इनकार कर दिया।

## शांति-सुरक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रही सरकार: बीरेन सिंह

इंफाल, 31 जनवरी। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में शांति बहाल करने और अपनी वर्तमान और भावी पीढ़ियों की सुरक्षा के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने घुसपैठियों को प्रवेश से रोकने के लिए मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) की शुरुआत की है। म्यांमार के साथ सीमा पर बाड़ लगाने की केंद्र की पहल के परिणाम मिलने शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य राज्य में तमाम समस्याओं के बीच शिक्षा और व्यावसायिक गतिविधियों को जारी रखने और विकास कार्यों को भी आगे बढ़ाना है। हम एक कठिन दौर से गुजर रहे हैं। पहाड़ियों और घाटी दोनों में कई लोगों की जान चली गई है, जबकि कई लोग अपने घरों से विस्थापित हो गए हैं। फिर भी सरकार शांति बहाली के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, सरकार का उद्देश्य सभी पुराने निवासियों के बीच शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित करना है और साथ ही केंद्र की सहायता से उन्हें घुसपैठियों से बचाना है। बीरेन सिंह ने कहा, राहत शिविरों में रह रहे विस्थापितों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संकट का दौर हमें रात को सोने नहीं दे रहा है। हम वर्तमान और आने वाली पीढ़ियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर राज्य के लोग हमें आईएलपी देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के प्रति आभार व्यक्त नहीं करते हैं, तो भगवान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा।

## सर्वोच्च न्यायालय ने एससी-एसटी एक्ट के तहत मामले को किया खारिज

**सौरभ शर्मा**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज एक व्यक्ति के खिलाफ मामला खारिज करते हुए कहा कि कथित घटना सार्वजनिक तौर पर नहीं हुई। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति बीआर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(आर) के अनुसार, किसी अपराध के होने के लिए यह स्थापित होना जरूरी है कि आरोपी ने सार्वजनिक तौर पर किसी जगह पर एससी या एसटी के किसी सदस्य को अपमानित करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित या धमकाया हो। शीर्ष अदालत ने एफआईआर का हवाला दिया जिसमें कहा गया था कि कथित घटना शिकायतकर्ता के चैंबर के चारों कोनों में हुई और घटना के बाद उसके अन्य सहयोगी वहां पहुंचे। शीर्ष अदालत ने मद्रास उच्च न्यायालय के फरवरी 2024 के आदेश को चुनौती देने वाले एक व्यक्ति की तरफ से दायर अपील पर अपना फैसला सुनाया। उच्च न्यायालय ने तिरुचिरापल्ली की एक निचली अदालत के समक्ष कार्यवाही को रद्द करने की उसकी याचिका को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि सितंबर 2021 में व्यक्ति ने भूमि के पट्टे में नाम शामिल करने के संबंध में अपने पिता के नाम पर दायर याचिका की स्थिति के बारे में पूछताछ करने के लिए शिकायतकर्ता, एक राजस्व निरीक्षक से संपर्क



किया। कथित झगड़े के बाद, अपीलकर्ता ने कथित तौर पर शिकायतकर्ता के कार्यालय में उस पर जातिगत गालियां दीं। शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज कराई और कथित अपराधों के लिए उस व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिसमें एससी-एसटी अधिनियम की धारा 3(1)(आर) और 3(1)(एस) के तहत मामला दर्ज किया गया। वहीं मामले की जांच के बाद, तिरुचिरापल्ली की एक ट्रायल कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। आपराधिक कार्यवाही शुरू होने से व्यथित होकर, व्यक्ति ने इसे रद्द करने के लिए उच्च न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि यदि उस पर मुकदमा चलाया जाता है तो कोई पक्षपात नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि सार्वजनिक दृश्य के भीतर एक स्थान होने के लिए, वह स्थान खुला होना चाहिए जहां आम लोग आरोपी की तरफ से पीड़ित से की गई बातों को देख या सुन सकें। यदि कथित अपराध दीवार के चारों कोनों के भीतर हुआ था जहां आम लोग मौजूद नहीं थे, तो यह नहीं कहा जा सकता कि यह सार्वजनिक दृश्य के भीतर हुआ था। पीठ ने कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप, चाहे वे प्रथम दृष्टया ही क्यों न हों और पूरी तरह से स्वीकार किए गए हों, अधिनियम की धारा 3(1)(आर) या धारा 3(1)(एस) के तहत प्रथम दृष्टया अपराध नहीं बनते। अपील स्वीकार करते हुए पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज कर दिया और संबंधित कार्यवाही के अलावा आरोपपत्र को भी रद्द कर दिया।

## फडणवीस-शिंदे की गिरफ्तारी की साजिश की जांच के लिए गठित हुई एसआईटी

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

मुंबई, 31 जनवरी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार के दौरान तत्कालीन विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस और शहरी विकास मंत्री एकनाथ शिंदे को झूठे मामले में गिरफ्तार करने की साजिश रची गई थी। अब फडणवीस सरकार ने इस साजिश का पता लगाने के लिए शुक्रवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहीं, एमवीए के कई नेता जांच के दायरे में आ सकते हैं। महाराष्ट्र गृह विभाग की तरफ से जारी शासनादेश (जीआर) के अनुसार मुंबई पुलिस के संयुक्त आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) सत्यनारायण चौधरी जांच दल का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, डीआईजी राजीव जैन, पुलिस उपायुक्त नवनाथ ढवले और एसीपी आदिक राव पोल को भी एसआईटी में शामिल किया गया है। सरकार ने इस जांच दल को 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है। दिसंबर में नागपुर में हुए विधान मंडल के शीतकालीन सत्र में विधान परिषद सदस्य प्रवीण दरेकर ने फडणवीस और शिंदे की गिरफ्तारी की साजिश रचे जाने का मुद्दा उठाया था। उन्होंने आरोप



लगाया था कि मौजूदा मुख्यमंत्री (तत्कालीन विपक्ष के नेता) देवेन्द्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री (तत्कालीन शहरी विकास मंत्री) एकनाथ शिंदे के खिलाफ फर्जी मामले दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार करने की साजिश रची गई थी। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित करने की मांग की थी जिसे सरकार ने स्वीकार कर लिया था। भाजपा विधायक प्रवीण दरेकर ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में दावा किया था कि एमवीए सरकार के दौरान तत्कालीन पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय पांडेय ने देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे को झूठे अपराधों में फंसाने का दबाव बनाया था। तत्कालीन पुलिस उपायुक्त लक्ष्मीकांत पाटिल को इस मामले की जिम्मेदारी दी गई थी। व्यवसायी संजय पुनमिया ने इस मामले में स्टिंग ऑपरेशन होने का दावा किया है। फडणवीस सरकार ने इसी मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। इसलिए एसआईटी पूर्व डीजीपी संजय पांडेय की भूमिका की भी जांच करेगी।

## एक देश एक चुनाव पर निर्वाचन आयोग, पूर्व न्यायाधीशों की राय लेगी समिति

नई दिल्ली, 31 जनवरी। देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयकों पर विचार कर रही संसदीय समिति की तरफ से विचार-विमर्श के लिए तैयार की गई एक सांकेतिक सूची में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीशों, निर्वाचन आयोग, राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों का उल्लेख है। समिति की शुक्रवार को हुई बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि विभिन्न निकायों और अन्य हितधारकों की एक सांकेतिक सूची तैयार की गई थी और सदस्यों को विचार के लिए और अधिक नाम सुझाने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि संवैधानिक विशेषज्ञ, सुरक्षा एजेंसियां, कई सरकारी विभाग, मीडिया संगठन, भारतीय विधि आयोग, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, थिंक-टैंक, चैंबर ऑफ कॉमर्स, आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थान उनमें शामिल हैं, जिनके साथ विचार-विमर्श किया जा सकता है। बैठक में कई विपक्षी सदस्यों ने इस पर जोर दिया कि उन्हें हर बैठक के दौरान होने वाली बातचीत के शब्दश: विवरण की एक प्रति वितरित की जानी चाहिए। इस पर समिति के अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि ऐसी मांग संसदीय समितियों की परंपरा के अनुरूप नहीं है। हालांकि, द्रमुक सांसद पी विल्सन और कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि उनकी मांग संसदीय समितियों को निर्देशित करने वाले नियमों के अंतर्गत आती है। चौधरी ने कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से परामर्श करेंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने विपक्षी सदस्यो के विचारों का समर्थन किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू के संबोधन को कांग्रेस ने बताया राजनीतिक: केसी वेणुगोपाल

**नरेश मल्होत्रा**

नई दिल्ली, 31 जनवरी। कांग्रेस ने शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन को स्पष्ट राजनीतिक भाषण बताया। पार्टी ने दावा किया कि देश का आम नागरिक दिन पर दिन क्या अनुभव कर रहा है, इस पर कोई बात नहीं की। अपने संबोधन में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने वैश्विक चिंताओं से बाहर निकलने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ काम किया है। संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने वक्फ बोर्ड और एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पिछले प्रशासन की तुलना में तीन गुना अधिक गति से काम हो रहा है। राष्ट्रपति मुर्मू के संबोधन के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने राष्ट्रपति से स्पष्ट राजनीतिक भाषण दिलवाया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, यह एक बहुत ही पूर्वानुमानित भाषण था। उन्होंने आगे कहा, अपनी सरकार की तारीफ करना उनका काम है। उन्होंने वही किया। हमें इस बात की चिंता है कि उनके भाषण से क्या हटा दिया गया जो उनकी सरकार पूरा करने में विफल रही। बेरोजगारी को देखकर आम आदमी और मध्यम वर्ग को आज दुख हो रहा होगा। युवा न केवल बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं, बल्कि शिक्षित युवाओं के पास भी नौकरियां नहीं हैं। शशि थरूर ने कहा, इन सभी परिस्थितियों में हम सचमुच में चुनौती का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति के भाषण में इस बात की कोई स्वीकृति नहीं थी कि भारत का सामान्य नागरिक दिन-ब-दिन क्या महसूस कर रहा है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन दुर्भाग्य से सरकार की उपलब्धियों की झूठी सूची को दोहराने से ज्यादा कुछ नहीं है। कांग्रेस ने सदन में पेश आर्थिक सर्वेक्षण पर केंद्र सरकार की जमकर खिंचाई की। पार्टी ने कहा कि सर्वेक्षण में कारोबारी सुगमता 2.0 की बात कही गई है, लेकिन इसमें नए वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) 2.0 और पिछले 10 साल से जारी कर आतंकवाद को समाप्त करने का कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, वित्त मंत्रालय का आर्थिक सर्वेक्षण वांछित




नीतियों की अपेक्षा सूची होता है और अवांछित नीतियों के बारे में चेतावनी। नए आर्थिक सर्वेक्षण में सरकार के विचार करने के लिए काफी कुछ है। उन्होंने कहा कि सर्वे बताता है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) ग्रामीण गरीबों के लिए जीवनरेखा है और यह स्थायी आजीविका के लिए टिकाऊ ग्रामीण परिसंपत्ति निर्माण कार्यक्रम के रूप में विकसित हुई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि वे मनरेगा को समाप्त करने पर क्यों तुली है। पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा है कि मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन की आर्थिक सर्वेक्षण की प्रस्तावना मोदी सरकार और उसकी नीतियों के खिलाफ तगड़ा अभियोग है। चिदंबरम ने कहा कि इस सरकार और इसकी हथियारबंद एजेंसियों पर कोई भरोसा नहीं करता है। नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण संसद में पेश किए जाने के बाद एक के बाद एक कई सोशल मीडिया पोस्ट में चिदंबरम ने लिखा, मुख्य आर्थिक सलाहकार की तैयार आर्थिक समीक्षा 2024-25 की प्रस्तावना पढ़कर मैं आनंदित हूं। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के शुरुआती 10 पाराग्राफ में चुनौतियों का सामना कर रहे अमेरिका और यूरोप के जिक्र के बाद अगले 10 पाराग्राफ में भारतीय अर्थव्यवस्था की दशा का वर्णन है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार और अब तक की उसकी नीतियों पर यह जोरदार अभियोग है।

## अतीक अहमद की तरह सौरभ शर्मा की हो सकती है हत्या

ग्वालियर, 31 जनवरी। उत्तर प्रदेश के अतीक अहमद की तरह परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की भी हत्या हो सकती है। यह बड़ा बयान सौरभ शर्मा के वकील राकेश पराशर ने दिया है। उनके द्वारा भोपाल कोर्ट में अर्जेंट हियरिंग के साथ एक आवेदन दायर किया गया है, जिसमें लोकायुक्त द्वारा न्यायालय द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन न किए जाने के संबंध में कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में 4 फरवरी को कोर्ट सुनवाई करेगा। वकील राकेश पराशर ने भोपाल कोर्ट में सौरभ शर्मा केस से जुड़ा महत्वपूर्ण आवेदन लगाया है, जिसमें सौरभ शर्मा की सुरक्षा में ब?ी चूक और लापरवाही को बताया गया है। सौरभ शर्मा के वकील राकेश पराशर का कहना है कि न्यायालय ने सौरव को रिमांड पर देने के साथ लोकायुक्त पुलिस को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए थे जिसमें विशेष रूप से सौरभ की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम रखना था, लेकिन कोहेफिजा थाने से लोकायुक्त ऑफिस तक सौरभ को खुले में ले जाया गया। इस दौरान लोकायुक्त के सभी अधिकारी सिविल ड्रेस में मौजूद रहे। पराशर ने कहा कि ऐसे हालातों के बीच जिस तरह पुलिस कस्टडी में अतीक अहमद की हत्या की गई थी उसी तरह सौरभ की भी हत्या की जा सकती है। इस आशंका को अब नकारा नहीं जा सकता है। यदि इन हालातों के बीच सौरभ की हत्या होती है तो सभी रिस्पांसिबल अधिकारियों के खिलाफ हत्या और उसके षड्यंत्र रचने की धाराओं में मामला दर्ज हो। इस कार्रवाई की मांग कोर्ट में आवेदन लगाकर की गई है। कोर्ट ने आवेदन को स्वीकार कर लिया है और अब इस मामले की सुनवाई 4 फरवरी को होगी। उम्मीद है कि कोर्ट इस मामले में सुनवाई के बाद लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेगी।

## अमेरिकी विमान हादसे के पीड़ितों में पाकिस्तान की एक महिला भी

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** संयुक्त राज्य अमेरिका में यात्री विमान और सैन्य हेलीकॉप्टर के बीच हवा में हुई टक्कर के पीड़ितों में एक पाकिस्तान की महिला असरा हुसैन रजा भी हैं। वह कंसास से अमेरिकन एयरलाइंस के विमान से वाशिंगटन लौट रही थीं। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूज इंटरनेशनल की खबर के अनुसार दुर्घटना से कुछ क्षण पहले 26 वर्षीय असरा ने अपने पति 25 वर्षीय हमाद रजा को संदेश भेजा था कि वह लगभग 20 मिनट में वाशिंगटन में उतरेगी। इस जोड़े की मुलाकात इंडियाना यूनिवर्सिटी ब्लूमिंगटन में कॉर्पोरेट फाइनेंस की पढ़ाई के वक्त हुई थी। इसके बाद असरा ने कोलंबिया विश्वविद्यालय से सार्वजनिक स्वास्थ्य में मास्टर डिग्री हासिल की और वाशिंगटन में नौकरी करने लगीं। वह काम के सिलसिले में विचिटा (कंसास) गई थीं। वापसी में विमान हादसे का शिकार हो गई। हमाद रजा अमेरिका के मिसौरी राज्य में रहते हैं। दो साल पहले दोनों ने शादी की थी। हमाद रजा के पिता डॉ. हाशिम रजा मूल रूप से कराची के रहने वाले हैं। वह मिसौरी बैपटिस्ट मेडिकल सेंटर में सेवारत हैं। इस हादसे पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया है। शहबाज ने एक्स पोस्ट में इस कठिन समय में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिकी लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## नेपाल के चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत निर्वाचन क्षेत्र आरक्षित करने का प्रस्ताव

**काठमांडू।** नेपाल निर्वाचन आयोग ने संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव किया है। यदि आयोग का यह प्रस्ताव पारित होता है तो अगले आम चुनाव से महिलाओं के लिए देश में 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित हो जाएंगी। प्रमुख निर्वाचन आयुक्त दिनेश थपलिया ने गृह मंत्रालय को भेजे प्रस्ताव में महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन में ही 33 प्रतिशत सीट आरक्षित करने का प्रस्ताव किया है। थपलिया का कहना है नेपाल के संवैधानिक प्रावधानों के मुताबिक नेपाल की महिलाओं को प्रत्यक्ष राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए यह प्रस्ताव किया गया है। संसद में वैसे तो अभी भी 33 प्रतिशत आरक्षित सीट हैं। लेकिन यह प्रत्यक्ष चुनाव के बदले समानुपातिक सीटों से पूरा किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव महिलाओं की संसद में बैक डोर इंट्री के बजाए प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रक्रिया से आगे लाने के लिए किया गया है। इस प्रस्ताव को गृह मंत्रालय की तरफ से पहले कैबिनेट की बैठक से पारित कराया जाएगा। उसके बाद संसद के दोनों सदनों से पारित करना अनिवार्य है। आयोग का मानना है कि संसद को जल्द निर्णय लेना चाहिए, जिससे इसे अगले चुनाव से लागू किया जा सके। उल्लेखनीय है कि देश के संविधान ने संसद के दोनों सदनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को सुनिश्चित किया है।

## अमेरिका में दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान का ब्लैक बॉक्स मिला, परीक्षण शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में रात आसमान में टकरा कर पोटोमैक नदी में गिरे यात्री विमान और सैन्य हेलीकॉप्टर में से विमान के ब्लैक बॉक्स को खोजने में सफलता मिल गई है। नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) ने इसकी पुष्टि की। सीएनएन की खबर के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकन एयरलाइंस के विमान (पीएसए एयरलाइंस बॉम्बार्डियर सीआरजे700 क्षेत्रीय जेट) से ब्लैक बॉक्स यानी फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर को बरामद कर लिया गया है। ब्लैक बॉक्स को राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड प्रयोगशाला में ले जाया गया। सैन्य हेलीकॉप्टर (सिकोरस्की एच-60) के ब्लैक बॉक्स की तलाश की जा रही है। बताया गया है कि बाल्टीमोर जिले के अमेरिकी सेना कोर ऑफ इंजीनियर्स की मदद से पोटोमैक नदी में गिरे विमान और हेलीकॉप्टर का मलबा हटाने का काम बेहद सावधानी से किया जा रहा है। विमान और हेलीकॉप्टर के 67 लोगों में से अधिकांश के शव मलबे में दबे होने की संभावना है। इस हादसे पर नेशनल एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स एसोसिएशन ने गहरा दुख जताया है। एसोसिएशन ने कहा कि दुख की घड़ी में यही कहा जा सकता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका विमानन सुरक्षा के मानक सर्वोच्च है।

## अमेरिका ने सीरिया में आतंकी कमांडर मोहम्मद सलाह अल-जबीर को मार गिराया

**टाम्पा (फ्लोरिडा)।** अमेरिका ने उत्तर-पश्चिमी सीरिया के इदलिब गवर्नरेट में एक ड्रोन हवाई हमले में अलकायदा से संबद्ध आतंकी समूह के कमांडर मोहम्मद सलाह अल-जबीर को मार गिराया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) और अरबी न्यूज बेवसाइट '+963' ने इसकी पुष्टि की। '+963' ने स्थानीय सूत्र के हवाले से कहा कि हमले में मारा गया मोहम्मद सलाह अल-जबीर हयात तहरीर अल-शाम का पूर्व नेता है। वह एक जीप में अपने एक विदेशी साथी के साथ था। ड्रोन ने इस जीप को निशाना बनाया। हमले में दोनों की मौत हो गई। अंतरराष्ट्रीय सैन्य गठबंधन के ड्रोन ने पिछले वर्षों में हयात तहरीर अल-शाम के आतंकियों और उत्तर-पश्चिमी सीरिया में रहने वाले आईएसआईएस के नेताओं को निशाना बनाकर कई हवाई हमले किए।

# अमेरिका में विमान हादसा : 18 शव बरामद, एयरलाइंस ने विमान में 60 यात्रियों के सवार होने का किया दावा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** वाशिंगटन डीसी में यात्री विमान व सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर में अब तक 18 लोगों का शव बरामद हुआ है। यात्री विमान का संचालन करने वाली अमेरिकन एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी के हवाले से बताया गया है कि ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। एयरलाइंस ने विमान में सवार यात्रियों के परिजनों के लिए एक हॉटलाइन नंबर जारी किया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि बुधवार को वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास एक यात्री विमान और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर के बीच हुई टक्कर के बाद पोटोमैक नदी से 18 शव बरामद किए गए हैं। सीएनएन ने बताया कि बचाव कार्य जारी रहने के दौरान नदी से कोई भी जीवित व्यक्ति नहीं निकाला जा सका है। एक अमेरिकी



रक्षा अधिकारी का हवाला देते हुए बताया गया है कि ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर में तीन सैनिक सवार थे। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि पेंटागन स्थिति की सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है और आवश्यकता पड़ने पर सहायता करने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, भयानक दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गई है और वह स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जैसे-जैसे स्थिति सामने आएगी, वह और अधिक जानकारी प्रदान करेंगे। ट्रंप ने हादसे को लेकर दुख जताया। उन्होंने अपने बयान कहा, 'मुझे रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुई भीषण दुर्घटना के बारे में अवगत करा दिया गया है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करें। इसके अलावा, राष्ट्रपति ने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे लोगों का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि हादसे के बाद स्थिति को सामान्य करने में जुटे सभी लोगों का धन्यवाद। बता दें कि अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के पास एक यात्री विमान व सेना के एक हेलीकॉप्टर के बीच टक्कर हो गई थी। विमान में 60 यात्री सवार थे। यह विमान कंसास सिटी से वाशिंगटन जा रहा था। इस दौरान यह हेलीकॉप्टर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने अमेरिकी मीडिया के हवाले से बताया कि विमान में 60 यात्री और 4 क्रू मेंबर्स सवार थे।

## ब्रिक्स देशों ने नयी मुद्रा बनायी तो उन्हें शतप्रतिशत आयात शुल्क का सामना करना पड़ेगा : ट्रम्प ने दोहराया



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ब्रिक्स देश डॉलर के खिलाफ अगर को नयी मुद्रा बनाते हैं तो वह उनके सामानों पर अमेरिका में 100 प्रतिशत आयात शुल्क लगायेंगे। श्री ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर कहा, 'वह समय अब नहीं रहा जब ब्रिक्स देश डॉलर से दूर जाने की कोशिश करते रहें और हम केवल खड़े होकर देखते रहें। हम चाहते हैं कि ब्रिक्स देश ऐसी प्रतिबद्धता जतायें कि वे न तो कोई नयी ब्रिक्स मुद्रा बनाएंगे, न ही किसी भी मुद्रा को अमेरिकी डॉलर की जगह पर लायेंगे। अन्यथा उन्हें 100 प्रतिशत आयात शुल्क का सामना करना पड़ेगा।' उन्होंने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर को किसी अन्य मुद्रा से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। श्री ट्रम्प ने कहा, 'वे चाहें तो किसी और देश को ढूंढ सकते हैं। इस बात की कोई संभावना नहीं है कि ब्रिक्स अंतरराष्ट्रीय व्यापार में या कहीं और अमेरिकी डॉलर को हटा सकता है। यदि कोई देश ऐसा करने की कोशिश करता है तो उसे भारी आयात शुल्क का स्वागत करने के लिये तैयार रहना होगा और उसे अमेरिका को अलविदा कहना होगा।'

## मेक्सिको ने दो प्रवासियों के साथ अमेरिका में मानवाधिकारों के उल्लंघन की शिकायत की

एजेंसी

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के विदेश मंत्रालय ने दो निर्वासित गैर-दस्तावेज प्रवासियों की ओर से अमेरिकी सरकार से शिकायत की है, जिन्होंने अमेरिकी अधिकारियों पर निर्वासन कार्यवाही के दौरान उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दो प्रवासी, मेक्सिको के एक पुरुष और ग्वाटेमाला की एक महिला ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार के बारे में बताया, जो नवीनतम निर्वासन उड़ानों के जरिये मेक्सिको पहुंचे। उन दोनों ने हालांकि यह नहीं बताया कि उनके साथ किस तरह का दुर्व्यवहार किया गया।मेक्सिको सिटी के नेशनल पैलेस में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सुश्री शीनबाम ने कहा कि विदेश मंत्रालय की ओर से अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा एजेंसी के खिलाफ शिकायत दर्ज करने, औपचारिक रूप से अमेरिकी



उल्लंघनों की निंदा करने और मामले की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया था। गौरतलब है कि अपने पुनर्निर्वाचन अभियान के दौरान, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पद संभालने के बाद अवैध अप्रवासियों को बड़े पैमाने पर निर्वासित करने का वादा किया था। श्री ट्रम्प के 20 जनवरी को शपथ ग्रहण करने के बाद अमेरिका के कई हिस्सों में निर्वासन अभियान तेज हो गए हैं, जिनमें कथित तौर पर अपराधियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। नागरिक उड़ानों में 20-26 जनवरी को सवार 5,282 प्रवासी अमेरिका से मेक्सिको लौट आए, जिनमें 4,083 मेक्सिको की राष्ट्रीयता वाले थे। कुल 527 प्रवासी (उनमें से 355 मेक्सिको की राष्ट्रीयता वाले थे) 27 जनवरी को मेक्सिको लौट आये और 28 जनवरी को 435 अन्य लौटे।

श्री ट्रम्प ने बुधवार को पेंटागन और होमलैंड सिक्योरिटी विभाग को क्यूबा के दक्षिणपूर्वी तट पर स्थित अमेरिकी नौसैनिक अड्डे ग्वांतानामो बे में 30 हजार प्रवासियों को रखने की सुविधा तैयार करने का आदेश दिया।

## पूर्व सीनेटर बॉब मेनेंडेज को रिश्वतखोरी मामले में 11 साल की सजा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** पूर्व डेमोक्रेट सीनेटर बॉब मेनेंडेज को रिश्वतखोरी के एक मामले में 11 साल की सजा सुनाई गई है। वो विदेशी एजेंटों से घूस लेने के दोषी ठहराए गए थे। संघीय न्यायाधीश सिडनी स्टीन ने बुधवार को 71 वर्षीय मेनेंडेज को यह सजा सुनाते हुए कहा, ÷आप हमारी राजनीतिक व्यवस्था के शीर्ष पर थे लेकिन आप अपना रास्ता भूल गए और जनता की भलाई के लिए काम करने की बजाय आप अपनी भलाई के लिए काम करने लगे। न्यू जर्सी का प्रतिनिधित्व करने वाले मेनेंडेज को नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज बेंज कार मिली थी।

उन्हें जुलाई में मिस्र के एजेंट के रूप में कार्य करने, रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और षड्यंत्र सहित 16 आरोपों में दोषी ठहराया गया था। उनकी पत्नी नादिन मेनेंडेज पर भी आरोप हैं, लेकिन उनका मुकदमा स्थगित है क्योंकि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं।

रिश्वत देने वाले दो व्यापारियों को भी जेल की सजा और 1 मिलियन डॉलर से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया। एक अन्य व्यापारी ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया और अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर पेश होकर सरकारी गवाह बन गया।

इस मामले में कतर का नाम तो आया, लेकिन सीधे तौर पर इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं थी। अभियोजकों ने कहा कि रियल एस्टेट डेवलपर को वहां से वित्तपोषण प्राप्त करने में मदद करने के लिए मेनेंडेज ने राज्य के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की।मेनेंडेज सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष थे और 2023 में उन पर आरोप लगाए जाने पर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिससे उनका 18 साल का कार्यकाल समाप्त हो गया था।

वह 2017 में दोषसिद्धि से बच गए थे क्योंकि एक विभाजित जूरी उन्हें अन्य भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराने में विफल रही थी, लेकिन 2024 में वह कानून की गिरफ्त में आ गए। दया की गुहार लगाते हुए, मेनेंडेज ने खुद को एक पापग्रस्त व्यक्ति÷ कहा था और अदालत से कहा था कि, परिवार के अलावा, मैंने वह सब कुछ खो दिया है जिसकी मुझे कभी परवाह थी।

## जॉर्डन ने गाजा में सहायता सामग्री पहुंचाने के लिए भेजे 16 हेलीकॉप्टर

एजेंसी

**अम्मान ।** इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधक रिहाई समझौते के बाद गाजा में सहायता भेजने का सिलसिला जारी है। इस बीच, जॉर्डन ने गाजा में सहायता पहुंचाने के अपने प्रयासों के तहत 16 सहायता हेलीकॉप्टर को युद्ध प्रभावित क्षेत्र में भेजा है। न्यूज एजेंसी ने सरकारी पेट्रा समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि हेलीकॉप्टरों में 20 टन मानवीय और राहत सामग्री भेजी गई है, जिसे जॉर्डन हशमाइट चैरिटी संगठन और कई अन्य देशों के सहयोग से भेजा गया है।जॉर्डन लगातार गाजा में सहायता पहुंचाने के तरीकों में विविधता ला रहा है, जिसमें सैन्य हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल, चिकित्सा उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवा वस्तुओं के परिवहन में तेजी लाने के लिए किया जा रहा है। पेट्रा ने बताया कि मानवीय सहायता सामग्री पहुंचाने का काम आठ दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें प्रतिदिन 16 विमान उड़ान भरेंगे। मिस्र की राज्य सूचना सेवा (एसआईएस) की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले मिस्र ने राफा सीमा के माध्यम से गाजा पट्टी में 310 मानवीय सहायता सामग्री से भरे ट्रक भेजे थे। एसआईएस रिपोर्ट में कहा गया है, काफिले में ईंधन से लदे 20 ट्रक शामिल हैं। ये ट्रक गाजा में पहुंचाए जाने से पहले इजरायल की ओर से निरीक्षण के लिए अल-औजा (नित्जाना) और केरेम शालोम क्रॉसिंग से गुजरेंगे। इससे पहले जनवरी में जॉर्डन के विदेश मंत्री अयमान सफादी ने एक समझौते तक पहुंचने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए जॉर्डन और डेनमार्क के बीच स्थिति के अलाइनमेंट पर जोर दिया, जिससे गाजा पर हमले को रोका जा सके।

## इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रिहा किए गए बंधकों का स्वागत किया

एजेंसी

**जेरूसलम ।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास की कैद से रिहा किए गए तीन इजरायली नागरिकों- अगम बर्जर, अर्बेल येहुद और गादी मूसा का स्वदेश में स्वागत किया।

तीनों को छोड़ा गया। नेतन्याहू ने एक बयान जारी कर रिहाई के तरीके को लेकर हमास की आलोचना भी की। उन्होंने कहा, अगम, अर्बेल और गादी का स्वागत है।पूरे इजरायल के साथ ही हम (नेतन्याहू और उनकी पत्नी) आपका तहे दिल से स्वागत करते हैं। नेतन्याहू ने कहा, यह रिहाई, सबसे पहले, हमारे वीर सैनिकों की बदौलत मुमकिन हुई, और यह उस दृढ़ रुख का भी नतीजा है जो हमने बातचीत के दौरान अपनाया था। हालांकि, प्रधानमंत्री ने इनकी रिहाई को लेकर हमास द्वारा अपनाए गए तरीके पर भी सवाल उठाए। बोले, यह स्पष्ट कर दिया है कि हम अपने बंधकों को लेकर कोई भी रिस्क लेने



हम समझौते के उल्लंघन को स्वीकार नहीं करेंगे। आज हमारे बंधकों की रिहाई के दौरान, हम सभी ने चौंकाने वाले दृश्य देखे। हमने मध्यस्थों को तैयार नहीं हैं। लेकिन कोई भी हमारे बंधकों को नुकसान पहुंचाने की हिम्मत करेगा, उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। गाजा से रिहा किए गए तीन इजरायली बंधकों का नाम पहले इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा दिया गया था, जिसने यह भी पुष्टि की कि पांच थाई नागरिकों को भी मुक्त कर दिया गया था। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने गाजा में रिहा किए गए पांच थाई नागरिकों की पहचान की पुष्टि की।

इनके नाम पोंगसाक थन्ना, साथियान सुवानाखम, वाचारा श्रीओन, बन्नावत सैथाओ और सुरसाक लम्नाओ हैं। हमास के अनुसार, इजरायली अधिकारियों ने संघर्ष विराम और बंधक समझौते के तहत 110 फिलिस्तीनी कैदियों को भी रिहा कर दिया, जिनमें से 32 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। इनमें 30 बच्चे थे, और 48 को हाई सेंटेंस श्रेणी वाले कैदी थे।

## तुर्किए के राष्ट्रपति ने हमास प्रतिनिधिमंडल से की मुलाकात

एजेंसी

**अंकारा।** तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने हमास प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें शूरा परिषद के प्रमुख मुहम्मद दरवेश भी शामिल थे। एर्दोगन के कार्यालय ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी।

बयान में कहा गया कि बैठक में विदेश मंत्री हकन फिदान, राष्ट्रीय खुफिया संगठन के प्रमुख इब्राहिम कालिन, राष्ट्रपति संचार निदेशक फहरेटिन अल्तुन, विदेश नीति और सुरक्षा के वरिष्ठ सलाहकार अकिफ कैगाटे किलिक और राष्ट्रपति के चीफ ऑफ स्टाफ हसन डोगन सहित प्रमुख तुर्किए अधिकारियों ने भाग लिया। अर्ध-आधिकारिक अनादोलु एजेंसी के हवाले से सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि एर्दोगन ने बैठक में प्रतिनिधिमंडल से कथित तौर पर गाजा युद्ध विराम के सफल समापन की आशा व्यक्त करते हुए कहा कि तुर्किए गाजा में वास्तविकताओं को उजागर करना जारी रखेगा। एर्दोगान ने अक्सर



फिलिस्तीनी मुद्दे पर तुर्किए के कड़े रुख को व्यक्त किया है और संघर्ष के संबंध में हमास और अंतर्राष्ट्रीय प्लेयर्स दोनों के साथ संवाद बनाए रखा है।

19 जनवरी को इजरायल और हमास के बीच तीन-चरणीय युद्धविराम समझौता प्रभावी हुआ, जिसने छह सप्ताह की शांति की शुरुआत की और गाजा पर 15 महीने से चल रहे इजरायली हमलों के अंत की उम्मीद जगाई, जिसने एन्क्लेव को तबाह कर दिया और वहां बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों की रिहाई की उम्मीद जगाई। शनिवार को, रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति ने युद्धविराम समझौते की प्रारंभिक शर्तों के तहत कार्यान्वित हमास और इजरायल के बीच कैदी-बंधक विनिमय के दूसरे चरण के पूरा होने की घोषणा की। इससे पहले दिन में, इजरायली सूत्रों ने कहा कि इजरायल को गाजा में हमास की कैद से रिहा होने वाले बंधकों की एक सूची मिली है, जिसमें तीन इजरायली और पांच थाई नागरिक शामिल हैं।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि बंधकों के तीसरे बैच की अपेक्षित रिहाई से पहले फिलिस्तीनी सशस्त्र समूह द्वारा मध्यस्थों को सूची सौंपी गई थी। इससे पहले गाजा में दूसरी बार बंधकों की अदला-बदली हुई थी, जब हमास ने 200 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले चार महिला इजरायली सैनिकों को रिहा किया था। यह 19 जनवरी से शुरू हुए छह सप्ताह के युद्ध विराम का हिस्सा था।

## पूर्व सीनेटर बॉब मेनेंडेज को रिश्वतखोरी मामले में 11 साल की सजा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क ।** पूर्व डेमोक्रेट सीनेटर बॉब मेनेंडेज को रिश्वतखोरी के एक मामले में 11 साल की सजा सुनाई गई है। वो विदेशी एजेंटों से घूस लेने के दोषी ठहराए गए थे। संघीय न्यायाधीश सिडनी स्टीन ने बुधवार को 71 वर्षीय मेनेंडेज को यह सजा सुनाते हुए कहा, आप हमारी राजनीतिक व्यवस्था के शीर्ष पर थे लेकिन आप अपना रास्ता भूल गए और जनता की भलाई के लिए काम करने की बजाय आप अपनी भलाई के लिए काम करने लगे। न्यू जर्सी का प्रतिनिधित्व करने वाले मेनेंडेज को नकदी, सोने की छड़ें और एक मर्सिडीज बेंज कार मिली थी। उन्हें जुलाई में मिस्र के एजेंट के रूप में कार्य करने, रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी और षड्यंत्र सहित 16 आरोपों में दोषी ठहराया गया था।उनकी पत्नी नादिन मेनेंडेज पर भी आरोप हैं, लेकिन उनका मुकदमा स्थगित है क्योंकि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं। रिश्वत देने वाले दो व्यापारियों को भी बुधवार को जेल की सजा और 1



मिलियन डॉलर से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया। एक अन्य व्यापारी ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया और अभियोजन पक्ष के गवाह के तौर पर पेश होकर सरकारी गवाह बन गया। इस मामले में कतर का नाम तो आया, लेकिन सीधे तौर पर इसमें उसकी कोई भूमिका नहीं थी। अभियोजकों ने कहा कि रियल एस्टेट डेवलपर को वहां से वित्तपोषण प्राप्त करने में मदद करने के लिए मेनेंडेज ने राज्य के बारे में सकारात्मक टिप्पणियां की। मेनेंडेज सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष थे और 2023 में उन पर आरोप लगाए जाने पर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था जिससे उनका 18 साल का कार्यकाल समाप्त हो गया था।

## इस्लामाबाद हाई कोर्ट से 2023 दंगा मामलों के 10 दोषियों की सजा निलंबित

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद हाई कोर्ट (आईएचसी) ने दो साल पहले नौ मई, 2023 के दंगा मामलों में 10 दोषियों की सजा निलंबित कर दी। जस्टिस मोहसिन अख्तर कियानी और जस्टिस सरदार इजाज इशाक खान की खंडपीठ ने दोषियों में से प्रत्येक को 25 हजार रुपये के जमानत बांड पेश करने का आदेश दिया। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर के अनुसार इससे पहले आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) ने 22 नवंबर को दोषियों को पांच साल और 10 महीने की कारावास की सजा सुनाई थी।

**कौमी पत्रिका**

संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

Corporate Office:
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

E - mail address :
qpatrika@gmail.com
Website: www.qaumipatrika.in

R.N.I. No.
UP-HIN/2007/21472

Legal Advisors:
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# अमेरिकी सीनेट में सनातन की 'गूंज', काश पटेल ने 'जय श्री कृष्ण' कहकर जीता दिल

एजेंसी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एफबीआई प्रमुख के तौर पर नामित कश्यप 'काश' पटेल का दो वीडियो तेजी से इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। दरअसल ये दोनों वीडियो सीनेट न्यायपालिका समिति के समक्ष पटेल की 'कन्फर्मेशन' सुनवाई के हैं।

एक वायरल वीडियो में, भारतीय मूल के वकील पटेल सीनेट में सुनवाई से पहले अपने माता-पिता के पैर छूने के लिए झुकते हुए दिखाई दे रहे हैं। दूसरे वीडियो में पटेल अपने माता-पिता का परिचय कराते हुए 'जय श्री कृष्ण' बोलते हैं। वह कहते हैं, 'मैं अपने पिता प्रमोद और अपनी मां अंजना का स्वागत करना चाहूंगा, जो आज यहां बैठे हैं। वे भारत से यहां आए हैं। मेरी बहन निशा भी यहां हैं। वह भी मेरे साथ रहने के लिए महासागर पार से आई हैं। आप




लोगों का यहां होना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। जय श्री कृष्ण।पटेल कहते हैं कि वे न केवल अपने माता-पिता के सपनों को लेकर चल रहे हैं, बल्कि न्याय, निष्पक्षता और कानून के शासन के पक्ष में खड़े लाखों अमेरिकियों की उम्मीदों को भी आगे लेकर जा रहे हैं। पटेल ने बताया कि उनके पिता युगांडा में इदी अमीन की नरसंहारकारी तानाशाही से बचकर भाग गए थे, जहां तीन लाख पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को उनकी जातीयता के आधार पर मार दिया गया था %सिर्फ इसलिए कि वे मेरे जैसे दिखते थे।पटेल का कानून और राष्ट्रीय सुरक्षा में लंबा करियर रहा है। उन्होंने एक सार्वजनिक वकील के रूप में शुरुआत की, राज्य और संघीय अदालतों में हत्या से लेकर वित्तीय अपराधों तक के जटिल मामलों की सुनवाई की।

बाद में वे न्याय विभाग (डीओजे) में चले गए जहां उन्होंने आतंकवाद के अभियोजक के रूप में काम किया। उनके पास अल-कायदा और आईएसआईएस से जुड़े अपराधियों के अभियोजन की जिम्मेदारी रही। पटेल के करियर में टर्निंग प्वाइंट 2019 में आया जब उन्हें ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में एंट्री हुई। बाद में ट्रंप के राष्ट्रपति पद के अंतिम महीनों के दौरान कार्यवाहक रक्षा सचिव के चीफ ऑफ स्टॉफ के रूप में नियुक्त किया।

# मुस्तफाबाद की जनता मुझसे इतना प्यार करती है कि मुझे देखते ही रोना शुरू कर देती है : ताहिर हुसैन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुस्तफाबाद से एआईएमआईएम के प्रत्याशी ताहिर हुसैन को सुप्रीम कोर्ट से कस्टडी पैरोल मिलने के बाद उन्होंने मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे, जो सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे थे। ताहिर हुसैन ने कहा कि उन्हें चुनाव प्रचार के दौरान पंचायतों से भारी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने हमेशा सभी धर्मों का सम्मान किया, लेकिन उन्हें झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेजा गया। उन्होंने कहा, आम जनता के दिल में मेरे लिए बहुत प्यार है। लोग मेरे साथ जुड़ रहे हैं। जनता मुझे देखते ही रोना शुरू कर देती है। जब मैं उन्हें देखता हूं तो मेरे अंदर भी भावनाएं जाग जाती हैं और मेरे भी आंखों में आंसू आ जाते हैं। इससे ज्यादा मैं कुछ कहना नहीं चाहता। आम लोग खुद पांच फरवरी को आपको बता देंगे। आम लोगों का व्यापक समर्थन मेरे साथ है। पांच फरवरी को मेरे पक्ष में वोटिंग होगी और 8 फरवरी को मैं पतंग चुनाव निशान पर विधायक बन जाऊंगा। ताहिर हुसैन ने कहा, मुस्तफाबाद दिल्ली में पहली ऐसी सीट होगी, जहां एआईएमआईएम का खाता खुलेगा और मैं विधायक बनूंगा।

# महाकुंभ में भगदड़ के बाद सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल, सुरक्षा समेत अन्य व्यवस्था बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में भगदड़ मचने से 30 लोगों की मौत के बाद अधिवक्ता विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल दायर कर वहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था के अलावा सभी राज्यों के फैसिलिटेशन सेंटर, मेडिकल स्टाफ, इलेक्ट्रॉनिक मैसेजिंग आदि व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।अधिवक्ता विशाल तिवारी ने बात करते हुए बताया, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक हृदय विदारक घटना हो गई। इस घटना में करीब 30 लोगों की मौत हो गई। इसको लेकर हमने उच्चतम न्यायालय में एक पीआईएल दायर की है। इस पीआईएल में हमने पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है। यह किसी एक राज्य का इवेंट नहीं है, सारे राज्यों से लोग वहां जा रहे हैं तो इस इवेंट को लेकर सभी राज्यों की सामूहिक जिम्मेदारी हो। देश के सभी राज्य प्रयागराज में अपने फैसिलिटेशन सेंटर खोलें। ताकि उन सेंटर्स पर समस्त राज्यों से आ रहे लोगों को आसानी से सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा पूरे शहर में डिस्प्ले और अनाउंस बोर्ड हिंदी में लगे हैं। जबकि देश के हर राज्य से श्रद्धालु आ रहे हैं।

# तुलसी संस्था की युवा वोटर्स अपील

दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए 2 लाख 8 हजार वोटर पहली बार अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। तुलसी संस्था




महासचिव कंचन गुप्ता ने सभी युवा वोटर्स से अपील की है की वे बहकावे में ना आए, सही सरकार चुनें, आपका वोट कीमती है। मताधिकार आपका मौलिक अधिकार है। अपना वोट सही उम्मीदवार को देकर सरकार बनाने में भागीदारी निभाए।

# शाह ने गुजरात में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और राज्य सरकार से 30 अप्रैल तक सभी आयुक्तालयों में इनका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की बात कही।

गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शामिल हुये और बैठक में गुजरात पुलिस, जेल, अदालतों, अभियोजन और फोरेंसिक से संबंधित विभिन्न नए प्रावधानों के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की पर समीक्षा की। श्री शाह ने चर्चा के दौरान कहा कि तीनों नए आपराधिक कानूनों का सार किसी भी मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट (प्राथमिकी) दर्ज होने से लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले तक तीन साल के भीतर न्याय देने के प्रावधान में निहित है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने में गुजरात सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों की सराहना की और कहा कि राज्य सरकार को 30 अप्रैल तक सभी आयुक्तालयों के साथ ही जल्द से जल्द पूरे राज्य में नए आपराधिक कानूनों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा मासिक, राज्य के गृह मंत्री द्वारा पाक्षिक तथा मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) और पुलिस महानिदेशक के स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जानी चाहिए।

श्री शाह ने कहा कि गुजरात ने 10 वर्ष से अधिक की सजा वाले 92 प्रतिशत से अधिक मामलों में समय पर आरोप पत्र दाखिल करने में सराहनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि गुजरात ने जीरो प्राथमिकी को शत-प्रतिशत नियमित एफआईआर में परिवर्तित करने में सराहनीय कार्य किया है और एक ऐसी प्रणाली स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया, जहां अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम (सीसीटीएनएस) के माध्यम से दो राज्यों के बीच प्राथमिकी स्थानांतरित की जा सके।

गृह मंत्री ने यह भी सुझाव दिया कि गुजरात को सीसीटीएनएस 2.0 अपनाना चाहिए। उन्होंने नए कानूनों में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के प्रावधान के बारे में उल्लेख किया कि राज्य के गृह और स्वास्थ्य विभागों को यह सुनिश्चित करने के लिए बैठकें करनी चाहिए कि अस्पतालों से पोस्टमार्टम और अन्य चिकित्सा रिपोर्ट इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त हों। श्री शाह ने कहा कि पुलिस को इलेक्ट्रॉनिक डैशबोर्ड पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए लोगों का विवरण, जब्त किये गये सामान की सूची और अदालतों को भेजे जाने वाले मामलों के साथ उन्हें उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने राज्य के पुलिस महानिदेशक को इन मामलों की निरंतर निगरानी करने के निर्देश भी दिए। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए एक परिपत्र जारी करना चाहिए कि संगठित अपराध, आतंकवाद, भीड़ द्वारा हत्या के प्रावधानों का दुरुपयोग न हो। बैठक में गुजरात के गृह राज्य मंत्री, केंद्रीय गृह सचिव, राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के महानिदेशक और केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# यमुना को प्रदूषित करने का मुद्दा उठाती रहेगी 'आप' : प्रियंका कक्कड़

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने समाचार एजेंसी बात करते हुए एक बार फिर हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी को गंदा करने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि 'आप' यमुना को प्रदूषित करने का मामला उठाती रहेगी। प्रियंका कक्कड़ ने कहा, 'हम बार-बार दिल्ली की जनता के हक में आवाज उठाते ही रहेंगे। हम बता रहे हैं कि यमुना का जो पानी हरियाणा से दिल्ली में छोड़ा जा रहा है, उसमें अमोनिया की मात्रा 6.5 पीपीएम से 7.2 पीपीएम के बीच है, जो शरीर के लिए बहुत खतरनाक है। जैसे ही हम आवाज उठाते हैं कि वैसे ही यह स्तर घटकर 3 पीपीएम रह जाता है। इससे साफ है कि यह उनके नियंत्रण में है। आज हम अमोनिया और क्लोरीन वाला पानी उनके लिए लेकर आए हैं, पानी पीकर वे बताएं कि पानी साफ है या नहीं? इस मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल को चुनाव आयोग के नोटिस के बारे में उन्होंने कहा, ÷उनको जो करना है करने दीजिए। अरविंद केजरीवाल कौन सा जेल जाने से डरते हैं? उनको पहले भी फर्जी केस में जेल भेजा गया था। अब उन्होंने दिल्ली की सेहत का मुद्दा उठाया है, जो बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसीलिए वे सजा दे रहे हैं।'

**मुंबई।** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 2,518 करोड़ रुपये का सकल शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2208 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा कि चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही के दौरान उसका परिचालन राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि के 6,920 करोड़ रुपये की तुलना में 15 प्रतिशत बढ़कर 7,964 करोड़ रुपये हो गया। निजी बंदरगाह संचालक ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 11.3 करोड़ मीट्रिक टन कार्गो परिवहन किया, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक है। एपीएसईजेड भारत में सबसे बड़ा निजी बंदरगाह डेवलपर और संचालक है, जिसके पश्चिमी तट पर 7 रणनीतिक रूप से स्थित बंदरगाह और टर्मिनल हैं जिसमें गुजरात में कांडला, दहेज और हजीरा में मुंद्रा, टूना टेकरा और बर्थ 13, गोवा में मोरमुगाओ, महाराष्ट्र में दिघी और केरल में विझिनजाम; और पूर्वी तट पर 8 बंदरगाह और टर्मिनल हैं जिसमें पश्चिम बंगाल में हल्दिया, ओडिशा में धामरा और गोपालपुर, आंध्र प्रदेश में गंगावरम और कृष्णपट्टनम, तमिलनाडु में कट्टुपल्ली और एन्नोर तथा पुडुचेरी में कराईकल शामिल है।

## बीएसएनएल ने मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए बीआईटीवी किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर ओटीटीप्ले के साथ मिलकर बीएसएनएल एंटरटेनमेंट-एक अभिनव इंटरनेट टीवी सेवा शुरू की है। सेवा पूरे भारत में बीएसएनएल मोबाइल उपयोगकर्ताओं को प्रीमियम चैनलों सहित 450 से अधिक लाइव टीवी चैनलों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करती है। पुडुचेरी में पायलट लॉन्च के बाद, बीआईटीवी अब अपने उपयोगकर्ताओं के लिए विश्व स्तरीय मनोरंजन लाने के बीएसएनएल के दृष्टिकोण के तहत पूरे भारत में लॉन्च किया जा रहा है। बीएसएनएल इंटरटेनमेंट के साथ, बीएसएनएल ग्राहक भक्तिफ्लिक्स, शॉर्टफंडली, कांचा लंका, स्टेज, ओम टीवी, प्लेफ्लिक्स, फैनकोड, डिस्ट्रो, हबहॉपर और रन टीवी जैसे ओटीटी तक पहुंच सकते हैं, साथ ही 450 से अधिक लाइव टीवी चैनल, ब्लॉकबस्टर फिल्में और वेब सीरीज भी देख सकते हैं। बीएसएनएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक राबर्ट जे रवि ने कहा, बीआईटीवी के साथ, हमारे भागीदारों के माध्यम से, बीएसएनएल हर ग्राहक को 'कभी भी, कहीं भी', निःशुल्क मनोरंजन तक पहुँचने की शक्ति दे रहा है, चाहे वे किसी भी प्लान पर हों। बीआईटीवी डिजिटल समावेशन के लिए बीएसएनएल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है और बीएसएनएल इस अभूतपूर्व सेवा के माध्यम से क्रांति लाने वाली पहली दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों में से एक होगी।

## एयरटेल अफ्रीका का शुद्ध लाभ 13.3 करोड़ डॉलर रहा

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के अफ्रीका परिचालन ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 13.3 करोड़ डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया है जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 60 लाख डॉलर का घाटा हुआ था। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों के साथ एक नियामक फाइलिंग में कहा कि परिचालन से कंपनी का शुद्ध राजस्व 123.8 करोड़ डॉलर के मुकाबले समीक्षाधीन तिमाही के दौरान दो प्रतिशत बढ़कर 1,26.8 करोड़ डॉलर रहा। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील तलदार ने कहा, ÷हमने पिछली तिमाही में परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दोनों में सुधार किया है, जो हमारी परिष्कृत रणनीति से प्रेरित है जो सभी टचपॉइंट्स पर शानदार ग्राहक अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। इसका एक महत्वपूर्ण घटक सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का नेटवर्क प्रदान करना, ग्राहक यात्रा को डिजिटल बनाना और सरल बनाना है। गति और गुणवत्ता निष्पादन पर हमारा ध्यान हमें अपने बाजारों और व्यावसायिक क्षेत्रों में विकास के लिए पर्याप्त अवसरों को अनलॉक करने में सक्षम बनाता है, जहां मांग महत्वपूर्ण बनी हुई है।

# जीबी लॉजिस्टिक्स की 20 प्रतिशत घाटे के साथ लिस्टिंग, कारोबार शुरू करते ही लगा लोअर सर्किट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लॉजिस्टिक्स सेक्टर की कंपनी जीबी लॉजिस्टिक्स कॉमर्स लिमिटेड के शेयरों की लिस्टिंग से आज कंपनी के निवेशकों को जबरदस्त नुकसान हुआ। कंपनी के शेयरों की स्टॉक मार्केट में जोरदार डिस्काउंट के साथ एंट्री हुई। इसके थोड़ी देर बाद ही ये शेयर गिरकर लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी देर बाद ही लिवाली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर लोअर सर्किट ब्रेक करके कारोबार करने लगा। आपको बता दें कि आईपीओ के तहत कंपनी ने 102 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर 20 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 81.60 रुपये के स्तर पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के तुरंत बाद बिकवाली के दबाव के कारण थोड़ी ही देर में ये शेयर 77.55 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। हालांकि थोड़ी ही देर बाद एक बार फिर लिवाली शुरू होने से ये शेयर लोअर सर्किट ब्रेक करके कारोबार करने लगा। सुबह 11 बजे तक के कारोबार के बाद जीबी लॉजिस्टिक्स कॉमर्स लिमिटेड के शेयर 82 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। जीबी लॉजिस्टिक कॉमर्स लिमिटेड का 25.07 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 28 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 184.64 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 25.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 543.55 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 121.88 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 24.58 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपने पुराने कर्ज की अदायगी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 2023-24 में कंपनी का कंसोलिडेटेड रेवेन्यू 115.62 करोड़ रुपये रहा था। इस दौरान कंपनी को 4.86 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को 2.53 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इसी तरह इस अवधि में कंपनी 50.85 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है। इसके साथ ही कंपनी पर 20.07 करोड़ रुपये का कर्ज भी लदा हुआ है।

## सैजिलिटी इंडिया ने ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस का अधिग्रहण किया

एजेंसी

**बेंगलुरु/नई दिल्ली।** सैजिलिटी इंडिया लिमिटेड ने ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस का अधिग्रहण किया है। सैजिलिटी इंडिया ने ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस को करीब 502 करोड़ रुपये में अधिग्रहित किया, यह सौदा 100 फीसदी नकद लेन-देन के रूप में संरचित है। इस अधिग्रहण के साथ सैजिलिटी का लक्ष्य मध्य-बाजार भुगतान खंड में विकास को गति देना है। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अग्रणी तकनीक-सक्षम व्यवसाय संचालन समाधान और सेवा प्रदाता सैजिलिटी इंडिया ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर सॉल्यूशंस के अधिग्रहण से कंपनी के ग्राहक आधार का विस्तार, सेवा पेशकशों में वृद्धि और वित्तीय तालमेल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे बाजार में इसकी अग्रणी स्थिति मजबूत होगी। ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर अमेरिका और फिलीपींस में 1600 से ज्यादा कर्मचारियों के साथ घर से काम करने की सुविधा प्रदान करता है।

इसके सेवा पोर्टफोलियो में सदस्य जुड़ाव, सदस्य अधिग्रहण, दावे और अपील प्रशासन, प्रदाता नामांकन और क्रेडेंशियल शामिल हैं। कंपनी ने बताया कि ब्रॉडपाथ हेल्थकेयर का यह अधिग्रहण सैजिलिटी इंडिया की बाजार उपस्थिति का काफी विस्तार करता है, जो 30 से अधिक नए ग्राहकों को जोड़ता है। यह यूएस में शीर्ष दस सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजनाओं में सैजिलिटी की स्थिति को और मजबूत करता है।

# एचएम एलेक्ट्रो मेक की फीकी लिस्टिंग से निवेशक निराश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में काम करने वाली कंपनी एचएम इलेक्ट्रो मेक ने आज घरेलू शेयर बाजार में मामूली बढ़त के साथ एंट्री की। कंपनी के शेयर आज 8 प्रतिशत प्रीमियम के साथ बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हुए। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये शेयर लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। आईपीओ के तहत कंपनी ने 75 रुपये के भाव पर शेयर जारी किए थे। आज इसकी लिस्टिंग 81 रुपये के स्तर पर हुई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही ये शेयर टूट कर 76.95 के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली करके लोअर सर्किट ब्रेक करने में सफलता हासिल कर ली। सुबह 11 बजे तक के कारोबार के बाद कंपनी के शेयर 77.11 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। एचएम इलेक्ट्रो मेक का 27.74 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 28 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। ये आईपीओ ओवरऑल 91.75 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें



क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 16.01 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 183.65 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 95.55 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 36.99 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक 2023-24 में कंपनी को 117.30 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था, जबकि कंपनी का शुद्ध लाभ 8.19 करोड़ रुपये दर्ज किया गया था। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को 3.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। वहीं इस अवधि में कंपनी 45.43 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है।

# सर्राफा बाजार में तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बजट के एक दिन पहले आज सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज सोना 150 से 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी ने भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 83,180 रुपये से लेकर 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 76,260 रुपये से लेकर 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 98,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल



कीमत 83,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 83,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## चीनी उद्योग में जीडीपी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन फीसदी करने की क्षमताः गडकरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि चीनी उद्योग में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाकर तीन फीसदी करने की क्षमता है। फिलहाल चीनी उद्योग की जीडीपी में हिस्सेदारी 1.0 से 1.15 फीसदी है। उन्होंने गन्ने का प्रति एकड़ उत्पादन बढ़ाने की जरूरत भी बतायी। केंद्रीय मंत्री ने नई दिल्ली में चीनी मंडी की ओर से आयोजित चीनी-इथेनॉल और जैव ऊर्जा भारत सम्मेलन (एसईआईसी) 2025 के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारतीय चीनी उद्योग देश की जीडीपी में तीन प्रतिशत योगदान देने की क्षमता रखता है। नितिन गडकरी ने अपने संबोधन में चीनी, इथेनॉल और बायोएनर्जी के अभिसरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने नीतिगत उन्नति, तकनीकी नवाचारों और जैव ईंधन अर्थव्यवस्था को आकार देने वाले उभरते बाजार की गतिशीलता के माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता में उनकी भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैव ईंधन और सर्कुलर अर्थव्यवस्था सिद्धांतों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ चीनी उद्योग हरित भविष्य को आगे बढ़ाने, कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और ग्रामीण आर्थिक विकास को बढ़ाने में सबसे आगे है। गडकरी ने कहा कि सरकार ने देश में वैकल्पिक ईंधन के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने कहा कि सरकार अब इथेनॉल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कदम उठा रही है। केंद्रीय कैबिनेट ने एक दिन पहले चीनी विपणन वर्ष 2024-25 के लिए सी श्रेणी के शीरे से प्राप्त इथेनॉल की कीमत (एक्स-मिल) 1.69 रुपये बढ़ाकर 57.97 रुपये प्रति लीटर करने को अपनी मंजूरी दी है, जबकि अन्य कच्चे माल के लिए दरों को अपरिवर्तित रखा।

# श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवर मार्च तक तैयार हो जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवर इस साल मार्च तक तैयार हो जाएगा। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर तीन समितियां बनाएंगे, जो परामर्श करेंगी और कल्याणकारी उपाय के लिए स्थायी मॉडल विकसित करेंगी। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और सचिवों के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी।

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री की अध्यीक्षता में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्रियों और श्रम सचिवों के साथ आज समाप्त हुई दो दिवसीय कार्यशाला में इस मुद्दे पर विचार-विमर्श के बाद व्यापक सामाजिक सुरक्षा के ढांचे पर आम सहमति बनी। इस अवसर पर डॉ. मांडविया



ने कहा कि गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के साथ-साथ भवन एवं निर्माण श्रमिकों के लिए श्रमिक कल्याण, भारत सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दो दिनों तक चले पांच सत्रों के दौरान दस से अधिक विषयों पर व्यापक चर्चा की गई और इनपुट एकत्र किए गए। इसके साथ ही पांच-पांच राज्यों की तीन समितियां गठित की गईं। कार्यशाला के दौरान हुई चर्चा के आधार पर ये समितियां विचार-विमर्श करेंगी और श्रमिकों के लिए व्यापक सामाजिक सुरक्षा कवरेज के लिए एक संपोषित मॉडल तैयार करेंगी, जिसे मार्च 2025 में प्रस्तुत किया जाएगा।केंद्रीय मंत्री ने दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान किए गए विचार-विमर्श और सुझावों पर गौर करते हुए अपने संबोधन के दौरान सभी हितधारकों के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि मंत्रालय संगठित और असंगठित श्रमिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुधारों और पहलों को तैयार करने के लिए राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पेंशन, स्वास्थ्य देखभाल, जीवन और दुर्घटना बीमा आदि देने वाले संपूर्ण और संपोषित कल्याण कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। डॉ. मांडविया की अध्यक्षता में संपन्न इस बैठक में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे, विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के श्रम मंत्री, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा और राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी कार्यशाला के दौरान उपस्थित थे।

# अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 के नौ महीनों के परिणाम घोषित किए

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने आज 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के अपने परिणाम घोषित किए। एईएल के नौ महीने के परिणाम अपने इंक्यूबेटिंग व्यवसायों की ताकत और निरंतरता को दर्शाते हैं, जिन्होंने तिमाही दर तिमाही मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन दिया है। अडानी न्यू इंडस्ट्रीज (ग्रीन हाइड्रोजन इकोसिस्टम) और अडानी एयरपोर्ट्स के नेतृत्व में उभरते कोर इन्फ्रा व्यवसायों में मजबूत वृद्धि उनके संबंधित क्षेत्रों में अवसरों के पैमाने को दर्शाती है। 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के दौरान, एईएल ने 12,377 करोड़ रुपये का अपना अधिकतम कंसोलिडेटेड नौ महीने का एबिटडा




दर्ज किया, जिसमें इंक्यूबेटिंग व्यवसायों का योगदान 62फीसदी था। अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा, नौ महीने का असाधारण प्रदर्शन अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के ट्रांसफॉर्मेटिव इंफ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी ट्रांजीशन सेक्टर्स की प्रगति के लिए एक पावरहाउस के रूप में अपनी स्थिति को रेखांकित करता है। एनर्जी ट्रांजीशन से लेकर लॉजिस्टिक्स और एडजसेंसी तक, हमारे इंक्यूबेटिंग व्यवसायों में मजबूत वृद्धि हमारे कोर प्लस पोर्टफोलियो की अपार क्षमता को उजागर करती है। ये परिणाम एक्सेक्यूशन, ऑपरेशनल एक्सीलेंस, नवाचार और स्थिरता का प्रमाण हैं क्योंकि हम विभिन्न क्षेत्रों में नए मानक स्थापित करने के लिए कार्यरत हैं। प्रत्येक उपलब्धि के साथ, एईएल अपने हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने के साथ-साथ भारत की प्रगति और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में योगदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ये टीम तैयार कर रही 2025-26 का केंद्रीय बजट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार का बजट 1 फरवरी को लोकसभा में पेश होगा।

लगातार आठवें केंद्रीय बजट के साथ इतिहास रचने जा रही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त सचिव तुहिन कांता पांडे सहित प्रमुख अधिकारियों के साथ मिलकर वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का केंद्रीय बजट तैयार करने के लिए अथक परिश्रम किया है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को केंद्रीय बजट में कई चुनौतियों का समाधान करना होगा, जिसमें आर्थिक विकास में कमी, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये का गिरता मूल्य और उपभोग मांग में कमी शामिल है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शनिवार, 01 फरवरी को मोदी 3.0 सरकार का 14वां बजट पेश करेंगी।

वित्त मंत्रालय के तहत आर्थिक मामलों के सचिव और देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार के अलावा मंत्रालय के अधिकारियों की पूरी नई टीम वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को आगामी केंद्रीय बजट की रणनीति तैयार करने में मदद कर रही है। हम आपको उन अधिकारियों के बारे में बता रहे हैं, जो केंद्रीय बजट बनाने की प्रक्रिया से करीब से जुड़े हुए हैं।

सीतारमण देश की पहली ऐसी वित्त मंत्री होंगी, जो एक अंतरिम बजट के साथ लगातार आठवां बजट पेश करेंगी। इससे पहले बतौर वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी. चिदंबरम और यशवंत सिन्हा लगातार पांच बजट पेश कर चुके हैं। निर्मला सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की है। सीतारमण ऐसे समय वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करने जा रही है, जब वैश्विक अनिश्चितता बढ़ रही है, घरेलू मांग में सुस्ती है और निजी निवेश को अभी गति पकड़नी है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि इस बजट में वित्त मंत्री मध्यम वर्ग को टैक्स में कुछ राहत देंगी।

वित्त सचिव तुहिन कांत पांडेय ने हाल ही में वित्त मंत्रालय में राजस्व सचिव का कार्यभार भी संभाला है। पांडे 1987 बैच के ओडिशा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं। उन्होंने निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) सचिव के रूप में 24 अक्टूबर, 2019 को पदभार संभालने के बाद 5 साल से अधिक काम किया।

## कोल इंडिया भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में

**मुंबई।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को ग्रेट प्लेस टू वर्क द्वारा 2025 में विनिर्माण में भारत के शीर्ष 50 सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थलों में से एक के रूप में मान्यता दी गई है। अधिकारियों ने यहां कहा कि यह प्रतिष्ठित मान्यता विश्वास, गर्व और सौहार्द की संस्कृति को विकसित करने के लिए सीआईएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जबकि अपने कर्मचारियों के लिए एक सहायक और सशक्त वातावरण प्रदान करती है। कोल इंडिया ने विनिर्माण क्षेत्र में 347 संगठनों के बीच एक कठोर मूल्यांकन के बाद यह मान्यता प्राप्त की है। शीर्ष 50 में सीआईएल का शामिल होना कार्यबल उत्कृष्टता और कर्मचारी कल्याण के प्रति इसके अटूट समर्पण का प्रमाण है। कंपनी को पहले एक समावेशी और टिकाऊ संगठन बनाने की अपनी प्रतिबद्धता के लिए 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' मान्यता मिल चुकी है। सीआईएल भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के तहत एक महारत्न कंपनी है। दुनिया के सबसे बड़े कोयला उत्पादक के रूप में, सीआईएल भारत की घरेलू कोयला मांग के 80प्रतिशत से अधिक को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परिचालन उत्कृष्टता, कर्मचारी कल्याण और पर्यावरणीय स्थिरता पर मजबूत ध्यान देने के साथ, सीआईएल भारत के ऊर्जा क्षेत्र और आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में अग्रणी बना हुआ है।

# लगातार चौथे दिन शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार चौथे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद शुरुआती आधे घंटे के कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आया, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। पहले एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, ट्रेंट लिमिटेड, टाइटन कंपनी और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 3.93 प्रतिशत से लेकर 2.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर भारती एयरटेल, कोल इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी के शेयर 3.21 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,746 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 604 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 129.08 अंक की तेजी के साथ 76,888.89 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद कुछ देर तक बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार में ही खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 179.90 अंक की मजबूती के साथ 76,939.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 47.25 अंक उछल कर 23,296.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले आधे घंटे तक सामान्य कारोबार होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदार पूरी तरह से एक्टिव हो गए। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का मामूली झटका भी लगता रहा, इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल में तेजी बनी रही। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 92.10 अंक की बढ़त के साथ 23,341.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# 7 दिन में ज्यादा से ज्यादा कितना वजन कम हो सकता है हेल्दी तरीके से कैसे घटाएं वेट, डाइटिशियन से समझें प्लान



**कई लोगों को लगता है कि वेट लॉस करना आसान होता है और महज एक सप्ताह में कई किलो वजन कम किया जा सकता है. हालांकि एक्सपर्ट्स की मानें तो 7 दिनों में ज्यादा वेट लॉस करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है.**

आज के समय में लोग वेट लॉस करने के लिए रोज नए-नए तरीके अपनाते हैं और तरह-तरह की डाइट फॉलो करते हैं. कई लोग तो 7 दिनों में वजन कम करने के लिए खाना पीना छोड़ देते हैं और सिर्फ पानी पीते रहते हैं. हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो वेट लॉस हमेशा हेल्दी तरीकों से करना चाहिए और बहुत जल्दी वेट लॉस करना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है. आज डाइटिशियन से जानने की कोशिश करेंगे कि 7 दिनों में हेल्दी तरीकों से ज्यादा से ज्यादा कितना वजन कम किया जा सकता है. इसके अलावा यह भी जानेंगे कि वेट लॉस का क्या शॉर्ट कट हो सकता है.गाजियाबाद के कवि नगर स्थित रंजना न्यूट्रीग्लो क्लीनिक की फाउंडर और डाइटिशियन रंजना सिंह ने ह्द2ह्य18 को बताया कि हेल्दी तरीकों से 7 दिनों में ज्यादा से ज्यादा 500 ग्राम से 1.5 किलो वजन कम किया जा सकता है. हालांकि लोग कैलोरी कंट्रोल, हाई प्रोटीन डाइट, कम कार्बोहाइड्रेट और सही वर्कआउट रुटीन को अपनाते हैं, तो एक सप्ताह में 2 से 3 किलो तक वजन घटा सकते हैं. कम समय में ज्यादा वजन पानी और ग्लाइकोजन की कमी के कारण घट जाता है और इसमें फैट लॉस नहीं होता है. बिना फैट लॉस के वजन घटाना फायदेमंद नहीं माना जाता है, क्योंकि कुछ दिनों बाद वजन फिर बढ़ जाएगा. वजन को परमानेंट तरीके से घटाने के लिए फैट लॉस पर ध्यान देना बेहद जरूरी है.

तेजी से वजन कम करना नुकसानदायक?

डाइटिशियन रंजना के मुताबिक अगर कोई व्यक्ति बहुत कम कैलोरी वाली डाइट यानी कैश क्रैश डाइट अपनाए और ज्यादा एक्सरसाइज करे तो तेजी से वजन कम हो सकता है. हालांकि यह हेल्दी तरीका नहीं है और इससे मसल लॉस, कमजोरी, डिहाइड्रेशन और मेटाबॉलिज्म स्लो होने जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं. 7 दिन में तेजी से वजन घटाने के बजाय लोगों को धीरे-धीरे और परमानेंट तरीके से वजन घटाने पर फोकस करना चाहिए. इससे उन्हें लॉन्ग टर्म तक फायदा होगा और वे हेल्दी रहेंगे. सही तरीके से वजन घटाने के लिए लाइफस्टाइल, डाइट और एक्सरसाइज को बैलेंस करना बहुत जरूरी है.

क्या है हेल्दी तरीके से वजन घटाने का तरीका?

एक्सपर्ट की मानें तो तेजी से और स्वस्थ तरीके से वजन घटाने के लिए बैलेंस डाइट अपनाना जरूरी है. इस डाइट में हाई प्रोटीन, लो कार्बोहाइड्रेट, हाई फाइबर और हेल्दी फैट्स वाले फूड शामिल करने चाहिए. हाई प्रोटीन डाइट मसल्स को मजबूत बनाए रखती है और फैट बर्न करने में मदद करती है. अपनी डाइट में अंडा, चिकन, मछली, सोयाबीन, पनीर, दाल, नट्स और ग्रीक योगर्ट शामिल करें. साथी तला हुआ खाना और प्रोसेस्ड मीट खाने से बचें.डाइटिशियन के अनुसार कम कार्बोहाइड्रेट वाली डाइट लेने से शरीर फैट बर्न करना शुरू करता है. इसमें साबुत अनाज जैसे-ब्राउन राइस, ओट्स, किनोवा, फल और हरी सब्जियां शामिल करें. सफेद चावल, चीनी, मैदा, ब्रेड, पेस्ट्री और प्रोसेस्ड फूड खाने से बचें. इसके अलावा फाइबर पेट को भरा हुआ रखता है और डाइजेशन सुधरता है. फाइबर से भरपूर हरी सब्जियां, दलिया, चिया सीड्स, फ्लेक्स सीड्स, सेब और बेरीज का सेवन करें. साथ ही पैकेज्ड स्नेक्स और शुगर वाली ड्रिंक्स न पिएं. हेल्दी तरीके से वेट लॉस के लिए एवोकाडो, नारियल तेल, घी, मूंगफली, बादाम, अखरोट, अलसी खाएं और जंक फूड, बर्गर, पिज्जा और डीप फ्राइड आइटम से बचें.

वेट लॉस के लिए हाइड्रेशन और डिटॉक्स भी जरूरी?

रंजना सिंह ने बताया कि वेट लॉस करने के लिए रोज 3 से 4 लीटर पानी पीना बेहद जरूरी है. इससे शरीर का हाइड्रेशन ठीक रहता है. इसके अलावा शरीर को डिटॉक्स करने के लिए ग्रीन टी, जीरा पानी, नींबू पानी और अदरक हल्दी ड्रिंक भी पिएं. कोल्ड ड्रिंक, शराब व अन्य अनहेल्दी ड्रिंक से बचें. सबसे जरूरी बात यह है .

# मैं अमृतकाल बोल रहा हूं



सूत्रधार अमृतकाल बता रहा है कि जो भगदड़ के पहले माहौल था, वही भगदड़ के बाद का माहौल है। अर्थात न कुछ बदला है, न बदलेगा। भगदड़ के पहले योगी अपनी पूरी केबिनेट के साथ कुंभ आते हैं और डुबकियां लगाने की प्रतियोगिता होती है, एक-दूसरे पर पानी फेंकने की हंसी-ठिठोली होती है। अहाहा, कैसा दिव्य, भव्य दृश्य है जब संन्यासी मुख्यमंत्री के साथ पूरी केबिनेट आध्यात्म के रंग में रंग गई।

बीआर चोपड़ा की महाभारत देखने वालों को याद होगा कि समय को सूत्रधार की भूमिका में रखा गया था। मैं समय हूं, -यहां से महाभारत की बात शुरु होती थी। इसी तरह मैं अमृतकाल हूं और मैं आपको महाकुंभ की अमरकथा सुनाने जा रहा हूं, इस वाक्य के सहारे अब नरेन्द्र मोदी, आदित्यनाथ योगी और पूरी की पूरी भाजपा चाहे तो प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की घटनाओं को अमृतकाल के हवाले से सुना कर अपनी जिम्मेदारी से बच सकती है। वैसे भी जिम्मेदारियों को स्वीकार न करने का पुराना ट्रैक रिकार्ड नरेन्द्र मोदी का रहा है। गुजरात दंगों पर उनकी दलील थी कि कार के नीचे पिल्ला भी दबे तो बुरा लगता है। नोटबंदी में लोग परेशान हुए, लाइन में खड़े-खड़े कईयों की जान चली गई तो नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 50 दिन का समय दो, फिर जिस चौराहे पर बुलाओगे आ जाऊंगा। लॉकडाउन में लोग अकाल मौत का शिकार बने तो नरेन्द्र मोदी ने ताली बजाने, दिया जलाने के लिए प्रेरित किया। कोरोना की दूसरी लहर में हजारों मौतें हुईं, लाशें नदियों में बहाई गईं, श्मशान घाटों पर कतारें लगने लगीं, लेकिन नरेन्द्र मोदी पीएम रिलीफ फं ड के जरिए मदद पहुंचाने का दावा करते रहे। प्रज्ञा ठाकुर ने गोडसे को महान बताया, तो श्री मोदी ने उन्हें दिल से माफ नहीं किया, लेकिन कोई कड़ी कार्रवाई भी नहीं की। गलवान में हमारे सैनिक शहीद हुए, लेकिन नरेन्द्र मोदी चीन को लाल आंख नहीं दिखा पाए। पुलवामा में आतंकी हमले में सैनिक शहीद हुए और नरेन्द्र मोदी जंगल में रोमांच के पल बिताते रहे। ओडिशा में तीन ट्रेनें आपस में टकराईं और इस भयानक हादसे में 293 लोग मारे गए, तब नरेन्द्र मोदी खंभे से टिककर दुखी मुद्रा में फोन पर बात करते दिखे, लेकिन उसके बाद भी रेल हादसों पर कोई लगाम नहीं लगी, न ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को उनके पद से हटाया गया, बल्कि तीसरी बार सरकार बनने पर उन्हें फिर से यही मंत्रालय सौंपा गया। 29 जनवरी 2025 मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में भगदड़ मची, न जाने कितने लोग मारे गए, कितने घायल हुए और कितने लापता हुए, मगर नरेन्द्र मोदी कुछ घंटों बाद दिल्ली में चुनाव प्रचार करने लगे। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में प्रचार करते हुए उन्होंने कांग्रेस और आप को जी भर के कोसा और लगे हाथ कुंभ में मारे गए लोगों के लिए कहा कि इस हादसे में हमें कुछ पुण्यात्माओं को खोना पड़ा। सवाल है कि क्या इसी अमृतकाल का झांसा देश को दिया गया है, जिसमें सरकारी लापरवाही का शिकार होकर जान गंवाने वालों को पुण्यात्मा कहो और वोट बटोरने में लग जाओ।सूत्रधार अमृतकाल कहेगा कि हे भारतवासियों, अब सवाल मत करना कि भगदड़ में मारे गए, कुचले गए लोगों को नरेन्द्र मोदी ने केवल पुण्यात्मा क्यों कहा, उन्हें शहीद क्यों नहीं कहा। क्योंकि धीरेन्द्र शास्त्री उर्फ बागेश्वर धाम बाबा के हिसाब से तो जो लोग कुंभ में नहीं आए, वे सब देशविरोधी हैं। यानी कु भ में पहुंचने वाले लोग देशप्रेमी हैं और उन्हीं देशप्रेमियों में से कुछ ने मोक्ष हासिल करने की खातिर खुद ही भगदड़ मचाई और खुद ही अपनी शहादत दे दी। वर्ना भाजपा सरकार की व्यवस्था तो इतनी चाक चौबंद है कि लोगों को जरा भी तकलीफ नहीं है। कम से कम मोदी मीडिया का तो यही दावा है। मुख्यधारा के किसी चैनल ने इतने बड़े हादसे पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग नहीं की। उनके हिसाब से ये काम विपक्ष का है। चैनल बता रहे हैं कि अधिकारियों ने तो आधी रात को ही चेतावनी दे दी थी कि स्नान कर लें, वर्ना बाद में भीड़ बढ़ेगी। लेकिन लोगों को नींद प्यारी थी, वे उठे ही नहीं और सुबह जब स्नान के लिए पहुंचे तो बैरिकेडिंग थी, जिसे लोगों ने तोड़ा और इस तरह भगदड़ मची। मीडिया ये भी बता रहा है कि छोटी-मोटी घटनाओं से आस्था पर फर्क नहीं पड़ा। लोग फिर से स्नान के लिए उमड़े। महाकुंभ में हेमा मालिनी, रामदेव और अन्य साधु-संत डुबकी लगा रहे हैं, ये तस्वीरें बुधवार को आईं। हेमा मालिनी सनातन पर ज्ञान दे रही हैं और रामदेव अमृतकाल और मौन का महत्व समझा रहे हैं। मीडिया इन्हें भरपूर कवरेज दे रहा है। मीडिया जब इतनी वफादारी से काम करता है तो फिर नरेन्द्र मोदी का सीना क्यों न 56 इंच का बरकरार रहे।सूत्रधार अमृतकाल बता रहा है कि जो भगदड़ के पहले माहौल था, वही भगदड़ के बाद का माहौल है। अर्थात न कुछ बदला है, न बदलेगा। भगदड़ के पहले योगी अपनी पूरी केबिनेट के साथ कुंभ आते हैं और डुबकियां लगाने की प्रतियोगिता होती है, एक-दूसरे पर पानी फेंकने की हंसी-ठिठोली होती है। अहाहा, कैसा दिव्य, भव्य दृश्य है जब संन्यासी मुख्यमंत्री के साथ पूरी केबिनेट आध्यात्म के रंग में रंग गई। योगी बाद में अमित शाह के साथ भी आते हैं, तब साधु-संतों की मंडली होती है, ये लोग भी डुबकियां लगाते हैं। भगवा वस्त्र, माथे पर तिलक, लटकती तोंदे, चेहरे पर किसी से मतलब न होने का भाव, शासन में होने की अकड़, सब तस्वीरों में कैद होता है। भगदड़ के बाद रामदेव और हेमा मालिनी की तस्वीरें आती हैं। तो कहां कुछ बदला है, आम लोगों के लिए पहले भी पांच-दस किलोमीटर चलने की व्यवस्था थी, भगदड़ के बाद भी वही व्यवस्था कायम रहेगी, ताकि पैदल चलें तो सेहत बनी रहे और संगम भूमि के दर्शन अच्छे से हो जाएं। भूख लगे तो भंडारे में हाथ पसार लो, थक जाओ तो जमीन पर बैठ जाओ। जिन लोगों को सत्ता सौंपी है, उनके सुख के लिए खुद थोड़ा सा कष्ट उठा लिया तो कौन सा पहाड़ टूट जाएगा। जब जनता अपने दिए टैक्स से हजारों करोड़ खर्च करके वीआईपी सुख-सुविधा का इंतजाम सरकार को करने दे चुकी है, तो क्या उन्हीं वीआईपी के लिए शारीरिक और मानसिक कष्ट नहीं उठा सकती। वीआईपी के लिए जान का बलिदान देने का मौका अमृतकाल में लगे महाकुंभ में आम जनता को मिला है।

जो पुण्यात्माएं चली गईं, अब उनके पुण्य के हिसाब से सरकार कुछ मुआवजे का ऐलान कर देगी। फिर फरवरी में प्रधानमंत्री आएंगे, तब फिर वही डुबकी लगाने, तस्वीरें खींचने, दंडवत प्रणाम करने, अर्घ्य देने की तस्वीरें आएंगी। जनता भावुकता के साथ, गदगद होकर देखेगी कितना महान शासक इस देश को मिला है, जो धर्म की रक्षा के लिए सब कुछ दांव पर लगा सकता है, बल्कि लगा चुका है। लोग जिंदा बचें न बचें धर्म बचा रहना चाहिए।

अमृतकाल में महाकुंभ की अमरकथा में मोदी-योगी नायक हैं और राहुल, मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे सवाल उठाने वाले लोग खलनायक हैं। खलनायक जनता के सवाल उठा रहे हैं, पूछ रहे हैं कि डुबकी लगाने से क्या रोजी-रोटी के सवाल हल हो जाएंगे और नायक भूख की बात को धर्म-विरोधी बता रहे हैं। भूखे पेट भजन न होए गोपाला, ले तेरी कंठी, ले तेरी माला, ये वाक्य अब बदल दिया जाए, यही अमृतकाल की मांग है, यही महाकुंभ की अमरकथा का सार है।

## संपादकीय

# कुम्भ हादसा : जिम्मेदार कौन

144 वर्षों के बाद आये प्रयागराज महाकुम्भ में जिस बड़ी तादाद में लोग पहुंच रहे हैं, उससे यह अंदेशा तो पहले से था कि कुछ भी गड़बड़ हुई तो कोई बहुत बड़ा हादसा हो सकता है परन्तु उत्तर प्रदेश की सरकार का दावा यह था कि यहां की व्यवस्था चाक-चौबन्द है। दावा किया गया था कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में इतनी पुख्ता व्यवस्था की गयी है कि कोई भी अप्रिय घटना होने की कोई गुंजाइश ही नहीं है। इस महाकुम्भ के बारे में देश-विदेश में विभिन्न माध्यमों से भरपूर प्रचार किया गया है और लोगों को बड़ी तादाद में इसमें आने तथा स्नान कर पुण्य कमाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार का पहले से दावा था कि बुधवार को मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिये श्रद्धालुओं की रिकॉर्ड़ तोड़ भीड़ रहेगी। यह संख्या 9-10 करोड़ तक होने की बात कही जाती है। यहां तक कहा गया कि डेढ़ महीने में इस पूरे आयोजन में लगभग 40 करोड़ लोग आ सकते हैं।सरकार के सारे दावे ध्वस्त हो गये जब मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात में संगम में डुबकी लगाने उमड़ी भीड़ ने बैरिकेड्स तोड़ दिये और इसके चलते हुई भगदड़ में सैकड़ों कुचले गये।

बुधवार तक मरने वालों की शासकीय स्तर पर संख्या तकरीबन 20 बतलाई गई है और लगभग 100 लोगों के ज़ख्मी होने की बात कही गई है। भीड़ को देखते हुए तथा जिस बड़े पैमाने पर भगदड़ मची, उसके चलते कोई भी इन आंकड़ों पर भरोसा नहीं कर रहा है। सभी का कहना है कि मृतकों तथा घायलों की वास्तविक संख्या कहीं अधिक हो सकती है। सवाल यह है कि क्या कभी सही आंकड़े सामने आ सकेंगे? सवाल तो यह भी उठता है कि क्या कोई इस घटना की जिम्मेदारी लेगा? भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन प्रणाली का जो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, उसके अनुसार तो दोनों का जवाब एक ही होगा- नहीं, बिलकुल नहीं।' न तो लोगों को कभी जानकारी होगी कि कितने लोगों ने जानें गंवाईं और जहां तक इसकी जिम्मेदारी लेने की बात है, तो वह कभी भी नहीं ली जायेगी- न तो मुख्यमंत्री योगी और न ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। ये वे लोग हैं जो इस आयोजन का श्रेय ज़रूर लेते रहे हैं।इस आयोजन की तैयारियां लम्बे समय से चल रही थीं। मेला क्षेत्र में अभूतपूर्व विस्तार किया गया था, तथा इसके लिये राज्य सरकार ने करीब 5500 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की है। आरोप है कि ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व के इस आयोजन को भाजपा ने अपनी ध्रुवीकरण की राजनीति का उपकरण बना लिया है। न केवल यही कुम्भ बल्कि कुछ वर्ष पहले हुए हरिद्वार कुम्भ की ही तरह इसके जरिये हिन्दू मतदाताओं को खुश करने के लिये इसका सियासी उपयोग किया गया। सर्वप्रथम तो कुछ साधु-संतों ने साफ किया कि इस कुम्भ में मुस्लिमों को दुकानें नहीं लगाने दी जायेंगी। हुआ भी ऐसा। बताया जाता है

कि प्रयागराज में इस बार मुस्लिम दुकानदार मौजूद नहीं हैं जबकि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। वैसे भी हरिद्वार के बाद इस कुम्भ में साधु-संतों ने भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग उठाई है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने कुछ अर्सा पहले जब कहा था कि योगी ने थोड़े समय में बहुत अच्छे प्रबन्ध किये हैं जो बतलाता है कि अगर सरकार ठान ले तो वह बड़े से बड़ा काम कर सकती है, लेकिन जब बात रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि की आती है तो वह सरकार की वरीयता नहीं रह जाती।' इसी प्रकार जब हाल ही में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संगम में डुबकी लगाने से क्या पाप धुल जायेंगे', तो तमाम भाजपायी और उसके समर्थक उनके खिलाफ हो गये थे। उन्होंने खरगे पर हिन्दुओं की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया था।

`सा नहीं कि इस हादसे के बाद कुम्भ को लेकर भाजपा के समर्थन में उतरने वाली वह ट्रोल आर्मी नदारद हो गयी हो। सोशल मीडिया पर देखें तो वे पूरी निर्लज्जता से श्रद्धालुओं को ही दोषी ठहरा रहे हैं। उनके अनुसार भीड़ अनावश्यक जल्दबाजी कर रही थी'। असलियत तो यह है कि उप्र सरकार, विभिन्न शासकीय विभाग तथा पूरी भाजपा लोगों को इस कुम्भ में अमृत स्नान' के लिये प्रेरित कर रही थी।

# 2025 में अपनी गति खो रहा है भारत का आर्थिक विकास इंजन

एशियाई विकास बैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि %निजी निवेश और आवास मांग में अपेक्षा से कम वृद्धि के कारण' एशियाई विकास बैंक ने भारत के विकास परिदृश्य को सात प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत और अगले वर्ष 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। पिछले वर्ष सितंबर में विश्व बैंक को उम्मीद थी।

चालू वित्त वर्ष के दौरान मुद्रास्फीति समायोजन के बाद भारत की शुद्ध आर्थिक वृद्धि की जो दर शेष रह जायेगी वह भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), एशियाई विकास बैंक और विश्व बैंक जैसी अन्तरराष्ट्रीय एजंसियों द्वारा किये अनुमानों से काफी कम हो सकती है।शुद्ध आर्थिक वृद्धि की गणना जीडीपी वृद्धि दर से वर्तमान मुद्रा स्फीति दर को घटाने के बाद की जाती है। नवीनतम अनुमानों के अनुसार, यह वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 5.8 प्रतिशत हो सकता है। सांख्यिकी मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमानों के आधार पर, इस वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि 6.4 प्रतिशत होगी जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज 8.2 प्रतिशत की वृद्धि से काफी कम है।

एशियाई विकास बैंक ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा कि %निजी निवेश और आवास मांग में अपेक्षा से कम वृद्धि के कारण' एशियाई विकास बैंक ने भारत के विकास परिदृश्य को सात प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत और अगले वर्ष 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। पिछले वर्ष सितंबर में विश्व बैंक को उम्मीद थी कि चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत की जीडीपी वृद्धि लगभग सात प्रतिशत रहेगी और देश के दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने की उम्मीद है। विश्व बैंक ने विकास परिदृश्य के लिए मजबूत कृषि उत्पादन और मजबूत निजी खपत को बढ़ावा देने वाली सरकार की रोजगार वृद्धि नीतियों को प्रमुख कारण बताया था।दुर्भाग्य से, देश की रोजगार वृद्धि और निजी खपत दर मूल अपेक्षा से काफी नीचे गिर गयी है। हाल ही में, रिजर्व बैंक ने भी चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को पहले के 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया और आर्थिक गतिविधियों में मंदी के साथ-साथ खाद्य कीमतों में अस्थिरता को देखते हुए मुद्रा स्फीति के पूर्वानुमान को बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गयी, जबकि आरबीआई ने खुद 7 प्रतिशत का अनुमान लगाया था।हैरानी की बात है कि आईएमएफ ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के जीडीपी पूर्वानुमान को 20 आधार अंकों से



बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ ने अप्रैल में अपने पिछले अनुमान 6.8 प्रतिशत से अपने पूर्वानुमान को संशोधित किया है। आईएमएफ की %विश्व आर्थिक परिदृश्य' रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि चालू वर्ष के लिए भारत के आर्थिक विकास पूर्वानुमान को भी बढ़ाकर 7.0 प्रतिशत कर दिया गया है। यह विकास विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग की संभावनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की पृष्ठभूमि में हुआ है। इसके साथ ही भारत उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी स्थिति बनाये रखता है।हालांकि, इनमें से किसी भी अनुमान में मुद्रा स्फीति दर को ध्यान में नहीं रखा गया है। जबकि देश की वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर मुद्रा स्फीति दर को घटाकर विकसित देशों की तुलना में अभी भी मजबूत दिखायी देगी, यह आंकड़ा अभी भी स्पष्ट रूप से भारत में आर्थिक मंदी की प्रवृत्ति का संकेत देता है। इसके कई कारण हैं।

भारत का सबसे बड़ा उपभोक्ता आधार, मध्यम आय वर्ग अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए धन की कमी से जूझ रहा है। उच्च और लगभग सर्वव्यापी जीएसटी और आयकर दरें एक बड़ा बोझ बन गयी हैं। आय और रोजगार नहीं बढ़ रहे हैं। दवाओं की लागत सहित बढ़ते स्वास्थ्य सेवा खर्च एक बड़ी चिंता का विषय है। निजी निवेश वर्षों से सुस्त रहा है और सरकारी खर्च-हाल के वर्षों में एक आवश्यक चालक-वापस ले लिया गया है। भारत के माल निर्यात लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं, तथा 2023 में उनका वैश्विक हिस्सा मात्र दो प्रतिशत है।बड़े पैमाने पर आयात स्थानीय नौकरियों को छीन रहा है। अमीर लोग अपने अधिशेष रुपये के स्टॉक को सोने में बदल रहे हैं, जिसकी कीमत पिछले साल सरकार द्वारा आयात शुल्क में कटौती के बाद से रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी है। इस साल देश की आर्थिक वृद्धि दर को सबसे ज्यादा नीचे खींचने वाले क्षेत्र विनिर्माण और खनन हैं। आयात से प्रभावित, दोनों क्षेत्रों को पिछले वर्षों की तुलना में विकास में मंदी का सामना करना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में पहली बार, निर्माण क्षेत्र में धीमी वृद्धि दर देखी जा रही है। होटल क्षेत्र, यात्रा और साान्य रूप से व्यापार भी इस वर्ष अपेक्षित स्तर पर नहीं बढ़ रहे हैं।

विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि में सबसे महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिल सकती है। अनुमानों के अनुसार यह दर पिछले वर्ष के 9.9 प्रतिशत से घटकर 5.3 प्रतिशत रह जायेगी। खनन उद्योग में भी काफी मंदी आने का अनुमान है, जिसमें पिछले वर्ष के 7.1 प्रतिशत की तुलना में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। आयात में बेतहाशा वृद्धि हो रही है, जबकि निर्यात पर लगातार दबाव बना हुआ है, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के कारण अधिकांश देश अनुकूल व्यापार संतुलन के लिए प्रयास कर रहे हैं।प्रमुख क्षेत्रों में कम निवेश भी वृद्धि में बाधा बन रहा है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जैसे संकेतक विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में मंदी दिखाते हैं। ये सभी चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि में समग्र गिरावट की ओर ले जा रहे हैं। इन निराशाजनक आर्थिक विकास संभावनाओं के बीच, भारत का कृषि क्षेत्र सबसे आशाजनक प्रदर्शनकर्ता के रूप में सामने आता है। कई चुनौतियों के बावजूद, कृषि क्षेत्र में उत्साहजनक सकारात्मक वृद्धि दर का अनुमान है, जो संभावित रूप से अन्य क्षेत्रों में मंदी की कुछ भरपाई कर सकता है। यह अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) से आता है और स्वाभाविक रूप से इसे आधिकारिक सरकारी अनुमान माना जाता है।

एनएसओ के अनुसार, भारत के कृषि क्षेत्र में 2024-25 में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की 1.4 प्रतिशत की वृद्धि दर की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। विकास अनुमान का श्रेय स्वस्थ मानसून और अनुकूल मौसम को दिया जाता है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि होती है। इससे चालू वित्त वर्ष के दौरान संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अनुमानित 6.4 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि में योगदान की उम्मीद है।अगले वित्तीय वर्ष, 2025-26 के लिए, पूरा ध्यान पूरे वर्ष और उसके बाद के लिए उच्च आर्थिक विकास में बाधाओं को दूर करने के लिए आगामी बजट में किये जाने वाले उपायों पर है। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार बुनियादी ढांचे पर खर्च को कैसे बढ़ाती और तेज करती है, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने में मदद करती है, और हरित पहल को बढ़ावा देती है।

यह सही समय है कि आगामी राष्ट्रीय बजट में विनिर्माण, खनन और आयात नियंत्रण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देते हुए उपभोग और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कर सुधारों को और अधिक कारगर बनाने का वास्तविक प्रयास किया जाये। बजट में नये व्यवसायों के लिए कर प्रोत्साहन और एआई और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए समर्थन जैसे उपायों के माध्यम से ग्रामीण विकास, कौशल विकास और रोजगार सृजन पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। अंत में, सरकार-आरबीआई के दोहरे प्रयास के साथ बजट प्रावधानों को देश में प्रत्यक्ष औद्योगिक निवेशकों - विदेशी और स्थानीय-का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए रुपये को स्थिर करने में मदद करनी चाहिए।



# पब्लिक रिलेशन में बनाना है कॅरियर

**अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी।**

आज के समय में युवा कई अलग-अलग क्षेत्रों में अपने भविष्य की तलाश करते हैं। अगर आपको लोगों से मिलना अच्छा लगता है और आप हमेशा कुछ नया करना चाहते हैं तो ऐसे में आप पब्लिक रिलेशन में अपना करियर तलाश कर सकते हैं। यह एक ऐसा करियर ऑप्शन है, जिसे सबसे प्रतिष्ठित और अच्छी तनख्वाह वाली कंपनियों में से एक माना जाता है। हालांकि, पब्लिक रिलेशन में करियर बनाने के लिए आपको कई बातों का ध्यान रखना होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप पीआर में अपना करियर कैसे शुरू कर सकते हैं-

## एजुकेशन पर दें ध्यान

अगर आप पीआर में अपना कॅरियर देख रहे हैं तो 12वीं के बाद, आप मास मीडिया, पत्रकारिता, या यहां तक कि जन संचार में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। ये आपको कम्युनिकेशन, समाजशास्त्र, डिजिटल विज्ञापन आदि जैसे विषयों में एक मुख्य आधार प्रदान करेंगी। यदि आप किसी विशिष्ट उद्योग क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं, तो यह एक पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा करें। उदाहरण के लिए, यदि आप पीआर के बारे में जानने के लिए सब कुछ सीखना चाहते हैं, तो अपने कौशल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एमआईसीए और अपग्रेड के जनसंपर्क एमए प्रोग्राम देखें। इस कार्यक्रम के साथ, आप सोशल मीडिया मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, ब्रांडिंग, मार्केटिंग विश्लेषण और उद्योग से संबंधित कई अन्य स्किल्स को सीख सकते हैं।

## लें अनुभव

यह सच है कि किसी भी क्षेत्र अपना कॅरियर स्थापित करने के लिए अनुभव होना बेहद आवश्यक है। इसलिए, जब आप कॉलेज में हों तो इंटर्नशिप करना अच्छा रहेगा। यह न केवल आपको अपने पाठ्यक्रम में सीखी गई बातों को लागू करने में मदद करता है, बल्कि यह आपको उद्योग के कामकाज को समझने में भी सक्षम बनाता है। इस तरह, आपको पता चल जाएगा कि आपको किन स्किल्स को विकसित करने की आवश्यकता है। इतना ही नहीं, इंटर्नशिप करने के बाद आपके लिए एक अच्छी नौकरी प्राप्त करना भी अधिक आसान हो जाएगा।

## प्रोफेशनल नेटवर्क करें बिल्डअप

अगर आप पीआर फील्ड में खुद को स्थापित करना चाहते हैं तो पहले आपको प्रोफेशनल नेटवर्क भी बिल्डअप करना होगा। शुरू में आप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपने प्रोफेशनल से संबंधित समूहों में शामिल हों जो आप कर सकते हैं। लिंक्डइन और यहां तक कि फेसबुक पर भी ऐसे कई ग्रुप हैं। आपको बस इतना करना है कि अपने आप को नियमित रूप से अपडेट रखें कि कौन अक्सर पोस्ट कर रहा है। ऐसा करने से, आप नवीनतम समाचारों पर भी अप-टू-डेट रहेंगे, कुछ नया सीखेंगे और उपयोगी व्यावसायिक संबंध विकसित करेंगे।





# रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन की ऐसे करें तैयारी

**परीक्षाओं की तैयारी में लगे जो छात्र अच्छा स्कोर करना चाहते हैं, वे रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन की तैयारी पर ध्यान दे सकते हैं।**

बैंकों व सरकारी संस्थानों में भर्ती का दौर शुरू हो गया है। इसमें रुकी हुई पुरानी भर्तियों के अलावा नई भर्तियां भी शामिल हैं। अब आप में से अधिकतर छात्र इन अवसरों का लाभ उठाने का प्रयास कर रहे होंगे, और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में योजनायें बना रहे होंगे। परीक्षा के दौरान अधिकतर छात्र असमंजस की स्थिति में होते है कि रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन को हल करने का प्रयास करें या न करें। यह आपका समय नष्ट कर सकता है साथ ही अगर किसी आर्थिक विषय पर आधारित गद्यांश आ जाएं तो यह छात्रों के लिए और मुसीबत वाला हो जाता है। हालांकि आपको यह समझना होगा कि रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन ही है जो आपको परीक्षा में अच्छे अंक प्रदान कर सकता है, क्योंकि इसमें व्याकरण से सम्बंधित नियम लागू नहीं होते और आपको उत्तर का अनुमान नहीं लगाना होता, आपको केवल गद्यांश को समझना होता है और आप सभी प्रश्नों का सही उत्तर दे सकते है। आज हम आपको बताएंगे इसे हल करने के कुछ स्ट्रैटेजी व टिप्स।

## पैसेज पर एक सरसरी निगाह डालें

परीक्षा के दौरान सबसे पहले आप पैसेज को सरसरी निगाह से देख लें। यहा पर आपको पूरे पैसेज को पढ़ने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यहां पर आपका हर सेकंड कीमती होता है। देखने के बाद आप उस प्रश्न का उत्तर दे जिसके लिए आप पूरी तरह निश्चित हो।

## पहले प्रश्न पढ़ें, फिर उत्तर दें

परीक्षा के दौरान जब एक एक सेकेंड मायने रखता है, तब एक रणनीति आपको सफल बनाने में सहायता कर सकती है। अपना समय पूरा पैसेज पढ़ने में नष्ट न करें, पैसेज पढ़ने के स्थान पर पहले प्रश्नों को पढ़ने का प्रयास करें और फिर उसी के अनुसार पैसेज को पढ़े। जब आप टए में आवश्यक पंक्ति को देख लेंगे तो प्रश्न के अनुसार उत्तर देना आपके लिए आसान हो जायेगा। यदि आप अब भी उत्तर नहीं जान पा रहे है तो उस प्रश्न को तुरंत छोड़कर अगले प्रश्न की ओर बढ़ जाइये, किसी भी प्रश्न पर समय नष्ट मत कीजिए। इस तरह से प्रयास करने पर आप कम समय में गद्यांश के विषय और झुकाव के बारे में जान पायेंगे।

## शब्दावली आधारित प्रश्नों को हल करें

अगर आप कम समय में ज्यादा अंक अर्जित करना चाहते है, तो आपको शब्दावली आधारित प्रश्नों को हल करने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आपको पुरे पैसेज को भी पढ़ने की आवश्यकता नहीं है। इन्हें हल करने में भी समय कम लगता है क्योंकि या तो आप शब्द का अर्थ जानते हो या नहीं जानते हो, यहां पर आप सही शब्द चुनने का प्रयास कर सकते हैं।

## लेखक का दृष्टिकोण समझें

रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में स्कोर करने के लिए लेखक का दृष्टिकोण समझना बहुत जरूरी है। आप यह समझने का प्रयास कीजिए कि लेखक क्या कहना चाहता है जैसे प्रश्नों से दूर रहने का प्रयास कीजिये, चूंकि ये सवाल आम तौर पर विवादास्पद और समय लेने वाले हैं और इसके लिए आपको पूरा पैसेज पढ़ना होगा।

## अपना ध्यान केन्द्रित रखो

रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में विषय सामग्री पर ध्यान दें। अपने दिमाग को भटकने से बचाए, क्योंकि यह दिन में सपने देखने से शुरू होता है। इसे वास्तविक जीवन पर केन्द्रित करें। अपने आप को समझाएं कि यह सपने आप परीक्षा देने के बाद देख सकते है। जब तक आप दृढ़ता से अध्ययन नही करेंगे तब तक आप अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सकते है।

## पैसेज के मुख्य आइडिया को समझे

सभी पैसेज का एक ऐसा मुख्य आइडिया होता है, जिस पर पूरा पैराग्राफ लिखा जाता है। कभी-कभी ऐसे प्रश्न भी पूछे जाते हैं जिससे पता चल सके कि आप पैराग्राफ में दिए गए मुख्य आइडिया को समझने में सक्षम हैं या नहीं। इसलिए, सबसे पहले पैसेज के आईडिया को समझें तभी आप अन्य प्रश्नों को जवाब दे पाएंगे।

## निरंतर अभ्यास जरूरी

जो छात्र खुद को रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन में कमजोर समझते हैं, वे अभ्यास नहीं करते है। अधिकतर छात्र इसे घर पर हल नहीं करते है और न ही कोशिश करते हैं, इसकी जगह वे बहुत से बहाने बनाते है। परन्तु यह बहाने आपको सफल नहीं बना सकते। सफलता आपको तब तक नहीं प्राप्त होगी जब तक आप अपने डर और कमजोरी को हरा ना दें।

## पढ़ने की स्पीड बढ़ाएं

यह ध्यान रखें कि पैसेज पढ़ने के दौरान अपने होंठों को मत चलाइए, यह आपकी गति को धीमा कर देती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन के लिए आपको स्मार्ट होने की आवश्यकता है और यह आपको अभ्यास से ही प्राप्त हो सकता है। आप मन में पढ़े और अपनी स्पीड बढ़ाएं।





# नौकरीपेशा लोगों के लिए बेहतर विकल्प है डिस्टेंस एजुकेशन

**अगर आप किसी कारणों से नियमित कॉलेज नहीं जा सकें हो तो डिस्टेंस एजुकेशन एक बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। डिस्टेंस एजुकेशन से मिलने वाली डिग्री भी रेगुलर की तरह ही होती है जिसका इस्तेमाल आप अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कर सकते हैं।**

भारत जैसे देश में जहां आज भी बहुत सारे जिलों में कॉलेज या यनिवर्सिटीज नहीं हैं, वहां डिस्टेंस एजुकेशन का माध्यम खासा लोकप्रिय है। यह एक लचीला माध्यम है, जो छात्रों को पढ़ाई के दौरान दूसरे शौक को भी पूरा करने की छूट देता है। सबसे बड़ी बात यह कि यह कामकाजी और नौकरीपेशा वाले लोगों को भी उच्च शिक्षा की राह दिखा रहा है। इन डिस्टेंस लर्निंग सेंटर में डिप्लोमा, बैचलर डिग्री और पीजी व मैनेजमेंट कोर्स चलाए जाते हैं। कई डिस्टेंस लर्निंग सेंटर प्रोफेशनल कोर्स भी संचालित करते हैं जो रोजगारोन्मुख होते हैं। इनमें जर्नलिज्म एंड मास निकेशन, लाइब्रेरी साइंस, कम्प्यूटर कोर्सेस आदि शामिल है।

ओपन यूनिवर्सिटी में दाखिला लेना मुश्किल नहीं हैं। ये यूनिवर्सिटीज अपने नियमों के मामले में काफी लचीली होती हैं। यहां कोर्स की फीस भी अमूमन सामान्य संस्थानों के मुकाबले कम होती है। अकादमिक जानकारियों के लिए इन यूनिवर्सिटीज के कोर्स बेस्ट माने जाते हैं। कई यूनिवर्सिटीज में वीकएंड क्लासेज होती हैं, जिससे कामकाजी लोगों को सहूलियत होती है। पढ़ाई और नौकरी के बीच के समय का इस्तेमाल करने वालों के लिए ये यूनिवर्सिटीज ई-क्लास से लेकर छोटी अवधि वाली रेगुलर क्लासेज तक चला रही हैं।

## इग्नू और डिस्टेंस एजुकेशन

जो युवा नियमित कॉलेज नहीं जा सकते हैं, उनके लिए पढ़ाई करने और करियर बनाने के लिए एक बेस्ट यूनिवर्सिटी है। इग्नू की पढ़ाई का तरीका अन्य पारंपरिक यूनिवर्सिटीज से अलग है। इग्नू ने पढ़ाई का एक मल्टीमीडिया नजरिया अपनाया है। विज्ञान, कम्प्यूटर, नर्सिंग, इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी में पाठ्यक्रम भी शामिल है। यहां बीए जनरल कोर्स के साथ ही बीएससी जनरल की पढ़ाई भी होती है, जिसमें गणित, भौतिकी, रसायन, बॉटनी और जूलॉजी जैसे विषय भी पढ़ाए जाते हैं। यहां बीकॉम भी है। इसके अलावा बीबीए इन रिटेलिंग, बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडीज, बैचलर ऑफ सोशल वर्क और बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन जैसे कोर्स हैं। इसके अलावा वोकेशनल ट्रेनिंग के रूप में सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स भी है। यहां बीएड और डिप्लोमा इन एजुकेशन यानी डीएड कोर्स भी अब डिस्टेंस एजुकेशन में शामिल हो गया है।

## डिस्टेंस एजुकेशन की विशेषताएं

- डिस्टेंस एजुकेशन में स्टूडेंट को नियमित तौर पर किसी संस्थान में जाकर पढ़ाई करने की जरूरत नहीं होती।
- सूचना क्रांति और इन्टरनेट के कारण डिस्टेंस एजुकेशन और आसान एवं प्रासंगिक हो गयी है।
- विजुअल क्लासरूम लर्निंग, इंटरैक्टिव ऑनसाइट लर्निंग और वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्टूडेंट्स देश के किसी भी राज्य में रहकर घर बैठे पढ़ाई कर सकते हैं।
- डिस्टेंस एजुकेशन से पढ़ाई करने की फीस काफी कम है।
- जॉब करने के साथ-साथ पढ़ाई की जा सकती है।
- कम अंक आने पर भी मनपसंद कोर्स में दाखिला मिल जाता है।
- किसी भी कोर्स के लिए उम्र बाधा नही होती है।
- साधारण कोर्स के साथ ही वोकेशनल कोर्स तथा प्रोफेशनल कोर्स भी किये जा सकते हैं।

## प्रमुख डिस्टेंस एजुकेशन सेंटर्स

- इग्नू, दिल्ली
- सिम्बायोसिस सेंटर फॉर डिस्टेंट लर्निंग, पुणे
- कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी, कुरुक्षेत्र
- दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
- जामिया मिल्लिया इस्लामिया, दिल्ली
- अन्नामलाई यूनिवर्सिटी, तमिलनाडु
- पांडिचेरी यूनिवर्सिटी, पुडुचेरी
- हिमाचल यूनिवर्सिटी, शिमला
- गुरु जंभेश्वर, हिसार
- एमडीयू, रोहतक
- पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी
- सिक्किम मणिपाल यूनिवर्सिटी





# हर प्रोफेशनल्स के लिए जरूरी है ये फोन एटिकेट्स

आज हम किसी से भी, कभी-भी और कहीं भी बात करने के लिए अपने सेलफोन का यूज करते हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हमें जैसा चाहें वैसा फोन का उपयोग कर करें। प्रोफेशनल सेटिंग में फोन के उपयोग को लेकर समय और जगह को ध्यान रखना जरूरी होता है। आज हर प्रोफेशनल्स को इन 8 फोन एटिकेट्स को फॉलो करना जरूरी है :

- पहले अभिनवादन करें और अपना पूरा नाम बताएं। केवल अपना पहला नाम बताना हर प्रोफेशनल कॉल में बहुत अनौपचारिक लगता है, वहीं केवल आखिरी नाम बताना भी असभ्यता है।
- कुछ लोगों को यह अंदाजा नहीं होता है कि वे कितना तेज बोलते है, विशेष रूप से जब उनका पूरा ध्यान फोन पर बात कर रहे व्यक्ति पर होता है। अपने आसपास के माहौल के प्रति जागरूक रहें। आप कभी भी नहीं जानते कि आपकी बातों पर कौन ध्यान दे रहा है।
- सामने बैठे किसी व्यक्ति से आप बात कर रहे हैं, इतने में आपका फोन बज उठता है और फोन पर बात करने लगते हैं। यह एटिकेट्स नहीं है। अगर आप किसी महत्वपूर्ण कॉल के इंतजार में है और इसे रीशेड्यूल करना संभव न हो तो आप जिस शख्स से आप मिल रहे हैं, इसके बारे में उन्हें जानकारी दे दें।
- दूसरों से मीटिंग टेबल पर बात कर रहे हो तो अपना फोन टेबल पर न रखें। भले ही आप मीटिंग के दौरान फोन का जवाब न दें लेकिन यह ध्यान भटकाने के लिए काफी है।
- अगर आप मीटिंग या कॉन्फ्रेंस के बीच में है और ऐसे में आपका फोन बज उठता है तो यह अच्छी बात नहीं है इसे साइलेंट मोड पर रखें या बंद कर दें।
- प्रोफेशनल सेटिंग में यह बात भी मायने रखती है कि आपने अपने सेल का रिंगटोन क्या रखा है। लाउड और ब्लास्टिंग टोन रखने से पहले सोच लें कि इसे लेकर दूसरे क्या रिएक्ट करेंगे।
- अगर किसी प्रोफेशनल कॉल में आपको अपना फोन स्पीकर मोड पर रखना पड़ा हो तो आपको यह ध्यान रखना होगा कि उन्हें बता दें कि आप किसी के साथ बैठे हैं।
- लंबे वॉइसमेल्स न भेजें। छोटे और स्पष्ट संदेश छोड़ें। साफ बोले और व्यक्ति को यह बताएं कि आपने क्यों कॉल किया था। अगर आप फोन नंबर छोड़ रहे हैं तो इसे ये नंबर्स धीरे-धीरे बोले।

जानकारी

# बच्चों को दूसरी महिला से स्तनपान कराना कितना सुरक्षित?

## खतरनाक नहीं, लेकिन सुरक्षा भी जरूरी

कई महिलाएं होती हैं, जिनके स्तनों में बच्चे के जन्म के बाद भी दूध नहीं आता। ऐसे में कई बार सवाल आता है कि क्या कोई दूसरी महिला किसी के बच्चे को स्तनपान करा सकती है?

दूसरे के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराना वेट-नर्सिंग कहलाता है, लेकिन क्या यह बच्चे के लिए सुरक्षित है। हालांकि यह स्थिति तब बनती है जबकि बच्चे के जन्म के बाद महिलाओं के स्तनों में दूध नहीं आता या बहुत कम दूध आतो है, जो बच्चे के लिए पर्याप्त नहीं होता। हर शिशु के लिए मां का दूध शुरुआती समय में एक संपूर्ण आहार माना जाता है, लेकिन, ऐसी कई महिलाएं होती हैं जिनके स्तनों में बच्चे के जन्म के बाद भी दूध नहीं आता। ऐसे में कई बार सवाल आता है कि क्या कोई दूसरी महिला किसी के बच्चे को स्तनपान करा सकती है? आपको बता दें कि दूसरे के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराना वेट-नर्सिंग कहलाता है, लेकिन क्या यह बच्चे के लिए सुरक्षित है। आपने अपनी दादी या नानी से भी इसके बारे में सुना ही होगा कि उन्होंने घर या रिश्तेदारों में किसी और के बच्चे को अपना स्तनपान करवाया है और दोनों ही पूरी तरह से स्वस्थ हैं। अगर आपके स्तनों में दूध की मात्रा बहुत ही कम बनती है या दूध होता ही नहीं है, तो ऐसी स्थिति में वेट-नर्सिंग की मदद ले सकते हैं।



### कितना सुरक्षित है वेट-नर्सिंग?

विशेषज्ञों की मानें, तो किसी और के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करवाना खतरनाक नहीं है, लेकिन, यह पूरी तरह से सुरक्षित भी नहीं है। यह बच्चे के लिए कितना सुरक्षित है, यह स्तनपान करवाने वाली महिला के स्वास्थ्य पर निर्भर करता है। बहुत-सी कामकाजी महिलाएं आज के समय में एक-दूसरे के बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। कई मामलों में यह पूरी तरह से सुरक्षित पाया गया है, लेकिन कुछ हालातों में किसी और से अपने बच्चे को ब्रेस्टफीडिंग करवाने से बचना चाहिए।

### इन बातों का रखें ध्यान

अगर स्तनपान कराने वाली महिला गंभीर बीमारी की मरीज हो, जैसे: एचआईवी, कैंसर या दूसरी कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या तो यह बच्चे के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अगर महिला किसी तरह के नशीले पदार्थों का सेवन करती हों, जैसे शराब, सिगरेट आदि। अगर महिला नियमित तौर पर किसी तरह के दवा की आदी हो।



नहाकर आप हमेशा ही फ्रेश फील करते हैं पर क्या आप भरोसा करेंगे कि नहाने के कुछ नुकसान भी हैं। नहीं न! तो आइए हम आपको बताते हैं नहाते वक्त ऐसी कौन सी चीजें न करें, जिससे आपके शरीर या त्वचा को कोई नुकसान पहुंचे।

# ठंड में नहाते समय 5 गलतियां खराब कर सकती है आपकी त्वचा और बाल

आपको हर दिन नहाने की जरूरत है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि क्या कभी हर दिन नहाना भी आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है? हो सकता है कि नहाने के कारण भी आपकी त्वचा को नुकसान पहुंच रहे हो। आपको न पता हो पर नहाते वक्त आपकी त्वचा के नेचुरल ऑयल भी पानी के साथ बह जाते हैं। इसके अलावा बहुत देर तक गर्म और ठंडे पानी से नहाने के भी अपको नुकसान होते हैं। इसके लिए जरूरी है हम कुछ चीजों को नहाते वक्त करने से बचें। आइए हम आपको बताते हैं इन्हीं कुछ चीजों को बारे में।

### गर्म पानी से न नहाएं

हमें न तो बहुत गर्म पानी से नहाना चाहिए, न ही बहुत ठंडे पानी से, क्योंकि इसके कारण आपके शरीर को कुछ नुकसान भी हो सकते हैं तो कोशिश करें कि हमेशा ही गुनगुने पानी से नहाएं, जिसका तापमान बैलेंस हो। पर कुछ लोग ज्यादा आराम पाने के लिए गर्म पानी से नहाते हैं, लेकिन इससे आपकी त्वचा को नुकसान हो सकता है। दरअसल गर्म पानी आपकी त्वचा से प्राकृतिक तेलों को निकाल सकता है। गर्म पानी की वजह से भी आपकी त्वचा खुजली और सूखी हो सकती है। यदि आप ठंडे स्थान पर भी रहते हैं, तो सुनिश्चित करें कि पानी का तापमान नहाते वक्त ज्यादा न हो, जिससे आपकी त्वचा के नेचुरूल ऑयल बने रहे।

### बहुत लंबे समय तक नहाने से बचें

शॉवर में 30 मिनट बिताना आपके लिए आकर्षक हो सकता है, लेकिन आपकी त्वचा के लिए यह हानिकारक हो सकता है। यह आपकी त्वचा से नेचुरल लिपिड को हटा सकता है, जो त्वचा को नम रखने के लिए पानी को त्वचा में बांधकर रखने में मदद करते हैं। इसलिए कोशिश करें कि शॉवर में 10 मिनट से ज्यादा न बिताएं। साथ ही बाल्टी के पानी से धीरे-धीरे नहाएं। इससे आपकी त्वचा पर सीधे पानी की धार नहीं पड़ेगी और त्वचा एक दम से ठंडी और गर्मी के लिए सेंस्टिव भी नहीं होगा।

### बहुत ज्यादा सुगंध वाले साबुन के इस्तेमाल से बचें

सुगंध वाले साबुन में ऐसी सामग्री भी होती है, जो आपकी त्वचा से नमी को छीन सकती है। वे त्वचा में अत्यधिक सूखापन पैदा कर सकते हैं। अक्सर साबुनों में पैराबिन्स, सिंथेटिक रंग, सुगंध, सोडियम लॉरिल सल्फेट और फॉर्मलाडेहाइड शामिल होते हैं, जिससे शरीर की त्वचा पर अलग-अलग तरीकों से नुकसान पहुंचता है। कुछ लोगों को तो इन साबुनों से इंफेक्शन भी हो जाता है। ऐसे में कोशिश करें कि बिना सुगंध वाले और मिल्क प्रोटीन वाले साबुनों का इस्तेमाल करें। अगर आप साबुन से नहाकर अपने पसीने की बदबू को हटाना चाहते हैं, तो आप नहाते वक्त पानी में इत्र डाल सकते हैं। इसके अलावा आप साबुन लगाने के बाद एक बार नहाकर कोई सुगंधित तेल लगा लें और फिर नहा लें। इससे आपके शरीर की त्वचा सुगंधित भी रहेगी और मॉइश्चराइज भी।

### नहाने के बाद शरीर को अच्छे से सुखाएं

कुछ लोग नहाने के बाद शरीर को बिना अच्छे से सुखाए ही कपड़े पहन लेते हैं। ऐसे में शरीर में लगे हुए पानी के कण बाद में दाद और खुजली का कारण भी बन सकते हैं। इसके साथ ही सुनिश्चित करें कि आप साबुन और अन्य उत्पादों को अच्छी तरह से धोकर नहाएं। इससे आपके त्वचा के पोर्स भी ब्लाक हो सकते हैं, जिससे मुंह पर मुंहासे होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके लिए मुंहासों को रोकने के लिए अपने बालों को अच्छी तरह से साफ करें।

### गीले तौलिए से शरीर न पोंछे

कोशिश करें कि नहाने के बाद सूती कपड़े से शरीर को पोंछे। दरअसल सूती तौलिया शरीर के पानी को अच्छे से पोंछता है और साफ कर देता है। साथ में कोशिश यह भी करें कि नहाने के बाद शरीर को गीले तौलिए से न पोंछे। इससे स्किन इंफेक्शन्स हो सकते हैं। इससे आप दाद-खाज और खुजली से हमेशा बचे रह सकते हैं।




सेहत

# वैज्ञानिकों ने बताया भारतीयों में क्यों छोटा होता है दिमाग

## छोटा दिमाग होने का है फायदा

भारतीयों में पश्चिमी व पूर्वी देशों की तुलना में छोटा दिमाग होता है, इस बात का खुलासा हाल में हुए एक अध्ययन में किया गया। शोधकर्ताओं ने पहली बार भारतीय ब्रेन एटलस बनाया है, जिसमें कि अध्ययन से पता चला है कि पश्चिमी और अन्य पूर्वी देश की आबादी की तुलना में भारतीय मस्तिष्क, औसतन, ऊंचाई, चौड़ाई और मात्रा में छोटा है, लेकिन इसमें कोई बुरा मानने या नुकसान वाली कोई बात नहीं है, बल्कि फायदा है। जी हां शोधकर्ताओं ने बताया कि छोटा दिमाग, अल्जाइमर यानि भूलने की बीमारी और मस्तिष्क संबंधी अन्य बीमारियों के जल्दी ठीक करने में मदद मिलती है। यह शोध 'जर्नल न्यूरोलॉजी इंडिया' में प्रकाशित हुआ है। सेंटर फॉर विजुअल इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के जयंती शिवस्वामी, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट पर काम किया ने कहा कि मॉन्ट्रियल न्यूरोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (MNI) टेम्पलेट, जो मानक के रूप में उपयोग किया जाता है, उसे कोकेशियान ब्रेन का उपयोग करके बनाया गया था। शोधकर्ताओं के अनुसार, यह भारतीय आबादी में मस्तिष्क के अंतर का विश्लेषण करने के लिए आदर्श नहीं है, क्योंकि भारतीयों का दिमाग टेम्पलेट से छोटा होता है, जो कि कई स्कैन में साबित हुआ है।



जयंती शिवस्वामी ने बताया कि मॉन्ट्रियल न्यूरोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (MNI) की तुलना में भारतीय दिमाग आकार में छोटा होता है, स्कैन में आने वाले अंतर चिंताजनक और खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि एमआरआई इमेज की तुलना एमएनआई टेम्पलेट से की गई। अध्ययन के आधार पर स्पष्ट सबूत हैं कि बड़े एटलस का निर्माण करना जरूरी है, क्योंकि यह संरचनात्मक रूप से समझना महत्वपूर्ण है कि सामान्य क्या है। इससे मस्तिष्क की कई स्थितियों को जल्द पकड़ने में मदद मिलेगी।

### कैसे किया गया अध्ययन?

इस अध्ययन में जयंती ने बताया कि टेम्पलेट निर्माण के लिए उन्होंने चीन और कोरिया की आबादी का ब्रेन स्ट्रक्चर तैयार किया। जबकि भारतीयों के दिमाग का एटलस बनाने का यह पहला प्रयास था, जिसमें भारतीय मस्तिष्क एटलस बनाने में आईआईआईटी-हैदराबाद टीम द्वारा पहले प्रयास में 50 महिलाएं और 50 पुरुष शामिल थे, जिसमें स्कैनिंग मशीनों में भिन्नता का पता लगाने के लिए इन विषयों के दिमाग के एमआरआई स्कैन को तीन अलग-अलग अस्पतालों में तीन अलग-अलग स्कैनरों में लिया गया। पायलट अध्ययन के परिणामों के अनुसार, एटलस के अंतिम निर्माण में 100 इच्छुक प्रतिभागियों को भर्ती करने के लिए आगे बढ़े, जिन्हें आईबीए 100 कहा जाता है।

जयंती ने कहा एटलस को विभिन्न आबादी के लिए अन्य एटलस के खिलाफ मान्य किया गया था। ऊंचाई, चौड़ाई और मात्रा यानि वॉल्युम में ये अंतर संरचनात्मक स्तर पर भी पाए जाते हैं, जैसे कि हिप्पोकैम्पस की मात्रा, लेकिन कुल मिलाकर, IBA 100 चीनी और कोरियाई एटलस के साथ दूर के कोकेशियान एक (MNI) की तुलना में अधिक है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम वर्तमान में उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को समझने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कई परिवर्तन हैं जो मस्तिष्क में बढ़ती उम्र के कारण होते हैं, जिसमें सबसे विशिष्ट है, संरचनाओं का सिकुड़ना उन्होंने यह भी कहा कि इससे डिमेंशिया या अल्जाइमर का इलाज करने में मदद मिल सकती है, क्योंकि वे हिप्पोकैम्पस से जुड़े हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेगें। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मन: स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा): पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): हरि करे सो खरी अत: हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। शुभांक-2-4-7

## काकुरो पहेली - 1974




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

काकुरो - 1973 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने कहा, 'आज इंसानियत है कहाँ?'
दूसरा व्यक्ति झट से बोला, 'क्यों आपके घर में 'शब्दकोश' नहीं हैं.

□ □ □

आप चार बार तलाक देने के बाद पाँचवीं बार विवाह करने क्यों जा रहे हैं? पहले व्यक्ति ने पूछा.
'क्यों, क्या पाँचों अंगुलियाँ बराबर होती हैं?' दूसरे व्यक्ति ने कहा.

□ □ □


पत्नी-'आप नींद में बहुत बोलते हैं.'
पति-'तो क्या तुम चाहती हो कि मैं नींद में भी तुम्हारी ही सुनता रहूँ.'

□ □ □

रमेश बहुत शर्मीला था.
एक दिन पार्टी में उसने अपनी प्रेमिका को फूलों का एक गुलदस्ता भेंट किया. प्रेमिका एकदम से भाव-विभोर होते हुए उससे लिपट गई और उसने उसका चुम्बन ले लिया.
रमेश झेंपकर हॉल से बाहर जाने लगा. इस पर उसकी प्रेमिका ने डरते हुए पूछा-''नाखुश हो गए ?''
''नहीं.''
रमेश जल्दी से बोला-''नाखुश होने की कोई बात नहीं है. मैं और फूल लेने जा रहा हूं.''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 1974



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'मैं कहीं कवि न बन जाऊं' गीत वाली धर्मेन्द्र, वैजयंती की फिल्म-२,१,२
७. राहुलराय, दीपक तिजोरी, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१०. 'वो लम्हे वो बातें' गीत वाली इमरान हाशमी, उदिता, शमिता की फिल्म-३
१२. 'अमूल स्टार वॉइस ऑफ इंडिया' का एंकर कौन है?-२
१४. 'मोरनी रे मोरनी मैं' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
१५. अमिताभ, जैकी, कैटरीना, सीमा की 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'आँखों में तू होठों में तू' गीत वाली जिमी शेरगिल, शेनाज की फिल्म-३
१७. नसीर, अतुल अग्निहोत्री की 'बंद होठों से जो' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
२०. संजय, शरद, मनीषा की 'ओ गोरी तू चली' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'दिल विच तेरा ही खयाल' गीत वाली अमिताभ, अक्षय की फिल्म-२
२३. संजयदत्त, माधुरी, की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२७. संजीवकुमार, जया की फिल्म-३
२८. सलमान खान, स्नेहा की 'सुन जरा सोनिये सुन जरा' गीतवाली फिल्म-२
३०. 'लड़के ने लड़की को देखा' गीत वाली गोविंदा, जूही की फिल्म-४
३१. 'चल प्रेमनगर जाएगा बतला ओ' गीत वाली फिल्म-२
३२. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
३३. नाना, अजय, फरदीन, रेखा, उर्मिला की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'सुहानी चाँदनी रातें' गीत वाली संजीव, शशि, विद्यासिन्हा, बिंदिया की फिल्म-२
२. रितिक रोशन, करिश्मा कपूर की 'मैं नाचूं बिन पायल' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
५. विनोद मेहरा, डैनी, मौसमी की 'ये कैसी लगी अगन' गीत वाली फिल्म-३
६. 'ये कैसा गम सजना' गीत वाली सुनीलदत्त, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-२,२
८. अमिताभ, परवीन की 'देख सकता हूँ मैं कुछ भी होते हुए' गीत वाली फिल्म-४
९. देव आनंद, उषा किरण की फिल्म-३
११. अमिताभ, रजनीकांत, गोविंदा, किमी की 'बम चिकी चिकी' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'हम से तुम दोस्ती कर' गीत वाली सनी देओल, डिम्पल की फिल्म-४
१६. संजीवकुमार, सुलक्षणा की 'सुबह और शाम काम ही' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'जो तुमको हो पसंद' गीत वाली राजेश खन्ना, फिरोज, शर्मिला की फिल्म-३
१९. नवीन निश्चल, रेखा की 'कान में झुमका चाल में ठुमका' गीत वाली फिल्म-३,२
२१. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
२४. अनिल धवन, रेहाना की 'दिल बेचैन रहा तुम बिन' गीत वाली फिल्म-२,२
२५. 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
२६. ऋषिकपूर, शाहरूख, दिव्या की फिल्म-३
२९. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३

फिल्म वर्ग पहेली- 1973

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म्मी | द | | छ | लि | या | | मे | ला |
| त्स | | डॉ | न | | बा | ग़ | द | री | |
| व | च | न | | वा | स | ना | | जं | ग |
| | र | | सौ | दा | | | आ | ग | |
| आ | स | ग़ | | | पा | की | जा | | ग |
| ग़ | | जा | नू | | ल | | द | ग़ | र |
| ध | र्मा | | त | र | की | ब | | | म |
| ना | | जी | न | त | | ना | च | | म |
| | | ने | | न | ज | र | | प्या | सा |
| खा | न | दो | स्त | | | स | नी | | ला |

## सूडोकु -1974

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -1973 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 1974



**बाएँ से दाएँ**

1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**

1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

शब्द पहेली - 1973 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बि | रा | द | री | | ज | य | मा | ला | |
| बि | ल | | श | | का | य | म | | श | व |
| रा | | म | ह | क | ना | | ज | रा | | र्त |
| द | र | द | रा | | | सा | | ग | रि | मा |
| र | | हो | | व | सु | ध | र | | या | न |
| | कु | श | ल | | दा | | जा | य | ज | |
| मि | ली | | क | रा | मा | त | | म | | अ |
| ला | न | त | | त | | | प | रा | धी | न |
| व | | ल | ता | | अ | च | र | ज | | ब |
| ट | ब | | ली | न | ता | | तं | | मी | न |
| | स | ला | म | त | | मि | त्र | व | त | |

# यमुना मुद्दे पर केजरीवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को घेरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग से दूसरा नोटिस मिलने के बाद दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सीधा-सीधा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि राजीव कुमार को राजनीति में आना चाहिए और चुनाव लड़ना चाहिए। वे रिटायरमेंट के बाद नौकरी पाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में पत्रकार वार्ता के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आयोग का जितना 'कबाड़ा' किया है उतना किसी ने नहीं किया। अगर उन्हें राजनीति करनी है तो वह चुनाव लड़ें। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि वे 18 फरवरी को रिटायर होने के बाद नौकरी पाने के लिए इस तरह का काम कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने घोषणा की कि सांसद संजय सिंह के नेतृत्व में पार्टी नेता अमोनिया की 7पीपीएम मात्रा वाले पानी की बोतल लेकर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के पास जाएंगे। अगर उन्हें पानी जहरीला नहीं लगता तो उन्हें इसे पीकर दिखाना चाहिए। जल के मुद्दे पर अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर नौटंकी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी पल्ला जाकर एक घूंट पानी नहीं पी सके। ये लोग दिल्ली के लोगों को जहरीला पानी पिलाना चाहते हैं।

## भाजपा ने कांग्रेस और आआपा पर साधा निशाना, कहा- झूठ बोलती हैं दोनों ही पार्टियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव की सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं। सभी राजनीतिक दल जोर-शोर से प्रचार में जुटे हुए हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दोनों पार्टियां झूठ बोलती हैं। डॉ. त्रिवेदी ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि दिल्ली में चुनाव पूरे जोरों पर है और इसके साथ ही चुनाव के हर किरदार का असली चेहरा भी सामने आ रहा है। आज हम आपके सामने शीर्ष नेताओं के बयान पेश करेंगे दो पार्टियों की। पहली, भारत की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टियों में से एक कांग्रेस, जिसका अघोषित मुखिया तो कोई और है, लेकिन असली नेता तो राहुल गांधी हैं। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी के झूठ का राजनैतिक पर्दाफाश हो चुका है। जो अपने आपको कट्टर ईमानदार कहते थे वो झूठे साबित हो रहे हैं। झूठ का जो कच्चा रंग उन्होंने चढ़ाकर रखा था वो उतरकर सामने आ गया है। इतने छिछले स्तर के झूठ का प्रयोग किया गया, जो शायद भारत-पाकिस्तान युद्ध में पाकिस्तान ने भी भारत पर यह आरोप नहीं लगाए कि हमने उनकी नदियों में जहर मिला दिया है।

## देवनानी से रणजीत बारठाकुर ने की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से यहां विधानसभा में राजस्थान रॉयल्स टीम से जुड़े रणजीत बारठाकुर ने



शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर देवनानी ने राजस्थान विधानसभा की ओर से प्रकाशित वार्षिक टेबल और वॉल कैलेण्डर बारठाकुर को भेंट किया। रणजीत बारठाकुर रॉयल मल्टीस्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी चेयरमैन है।

## धर्म संसद में सनातन बोर्ड का प्रस्ताव पारित, देवकीनंदन ठाकुर बोले- जल्द हो गठन

**महाकुंभ नगर ।** संगम नगरी प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुलाई गई सनातन धर्म संसद बैठक में सनातन बोर्ड से जुड़ा प्रस्ताव पारित किया गया है। कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर ने बातचीत में कहा कि धर्म संसद में सनातन बोर्ड को लेकर प्रस्ताव पारित हो गया है और जल्द ही बोर्ड बनना चाहिए। देवकीनंदन ठाकुर ने कहा, इस प्रस्ताव में यह सुनिश्चित किया गया है कि चारों शंकराचार्य, चारों वैष्णव आचार्य और जितने भी संगठन, अखाड़े और पीठ के पीठाधीश्वर उसका प्रतिनिधित्व करें। यह प्रस्ताव धर्म संसद में पारित हो गया है और अब इसे सरकार तक पहुंचाना है। जो भी फैसला सरकार करेगी, उसके आधार पर ही आगे विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, धर्म संसद का जो मूल मुद्दा था, वह कार्य पूरा हो गया और सनातन बोर्ड से जुड़ा प्रस्ताव भी पारित हो गया। हम चाहते हैं कि हिंदू अधिनियम के तहत सनातन बोर्ड बनाया जाए।

# गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने पाया पहला स्थान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर निकली उत्तर प्रदेश की झांकी ने पहला स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय रंगशाला नई दिल्ली में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उत्तर प्रदेश की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली यूपी की झांकी इस बार 'महाकुम्भ' पर थी। उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित 'महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत : विरासत और विकास को प्रदर्शित कर रही थी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना और पौराणिक



सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शा रही थी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है। 2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही रहा। ट्रैक्टर के आगे 'अमृत कलश' की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही थी। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत किया। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुकों ने भी किया। ट्रेलर के पैनल पर अमृत (शाही) स्नान के लिए जाते अखाड़ों-श्रद्धालुओं को म्यूरल एवं एलईडी स्क्रीन के द्वारा दर्शाया गया। ट्रेलर के प्लेटफार्म पर समुद्र मंथन की पौराणिक कथा को चित्रित किया गया, जिसने महाकुम्भ के महत्व और इसकी ऐतिहासिकता को रेखांकित किया।

## यौन शोषण मामले में पुलिस ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को किया गिरफ्तार

एजेंसी

**सीतापुर।** कोतवाली पुलिस ने यौन शोषण के मामले में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। वह अपने लोहरबाग स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे, तभी कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि हाई कोर्ट लखनऊ बेंच के आदेश पर पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण किया है। वह सभी से अपील करते हैं कि कोई भी समर्थक सड़क पर न आए। कानून का पालन करें। न्यायालय पर भरोसा जताएं। माफियाओं के खिलाफ मेरी लड़ाई जीवन के आखिरी सांस तक रहेगी और मैं उनसे लड़ता रहूंगा। यहां के चर्चित भूमाफियाओं के खिलाफ मेरी ओर से जो कार्रवाइयां की जा रही थीं, उनसे उनकी नींद उड़ गई थी। उनके खिलाफ साचिश रची गई है। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ सीतापुर



कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमें में जो हम पर आरोप लगे हैं, बगैर उसकी गंभीरता को जाने पुलिस ने कार्रवाई की। इस मामले में मैं उच्च न्यायालय की शरण में गया, जहां 14 दिन का समय देते हुए निचली अदालत में जाने को कहा गया। कोर्ट के आदेश पर ही हमने पुलिस के समक्ष आत्मसमपर्ण किया है। अदालत का मामला है, इस पर मैं खामोश हूं और मुझे न्यायालय पर पूरा भरोसा है।

# राहुल गांधी ने लिया यमुना नदी का जायजा, बोले- नदी तो कहीं बची ही नहीं है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने कल दिल्ली में यमुना की स्थिति का जायजा लेने के लिए वहां का दौरा किया। वहां पर उन्होंने स्थानीय लोगों और एक्टिविस्ट के साथ पैदल चलकर और नाव पर सवार होकर यमुना का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यह जानने का प्रयास किया कि आखिर यमुना की यह दुर्दशा क्यों और कैसे हुई है? राहुल गांधी ने मीडिया से यह जानकारी साझा करते हुए आज कहा कि अगर आप भी मेरी तरह दिल्ली वासी हैं तो यमुना की दुर्दशा देख कर तकलीफ तो बहुत होती होगी। उन्होंने बताया कि कल सुबह यमुना के किनारे पहुंचकर वहां स्थानीय निवासियों, नाव चालकों और यमुना की स्थिति से चिंतित एक्टिविस्ट्स से चर्चा की। राहुल ने बताया कि यमुना कचरा, गंदगी, दुर्गंध और सीवेज से भरी पड़ी है, यानि नदी तो कहीं बची ही नहीं है। शोध करने वालों के अनुसार नदी का साफ पानी सीवेज ट्रीटमेंट के लिए निकाल कर सीवेज को ही नदी में ही डम्प कर देते हैं। पहले यमुना में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु काफी संख्या में आया करते थे लेकिन अब गिनती के लोग



आते हैं, वो भी अपने स्वास्थ्य को जोखिम में डाल कर। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सत्ता में आने के बाद से ही केजरीवाल खोखले वादे करते रहे हैं। केजरीवाल कहते थे कि वह यमुना को साफ करेंगे, डुबकी लगाएंगे वरना वोट मत देना, और न जाने कितने लंबे लंबे भाषण। और आज फिर से आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए यमुना के पानी की बोतल लिये बैठे हैं। राहुल ने कहा, ये सिर्फ यमुना का अपमान नहीं, दिल्ली की जनता के जीवन के साथ सालों से चल रहा खिलवाड़ है। यमुना की यह भयावह स्थिति मोदी और केजरीवाल सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार के संगम का नतीजा है।

# एनएचआरसी ने दिल्ली में 56 दिन में 474 बेघर लोगों की मौत पर मुख्य सचिव व सीपी को भेजा नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने दिल्ली में इस सर्दी के मौसम में 56 दिन के भीतर लगभग 474 लोगों की जान जाने संबंधी एनजीओ सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (सीएचडी) के हवाले से आई एक मीडिया रिपोर्ट का स्वतः संज्ञान लिया है। एनएचआरसी ने इस मामले में मुख्य सचिव और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये मौतें 15 दिसंबर, 2024 से 10 जनवरी, 2025 के बीच हुई हैं। इसकी वजह गर्म कपड़े, कंबल और पर्याप्त आश्रय जैसे आवश्यक सुरक्षात्मक उपायों की अनुपलब्धता बताई गई है। एनजीओ के कथित दावे के अनुसार दिल्ली में लगभग 80 प्रतिशत अज्ञात शव बेघर व्यक्तियों के हैं। आयोग ने पाया है कि समाचार रिपोर्ट की सामग्री यदि सत्य है, तो यह मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। इसलिए आयोग ने और गर्म पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव होता है,





मुख्य सचिव और दिल्ली के पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर मामले में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

दरअसल, 16 जनवरी, 2025 को प्रसारित इस मीडिया रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में कई आश्रय उपरोक्त जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ हैं और जो उपलब्ध हैं, उनमें अक्सर हीटिंग जिससे व्यक्ति कड़ाके की ठंड में रहने को मजबूर हो जाते हैं। सड़कों पर रहने वाले लोगों के कुछ विशिष्ट उदाहरणों का हवाला देते हुए मीडिया रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वे श्वसन संक्रमण, त्वचा संबंधी बीमारियों और बिगड़ते मानसिक स्वास्थ्य सहित कई स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

# मौनी अमावस्या पर रेलवे ने प्रयागराज से 364 ट्रेनों का संचालन किया : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मौनी अमावस्या के दिन संगम में पवित्र स्नान कर घर लौट रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने प्रयागराज के विभिन्न स्टेशनों से 364 आउटवर्ड ट्रेनों का संचालन किया। प्रयागराज महाकुंभ के दौरान एक दिन में चलाई गई ट्रेनों का यह नया रिकॉर्ड है। इसके साथ ही इस दौरान रेलवे द्वारा 77 इनवर्ड ट्रेनों का भी परिचालन किया गया। आउटवर्ड ट्रेनों में 142 नियमित और 222 महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में कहा कि मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज से 364 ट्रेनों का परिचालन किया गया। रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारियों की टीम रेल भवन स्थित वॉर रूम से पूरी स्थिति पर रियल टाइम नजर रख रही है, राज्य सरकार के साथ निरंतर समन्वय करके ट्रेनों का परिचालन



किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की उनके घर तक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं सीईओ तथा तीनों रेलवे जोन के जीएम मेला प्रशासन और राज्य सरकार के संपर्क में हैं।

उन्होंने संगम स्नान के लिए आए सभी श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया है। रेलवे ने यात्रियों के लिए बड़े होल्डिंग एरिया बनाए हैं, जहां वे बैठकर अपने क्षेत्र में ट्रेन की प्रतिक्षा कर सकते हैं। उसके बाद प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पर प्रस्थान करें।रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक, सूचना एवं प्रसार दिलीप कुमार ने बताया कि मौनी अमावस्या पर इनवर्ड एवं आउटवर्ड मिलाकर उत्तर मध्य रेल द्वारा 280 ट्रेनों का परिचालन किया गया जबकि पूर्वोत्तर रेलवे ने 73 ट्रेनों का तथा उत्तर रेलवे ने 88 ट्रेनों का परिचालन किया। उत्तर मध्य रेल ने सबसे अधिक 157 महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया। उत्तर रेलवे ने 28 और पूर्वोत्तर रेलवे ने 37 ट्रेनों का परिचालन किया।

मेले की पूर्ण अवधि में रेलवे ने लगभग 13,450 ट्रेनों के परिचालन की योजना बनाई गई है जिसमें 10,028 नियमित ट्रेन और 3400 से अधिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन शामिल है। अब तक 1900 से अधिक स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा चुका है। रेलवे ने स्पष्ट किया है कि सारी ट्रेनों का परिचालन योजनानुसार किया जा रहा है। पूर्व में दी गई सूचना के आलोक में कुछ ट्रेनों को मार्ग परिवर्तित करके चलाया जा रहा है जबकि कुछ ट्रेनों का टर्मिनल स्टेशन प्रयागराज की जगह सूबेदारगंज किया गया है।

## श्रीलंका की जेल से रिहा हुए तमिलनाडु के छह मछुआरे पहुंचे अपने घर



एजेंसी

**चेन्नई।** श्रीलंकाई तटरक्षक बल से रिहा हुए तमिलनाडु के रामेश्वरम के छह मछुआरे अपने घर पहुंच गए। रिहाई के बाद मछुआरे के कोलंबो से चेन्नई पहुंचने पर राज्य के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया तथा उल्हें गृह जिले तक पहुंचाने की व्यवस्था की। दरअसल, 12 जनवरी को श्रीलंकाई तटरक्षक बल ने समुद्री सीमा पार करने के आरोप में इन मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया था।इन मछुआरों को श्रीलंका सरकार से छुड़वाने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने केंद्रीय विदेश मंत्री से भी अपील की थी।केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद श्रीलंका सरकार ने जेल से इन मछुआरों को रिहा कर दिया। यह मछुआरे बुधवार की रात कोलंबो से चेन्नई पहुंचेथे। राज्य के अधिकारियों ने चेन्नई पहुंचने पर मछुआरों का स्वागत किया। चेन्नई पहुंचे इन मछुआरों को उनके घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की।

# प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल आने वाले 25 साल की नींव हैं : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में 'इंडियन रेनेसां : द मोदी डिकेड' पुस्तक का विमोचन किया। इस मौके पर शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के ये 10 साल आने वाले 25 साल की अर्थात अमृत काल की नींव हैं। उन्होंने कहा कि ये 35 साल भारत को विश्व में सर्वप्रथम स्थान पर ले जाएंगे। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 11वें नंबर से 5वें नंबर पर लाने का काम किया। आज लिखकर रख लीजिए 2027 में भारत, दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले इस देश को नीतिगत पक्षाघात के नाम से जाना जाता था, अब प्रदर्शन की राजनीति के नाम से जाना जाता है। जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण ये तीन नासूर हमारे लोकतंत्र को समाप्त कर दिए थे, मोदी ने 10 साल में प्रदर्शन की राजनीति को स्थापित करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि आज हम एक पुस्तक का विमोचन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के ये 10 साल एक युग के अंत और दूसरे युग की शुरुआत का प्रतीक बनने जा रहे हैं। जब भी भारत का इतिहास लिखा जाएगा, तो प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल को उनके कटु से कटु आलोचकों को भी स्वर्णिम अक्षरों से ही लिखना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 साल में अनेक प्रकार के अनेक सेक्टरों में सुधार भी हुए हैं और गति भी मिली है। हर सेक्टर का साइज और स्केल अनेक गुना बढ़ाने का काम किया गया है। कभी कोई



विचार नहीं कर सकता था कि दुनिया की बड़ी महामारी कोरोना आए और दुनिया का सबसे अच्छा प्रबंधन भारत करे, ऐसा कोई सोच नहीं सकता था। हमने सबसे पहले वैक्सीन भी बनाई और दुनिया के 100 देशों में हमने वैक्सीन भी भेजी और 'वसुधैव कुटुम्बकम' को चरितार्थ करने का काम मोदी सरकार ने किया।उन्होंने कहा कि इस देश में 75 साल बाद भी 20 हजार गांव ऐसे थे, जहां बिजली का खंभा नहीं पहुंचा था। आज देश का हर घर बिजली से युक्त हुआ है। पिछले 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालय बनाए गए हैं और 4 करोड़ से अधिक लोगों को अपना पक्का घर मिला है। पहली बार 15 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाने का काम किया गया है। इसके अलावा 56 करोड़ लोगों ने बैंक खाते खोले हैं। आज दुनिया के 46 प्रतिशत रियल-टाइम डिजिटल लेन-देन भारत में होते हैं। महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर देकर उनको धुएं से मुक्ति दिलाने का काम किया गया है।

शाह ने कहा कि मैं तब हैरान रह गया जब प्रधानमंत्री मोदी ने कोविड महामारी के दौरान जनता कर्फ्यू की घोषणा की। उन्होंने लोगों से कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के उपाय के रूप में घर के अंदर रहने का आग्रह किया। उल्लेखनीय रूप से पूरे देश ने उनकी अपील का पालन किया। लाल बहादुर शास्त्री के बाद मोदी दूसरे ऐसे नेता हैं, जिन्हें लोगों से इतना अधिक विश्वास और पूर्ण समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपनी कर्मठता से, अपने विजन से, साफ हृदय से परिश्रम की पराकाष्ठा करके अपने देश का नेतृत्व करता है तो इतिहास इसको नजरअंदाज नहीं कर सकता है। इतिहास को उसको देखना ही पड़ता है।

## युवाओं के बिना संभव नहीं है विकसित भारत : एस. जयशंकर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि विकसित भारत के लिए युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है, युवाओं के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। विकसित भारत का संकल्प युवाओं के भविष्य से जुड़ा हुआ है और इसकी सिद्धि के लिए उनकी सक्रिय भूमिका अनिवार्य है। जयशंकर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के हंसराज कॉलेज में 'विकसित भारत के लिए युवा' विषय पर आयोजित एक इंटरेक्शन कार्यक्रम में युवाओं से संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने जयशंकर का स्वागत करते हुए कहा कि जयशंकर डीयू के सम्मानित पूर्व विद्यार्थी हैं। ऐसे कर्मयोगी पर डीयू को गर्व है।

जयशंकर ने विकसित भारत में युवाओं की भूमिका पर शेर देते हुए कहा कि तकनीक आधारित इस युग में युवा ही तकनीक के सर्वाधिक करीब हैं। युवा तकनीक के रचनात्मक उपयोग से सर्वाधिक परिचित हैं इसलिए उनकी क्षमता का उपयोग विकसित भारत के संकल्प की दृष्टि से बेहद अहम है। विदेश मंत्री ने कहा कि नई दिल्ली देश की राजधानी है और दुनिया भर से आने वाले लोग दिल्ली को देखकर भारत के सम्बन्ध में अपनी राय बनाते हैं, इसलिए विकसित भारत के लिए विकसित दिल्ली आवश्यक है। दिल्ली में लोगों को जरूरी सुविधाएं मिलें, अधिक से अधिक कॉलेज हों, अच्छी सड़कें हों, साफ पानी उपलब्ध हो और एक आदर्श शहर के रूप में यह विकसित हो इस दिशा में काम करना बेहद आवश्यक है। जयशंकर ने विद्यार्थियों के सवाल के जवाब में कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे अपने नागरिक दायित्व और भूमिका का निर्वाह करने के क्रम में अपने भविष्य और देश के भविष्य को एकसाथ केंद्र में रखें। उन्होंने युवाओं से चर्चा के क्रम में भारत की विदेश नीति, कूटनीति, दुनिया के देशों से भारत के बढते संबंधों और बढ़ती साख आदि अनेक आयामों पर विस्तार से अपनी बातें रखी और इस संबंध में भारत सरकार की नीतियों और प्रयासों से सम्बंधित अनेक आयामों को भी सामने रखा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, सरकार के सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों एवं योजनाओं जैसे सबके लिए आवास, जल, स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य आवश्यक संरचनाओं को लोगों को सुलभ कराने की सरकार की प्राथमिकता पर भी प्रकाश डाला।

## एनसीडब्ल्यू के 33वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति, चार महिला पैरालंपियन होंगी सम्मानित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के 33वें स्थापना दिवस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शामिल होंगे। नई दिल्ली के विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में होने वाले इस समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ और एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया रहाटकर चार असाधारण महिला पैरालंपियन को उनकी उपलब्धियों और समर्पण के लिए सम्मानित भी करेंगी। महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने बताया कि एनसीडब्ल्यू के 33वें स्थापना दिवस का जश्न मनाने की सभी तैयारियां पूरीकर ली गई हैं। इस बार महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के तहत चार महिला पैराओलंपियन को सम्मानित किया जाएगा। रहाटकर ने कहा कि हम महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ उनकी आवाज सुनना और उनका सम्मान होना यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस समारोह में पैरा पिस्टल शूटर रूबीना फ्रांसिस, मोना अग्रवाल, पैरा एथलीट प्रीथी पाल और सिमरन शर्मा को उपराष्ट्रपति सम्मानित करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर उनकी लिखित पुस्तक कर्मयोगिनी वीरांगना की पहली प्रति उपराष्ट्रपति को भेंट की जाएगी। यह पुस्तक पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर की अदम्य भावना को श्रद्धांजलि है, जिन्होंने इतिहास के माध्यम से साहस और नेतृत्व को फिर से परिभाषित किया है। उल्लेखनीय है कि इस 33वें स्थापना दिवस की थीम नारी तू नारायणी है, जो पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर की ताकत और उनकी दिव्य शक्ति को दर्शाती है। यह थीम भारत में सभी महिलाओं की असीमित क्षमता को पहचानने और सम्मान देने का आह्वान भी है।

## गणतंत्र दिवस परेड की सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ियों और झांकियों को रक्षा राज्यमंत्री ने दिए पुरस्कार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड की सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ियों और झांकियों को रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में पुरस्कार प्रदान किए। कर्तव्य पथ पर निकली परेड में शामिल उत्तर प्रदेश की झांकी को पहला पुरस्कार मिला है। संजय सेठ ने सीपीडब्ल्यूडी की झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए। साथ ही ट्रैक्टर कंपनियों के प्रतिनिधियों को छह स्मृति चिह्न दिए गए।रक्षा राज्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में सभी झांकियों ने संरचनाओं के माध्यम से रचनात्मकता को प्रदर्शित किया। यह सिर्फ एक व्यक्ति का योगदान नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है कि देश को दुनिया के सबसे मजबूत राष्ट्रों में से एक बनाया जाए। संजय सेठ ने सांस्कृतिक प्रदर्शन में 5,000 कलाकारों का नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की चुनौती लेने के लिए संस्कृति मंत्रालय को धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि देशभर के लोग इस प्रदर्शन से प्रभावित हुए। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में रक्षा राज्यमंत्री ने झांकी कलाकारों के तीन सांस्कृतिक प्रदर्शन भी देखे। तीनों सेनाओं, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ), अन्य सहायक बलों के मार्चिंग दस्तों, विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (यूटी) और केंद्र सरकार के मंत्रालयों तथा विभागों की झांकियों के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए जजों के तीन पैनल गठित किए गए थे। पैनल ने राज्य सरकारों की झांकियों में उत्तर प्रदेश को अव्वल घोषित किया। स्वर्णिम भारत- विरासत और विकास थीम पर आधारित इस झांकी ने महाकुंभ की भव्यता दर्शाते हुए सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिकता और आधुनिकता का अनूठा संगम पेश किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की झांकियों में त्रिपुरा की झांकी ने दूसरा स्थान हासिल किया। त्रिपुरा की झांकी का विषय 'शाश्वत श्रद्धा' था, जिसमें 14 देवताओं की पूजा को दर्शाया गया था। आंध्र प्रदेश की झांकी को तीसरा पुरस्कार मिला है। इस झांकी में पर्यावरण अनुकूल लकड़ी के खिलौनों को प्रदर्शित किया गया था। सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग टुकड़ी का पुरस्कार जम्मू और कश्मीर राइफल्स दल को दिया गया है। सीएपीएफ और अन्य सहायक बलों में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दस्ता दिल्ली पुलिस का रहा। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में जनजातीय कार्य मंत्रालय की झांकी को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया है, जिसमें जनजातीय गौरव वर्ष को दर्शाया गया था। पैनल ने केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी को विशेष पुरस्कार के लिए चयनित किया था, जिससे पुष्पों से भारत के संविधान के 75 वर्ष का जश्न मनाते हुए सजाया गया था। इसी तरह 'जयति जय ममः भारतम्' डांस ग्रुप को भी विशेष पुरस्कार ?दिया गया। इस वर्ष 'जयति जय ममः भारतम्' शीर्षक के तहत 5 हजार कलाकारों ने 11 मिनट के सांस्कृतिक प्रदर्शन में देश के विभिन्न भागों से 45 से अधिक नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया था। केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सर्वश्रेष्ठ झांकी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की रही, जिसमें मंत्रालय की व्यापक योजनाओं के अंतर्गत पोषित महिलाओं और बच्चों की बहुमुखी यात्रा को दिखाया गया था।

# कम नींद लेने से बच्चों का विकास होता है बाधित, अच्छी सेहत के लिए जानें कितना सोएं

अब डॉक्टर सिर्फ रक्त परीक्षण कर बता सकते हैं कि बच्चे में नींद की कमी है या नहीं। एक हालिया शोध में यह खुलासा किया गया है। बच्चों को रात में कम से कम नौ घंटे की नींद लेनी चाहिए जब तक वे 16 साल के नहीं हो जाते। नौ घंटे की नींद नहीं लेने से बच्चों के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**मोटापे का खतरा बढ़ जाता है-**

कम नींद से बच्चों का विकास बाधित होता है। इससे वे स्कूल और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते और उनमें मोटापे व मधुमेह से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है। यह बताना बेहद मुश्किल है कि बच्चे को कितनी नींद मिलती है क्योंकि ये बच्चे और उसके माता-पिता पर निर्भर करता है।

अभिभावकों को भी इस बात की सही जानकारी नहीं होती कि बच्चा कितनी देर तक सोता है। लेकिन, वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने एक ऐसा रक्त परीक्षण विकसित कर लिया है जिससे बच्चों के सोने की आदतों के बारे में सही जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

**आरएनएज अणु की करता है पहचान-**

इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड साइंस ऑफ द नेशनल रिसर्च काउंसिल के शोधकर्ताओं ने इस रक्त परीक्षण को विकसित किया है। यह रक्त परीक्षण खून में मौजूद माइक्रो आरएनएज नामक अणु की पहचान कर नींद के बारे में पता लगाता है। माइक्रो आरएनएज शरीर के सबसे सक्रिय जीन को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने नींद के समय के अनुसार माइक्रो आरएनएज में काफी बदलाव देखा।दो विभिन्न प्रकार के माइक्रो आरएनएज को देखने के बाद उन्होंने बताया कि कौन-सा बच्चा नौ घंटे सोता है और कौन कम सोता है। कितनी नींद लेना जरूरी- अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के अनुसार तीन साल से कम उम्र के बच्चों को हर रात 12 घंटे से ज्यादा सोना चाहिए और हर साल नींद में 15 मिनट की कटौती करते हुए 16 की उम्र में नौ घंटे की नींद पर आ जाना चाहिए।



## बच्चों की बेहतर देखभाल करती है कामकाजी महिलाएं, शोध में खुलासा



आमतौर पर माना जाता है कि नौकरी करने वाले दंपत्ति को संतान की बेहतर देखभाल करने में तमाम मुश्किलों का सामना करना पड़ता है लेकिन एक शोध ने इस धारणा को न सिर्फ गलत साबित किया है बल्कि आधुनिकता का जीवन बसर करने वाली कामकाजी महिलाओं को योग्य मां करार दिया है। महिलाओं के प्रमुख ब्रांड फेमिना ने भारतीय महिलाओं पर %ऑल अबाउट वीमन' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बताया गया है कि नौकरीपेशा माताओं के लिए उनके बच्चे पहली प्राथमिकता है।

अपनी व्यस्तता में से समय निकालकर आधुनिक दौर के माता-पिता यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई एक अभिभावक बच्चों की निगरानी के लिए उनके साथ हर समय मौजूद रहे।रिपोर्ट में आधुनिक नौकरीपेशा माताओं के जीवन के कई पहलुओं, जैसे उपभोक्ता व्यवहार, जीवनशैली, आदत, नया सामान खरीदने की ताकत और आपसी संबंधों समेत कई पक्षों को प्रस्तुत किया गया है। यह शोध देश के 10 बड़े और छोटे शहरों में रहने वाली 1500 से ज्यादा शहरी महिलाओं पर किया गया।कामकाजी महिलाओं की लाइफस्टाइल के दिलचस्प उदाहरण पेश करते हुए रिपोर्ट में खुद की देखभाल के प्रति महिलाओं की बढ़ती दिलचस्पी को भी उभारा गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि टाइम की कमी, बिजी शेड्यूल और थकाने वाले डेली रूटीन के बावजूद नौकरीपेशा कामकाजी महिलाओं ने स्वस्थ खान-पान की आदतों से कोई समझौता नहीं किया। कामकाजी माताएं अपने और अपने परिवार की सेहत के प्रति काफी जागरूक हैं।

दफ्तर की जिंदगी और व्यक्तिगत जीवन में तालमेल के सवाल पर शोध में शामिल महिलाओं ने बताया कि वह अपने परिवार और सहयोगियों की सक्रिय मदद से नौकरी और निजी जिंदगी में संतुलन बनाने में कामयाब हो पाई हैं।

## शारीरिक, भावनात्मक बोझ तले दबे होते हैं ऑटिज्म ग्रस्त बच्चों के पेरेंट्स: अध्ययन



ऑटिज्म से ग्रस्त बच्चों के परिवारों को अत्यंत शारीरिक और भावनात्मक बोझ सहना पड़ता है और कई बार उनपर बच्चों के साथ बदसलूकी के भी आरोप लगते हैं। यह बात एक अध्ययन के परिणामों में कही गयी है। ऑटिज्म बच्चों की विकास प्रक्रिया से जुड़ा एक विकार है जो उनकी संवाद करने और बातचीत करने की क्षमता को प्रभावित करता है।

अमेरिका में रुटजर्स विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं समेत अन्य विशेषज्ञों ने ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार से ग्रस्त पाये गये 2 से 20 साल की उम्र के 16 लोगों की देखभाल करने वाले 25 लोगों पर यह अध्ययन किया अध्ययन में इस बात का आकलन किया गया कि इन बच्चों की देखभाल उनके पारिवारिक विन्यास, परिवार के लोगों के शारीरिक तथा भावनात्मक स्वास्थ्य, सामाजिक कामकाज आदि पर क्या असर डालती है। इंटरनेशनल जर्नल ऑफ ऑटिज्म एंड रिलेटेड डिसैबिलिटीज में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार ऐसे परिवारों में भावनात्मक गुबार उठना लाजिमी है जहां ऑटिज्म से जूझ रहे बच्चे रहते हैं। अध्ययन में पाया गया कि ऐसे परिवार सामाजिक अलगाव से भी ग्रस्त हैं। रुटजर्स यूनिवर्सिटी में न्यूरोलॉजी के प्रोफेसर तथा अध्ययन के सह-लेखक शु मिंग ने कहा, "ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर से लोगों पर पड़ने वाले असर को लेकर तो समझ बढ़ी है,

## सर्दियों में छोटे बच्चों को सुलाने का क्या है सही तरीका, जानें इस मौसम में कैसे करें उनकी देखभाल

सर्दियों में बच्चों का ख्याल रखना आसान नहीं है। ऐसे में बहुत जरूरी है कि न्यू बोर्न बेबी का ध्यान रखने के लिए कुछ बेसिक बातों पर गौर किया जाए। वहीं, अगर आप पहली बार पैरेंट बने हैं, तो आपकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। आइए, जानते हैं सर्दियों में कैसे रखें बच्चों का ध्यान-

-जिस कमरे में आपने न्यू बॉर्न बेबी को रखा है, ठंड के मौसम में उस कमरे का टेंप्रेचर हल्का गर्म रखें। इसके लिए आप रूम हीटर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। लेकिन इसे बच्चे के पास ना जलाएं। डायरेक्ट हीट उसे नुकसान पहुंचा सकती है।-अगर आपने एक फुल स्लीव्स की शर्ट और एक कार्डिगन पहना है तो बच्चे को एक शर्ट, एक बॉडी वॉर्मर और एक कार्डिगन पहना दें। उसके हाथ और पैर को वूलन सॉक्स और दस्ताने से कवर करके रखें। सिर पर वूल की कैप के नीचे न्यू बॉर्न को पहले एक कॉटन के कपड़े की कैप पहनाएं।पहनाने चाहिए बल्कि उन्हें लाइट लेकिन वॉर्म फैब्रिक से बने कपड़े पहनाने चाहिए। आप हल्के गर्म कपड़ों की कई लेयर पहनाएं बजाय एक हेवी कोट के। इस बात का ध्यान तब जरूर रखें, जब आप कार से बेबी के साथ बाहर जा रहे हों।

घर से बाहर जाने से पहले अपने न्यू बॉर्न बेबी को अच्छी तरह कपड़े पहनाने के साथ ही एक वॉर्म शॉल या बेबी रैप कवर में अच्छी तरह लपेट लें। ज्यादा ठंड हो तो बच्चे का फेस किसी लाइट कॉटन हैंकी से कवर करें। उसके फेस को लपेटें नहीं।-ठंड के वक्त बच्चे को सुलाते समय उसे पूरी तरह कंबल (ब्लैंकेट) में न लपेटें।

बल्कि कंबल को उसके आर्म्स तक रखें और ऊपर की तरफ से एक शॉल लेकर उसके सिर का एरिया कवर कर दें। बच्चे को इस तरह सुलाते समय दिन में भी उसके ऊपर मच्छरदानी का उपयोग करें।




## बच्चों से ज्यादा पैरेंट्स हो रहे हैं मोबाइल लत के शिकार





आजकल जमाना डिजिटल हो गया है। बच्चे ही नहीं, बड़े भी मोबाइल पर खासा समय बिताते हैं। ऐसे में माता-पिता के भी मोबाइल में व्यस्त रहने की बात सामने आई है। एक सर्वे के अनुसार, 70 फीसदी माता-पिता इस बात को स्वीकार करते हैं कि वे जरूरत से ज्यादा समय ऑनलाइन रहते हैं। इसका नकारात्मक असर परिवार पर पड़ता है।अक्सर लोग शिकायत करते हैं कि उनके बच्चे हद से ज्यादा मोबाइल, लैपटॉप और अन्य गैजेट्स का इस्तेमाल करते हैं। मगर इस ओर कम ध्यान देते हैं कि कहीं उन्हीं से तो बच्चों में यह आदत विकसित नहीं हो रही। एक हालिया अध्ययन की मानें तो अभिभावक खुद जरूरत से ज्यादा वक्त तकनीक पर बर्बाद कर रहे हैं। अध्ययन में 72 फीसदी अभिभावकों ने माना है कि इंटरनेट और मोबाइल के ज्यादा इस्तेमाल का असर परिवार पर पड़ता है और उनका सामान्य पारिवारिक जीवन भी इसकी वजह से बाधित हो रहा है।

बीते दिन जारी हुई एक रिपोर्ट में यह बात सामने आयी। बुरी लत की तरह है- सर्वे के मुताबिक, 70 फीसदी माता-पिता इस बात से सहमत हैं कि इंटरनेट पर समय बिताना उनके लिए व्यसन सरीखा हो गया है। हालांकि 51 प्रतिशत लोग इंटरनेट और मोबाइल को खुद की और अपने बच्चों की बातचीत को प्रभावित करने की अनुमति दे देते हैं। ऐसे अभिभावक अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविध के साथ-साथ खुद भी मोबाइल फोन के प्रयोग की अपनी आदतों को रोकने का प्रयास नहीं करते हैं।बच्चों पर भरोसा रिपोर्ट के अनुसार, माता-पिता इंटरनेट के इस्तेमाल को लेकर बच्चों पर भरोसा करते हैं। कैस्परस्काई द्वारा कराए गए सर्वे में 52 प्रतिशत अभिभावकों ने इस बात को लेकर सहमति जताई कि उनके बच्चे जानते हैं कि कब इसका इस्तेमाल अधिक हो चुका है और उन्हें इसे बंद कर देना चाहिए।

सर्वे के अनुसार, माता (48 फीसदी) की तुलना में पिता (57 प्रतिशत) बच्चों पर उनकी इंटरनेट आदत को लेकर अधिक विश्वास करते हैं। सर्वे में यह बात भी सामने आई कि 40 प्रतिशत पैरेंट्स को ऐसा लगता है कि उन्हें अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों को नियंत्रित करने की जरूरत नहीं है। हालांकि यह खतरनाक हो सकता है, क्योंकि साइबर खतरे महज एक क्लिक की दूरी पर होते हैं।आकर्षक लगती है इंटरनेट की दुनिया-सर्वे कराने वाली कंपनी कैस्परस्काई की अधिकारी मरीना टिटोवा के अनुसार इंटरनेट और डिजिटल दुनिया पर बच्चों को आकर्षक सामग्री मिलती है। इससे उनका ध्यान लंबे समय तक उसी में लगा रहता है।

# रणजी में नहीं चला विराट कोहली का बल्ला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की ओर से रणजी में खेल रहे भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला नहीं चला और वह छह रन पर आउट होकर पवेलियन लौट गये। आज यहां अरूण जेटली स्टेडियम में दिल्ली और रेलवे के बीच खेले जा रहे रणजी मुकाबले में राहुल शर्मा ने यश धुल (32) को पगबाधा आउट कर रेलवे को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद दर्शकों से भरा स्टेडियम कोहली-कोहली की आवाज से गूंज उठा। दर्शकों ने तालीबजा कर कोहली का स्वागत किया। बल्लेबाजी करने आये विराट कोहली ने 15 गेंदों का सामना किया और एक चौका लगाया। वह पहली पारी में मात्र छह रन बनाकर आउट हुए। उन्हें के तेज गेंदबाज हिमांशु सांगवान ने बोल्ड आउट किया। स्टेडियम में विराट को लेकर अलम यह था कि उनके आउट होने के साथ ही वहां सन्नाटा छा गया और दर्शक वापस लौटने लगे। बड़ी उम्मीद के साथ स्टेडियम में मैच देखने आये दर्शकों को निराशा हुई। इस दौरान मेट्रो स्टेशन पर भीड़ उमड आयी। लंबी-लंबी कतार देखी गई। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे है। विराट फॉर्म हासिल करने के लिए 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेले मैदान में उतरे है।

## मुम्बई ने मेघालय पर 127 रनों बढ़त के साथ मैच पर बनाई मजबूत पकड़

**मुम्बई।** शार्दुल ठाकुर (चार विकेट) और मोहित अवस्थी (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद लाड (नाबाद 89) और अजिंक्य रहाणे (नाबाद 83) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर मुम्बई ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए में दो विकेट पर 213 का स्कोर कर 127 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। मेघालय के 86 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट आयुष म्हात्रे (पांच) के रूप में गवां दिया। अमोघ भटकल (28) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद सिद्धेश लाड और अजिंक्य रहाणे ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। दिन का खेल समाप्त होने के समय मुम्बई ने 59 ओवर में दो विकेट पर 213 रन बनाकर कर 127 रनों की बढ़त बना ली है। सिद्धेश लाड (नाबाद 89) और अजिंक्य रहाणे (नाबाद 83) क्रीज पर मौजूद थे। मेघालय की ओर से आकाश चौधरी और अनीश चरक ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। मुम्बई ने आज यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मेघालय की शुरुआत बेहद ही खराब रही। शार्दुल ठाकुर और मोहित अवस्थी की घातक गेंदबाजी के आगे मेघालय ने मात्र दो रन के स्कोर पर अपने छह विकेट गवांकर संकट में फंसी गई थी। ऐसे समय में प्रिंगसांग संगमा और आकाश चौधरी ने पारी को संभलाने का प्रयास किया।

## जेसन गुनावान को हराकर किदाम्बी श्रीकांत ने थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में

**पथुमवान।** (वार्ता) भारतीय बैडमिंटन स्टार किदांबी श्रीकांत ने हांगकांग चीन के जेसन गुनावान को हराकर थाईलैंड मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां निमिबुत्र स्टेडियम में खेले गये राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में श्रीकांत ने गुनावान को सीधे सेटों में 21-19, 21-15 से हराया। किदांबी श्रीकांत की जेसन गुनावान पर यह लगातार दूसरी जीत थी। दिन के दूसरे पुरुष एकल मुकाबले में भारत शंकर सुब्रमण्यन ने शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो को 59 मिनट तक चले मैच में 9-21, 21-10, 21-17 से हराया। शंकर सुब्रमण्यन इंडोनेशिया के तीसरे वरीय खिलाड़ी के खिलाफ पहला गेम हार गए, लेकिन दूसरे गेम में वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम में ले गए। इस जीत के साथ ही वह टूर्नामेंट के क्वार्टरफानइल में पहुंच गये है। दोनों भारतीय शटलर अंतिम आठ में चीन के प्रतिद्वंद्वियों से मुकाबला करेंगे। श्रीकांत का मुकाबला छठी वरीयता प्राप्त झेंग जिंग वांग से होगा, जबकि शंकर का सामना झुआन चेन झू से होगा।

## तरुणसंघा ने वायुसेना को चौंकाया, हिंदुस्तान हारी

**नयी दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग में खेले गए मैच में तरुण संघा ने भारतीय वायुसेना को 2-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। वहीं दिन के दूसरे नीरस मुकाबले में नेशनल यूनाइटेड स्पोर्ट्स क्लब ने हिंदुस्तान एफ सी को एकमात्र गोल से हराया। आज यहां नेहरू स्टेडियम में खेले गये मैच में लाल बॉयलन किलोंग ने 36 वें मिनट में विजयी टीम का गोल किया। तरुणसंघा के लिए चिहंसा और मैन ऑफ द मैच इरूँगबाम ने गोल दागे। वायुसेना के लिए संकित ने गोल किया। मैच दर मैच बेहतर प्रदर्शन करने वाले तरुण संघा ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया लेकिन खाता खोलने के लिए 75 वें मिनट तक इन्तजार करना पड़ा। चिहंसा ने पहला और फिर लम्बी सीटी से चंद सेकंड पहले इरूंगबम के गोल से जीत पाई। इस बीच मिली पेनल्टी पर संकित ने वायुसेना का गोल बनाया। नेशनल और हिन्दुस्तान का मुकाबला मिड फील्ड तक आकर्षक रहा लेकिन गोल मुहाने पर दोनों तरफ के खिलाडियों के निशाने लक्ष्य से दूर रहे। आज की जीत से तरुणसंघ ने 16 मैचों में 18 अंक जुटा लिए हैं, जबकि वायुसेना के 17 मैचों में 16 अंक हैं। नेशनल यूनाइटेड के 16 मैचों 19 और हिंदुस्तान के 15 मैचों में 16 अंक बने हैं।

# इंग्लैंड को सस्ते में समेट कर ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की अच्छी शुरुआत

एजेंसी

**मेलबर्न।** अलाना किंग (चार विकेट), किम गार्थ और डार्सी ब्राउन (दो-दो विकेट) के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 24) और फीबी लिचफील्ड (नाबाद 20) रनों की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैड को 170 रन में समेट कर आस्ट्रेलिया महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड खिलाफ एक विकेट पर 56 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की, हालांकि वह अभी इंग्लैंड के स्कोर से 114 रन से पीछे है।

इंग्लैंड के 170 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने सातवें ओवर में जॉर्जिया वॉल (12) का विकेट गवां दिया था। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 56 रन बना लिये है और ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 24) और फीबी लिचफील्ड (नाबाद 20) क्रीज पर मौजूद थी। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने एक विकेट लिया। इससे पहले




आज यहां ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 47 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिये। मैया बाउचियर (दो), टैमी बोमॉन्ट (आठ) और कप्तान हीथर नाइट (25) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नेट सायवर ब्रंट और सोफिया डंकली ने पारी को संभालने का प्रयास किया। अलाना किंग ने सोफिया डंकली (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। डेनिएल वायट (22), एमी जोंस (तीन), सोफी एकल्सटन (एक) रन बनाकर आउट हुई। नेट सायवर ब्रंट ने सर्वाधिक (51) रनों की पारी खेली। रायना मैकडॉनल्ड-गे (15) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड की पूरी टीम 71.4 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड के चार बल्लेबाज दहाई का स्कोर पर नहीं कर सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से अलाना किंग ने 23 ओवर में 45 रन देकर चार विकेट लिये। किम गार्थ और डार्सी ब्राउन को दो-दो विकेट मिले। एश्ली गार्डनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## ओलंपिक फिगर स्केटिंग लीजेंड डिक बटन का 95 वर्ष की आयु में निधन



एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और पांच बार के विश्व चैंपियन डिक बटन का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे एडवर्ड ने उनकी मौत की पुष्टि की। बटन, जो पहले अमेरिकी पुरुष ओलंपिक फिगर स्केटिंग चैंपियन थे, ने 1948 और 1952 में स्वर्ण पदक जीते। उन्होंने पहली बार डबल एक्सल और ट्रिपल जंप जैसी तकनीकों को प्रतियोगिता में शामिल किया, जिससे स्केटिंग में क्रांतिकारी बदलाव आया। स्केटिंग के प्रति उनके योगदान को सम्मान देते हुए, बोस्टन स्केटिंग क्लब ने उनके नाम पर एक ट्रॉफी रूम स्थापित किया और डिक बटन आर्टिस्टिक फिगर स्केटिंग शोकेस का आयोजन किया। प्रतियोगिता से संन्यास लेने के बाद, बटन एक प्रतिष्ठित टीवी कमेंटेटर बने और स्केटिंग के तकनीकी पहलुओं को लोकप्रिय बनाया। उन्होंने पेशेवर स्केटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया, जिससे खिलाड़ियों को अपने करियर के बाद भी मंच मिला। यूएस फिगर स्केटिंग ने उन्हें फिगर स्केटिंग में क्रांति लाने वाला बताया और उनके परिवार व प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# पार्थ माने ने राष्ट्रीय खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा जीती, महाराष्ट्र का दबदबा कायम

एजेंसी

**देहरादून।** 17 वर्षीय विश्व जूनियर चैंपियन पार्थ माने ने 38वें राष्ट्रीय खेलों उत्तराखंड में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। त्रिशूल शूटिंग रेंज में हुए इस मुकाबले में महाराष्ट्र के रुद्राक्ष पाटिल को हराकर उन्होंने पहला स्थान हासिल किया, जबकि किरण जाधव ने कांस्य पदक जीतकर महाराष्ट्र के लिए पोडियम फिनिश को पूरा किया।

**पार्थ माने का दबदबा कायम**

पार्थ माने ने पूरे फाइनल के दौरान शानदार लय बनाए रखी। अनुभवी निशानेबाजों के बीच भी वह शांत बने रहे और एक सीरीज को छोड़कर बाकी सभी में बढ़त बनाए रखी। फाइनल के दौरान उनके कई शॉट्स ने 10.7 या उससे अधिक स्कोर किया, जिससे उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ।

जब रुद्राक्ष पाटिल ने 20 शॉट्स के बाद मात्र 0.6 अंकों का अंतर रखते हुए चुनौती पेश की, तब पार्थ ने दबाव में भी अपने प्रदर्शन को बरकरार रखा। अंतिम चार शॉट्स में रुद्राक्ष ने 42.2 अंक बनाए, लेकिन पार्थ ने 42.4 अंक के साथ जवाब दिया, जिसमें 10.8 और 10.7 के बेहतरीन निशाने शामिल थे।

ओलंपिक स्वर्ण से बेहतर स्कोर

पार्थ ने कुल 252.6 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो पेरिस 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक स्कोर से 0.4 अंक अधिक था। उनके निरंतर प्रदर्शन ने उन्हें पूरे फाइनल में बढ़त बनाए रखने में मदद की, हालांकि एलिमिनेशन राउंड में रुद्राक्ष पाटिल की शानदार शूटिंग ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

अन्य प्रमुख प्रदर्शन

रुद्राक्ष पाटिल ने रजत पदक जीता और माना कि उन्होंने चौथे स्थान पर जाने के डर को दूर रखते हुए हर शॉट पर ध्यान केंद्रित किया।

अर्जुन बाबूता (पंजाब), जो शुरू में शीर्ष पर बने हुए थे, 16वें शॉट के बाद 10.4 स्कोर कर चौथे स्थान पर खिसक गए।

किरण जाधव, जो 20वें शॉट तक चौथे स्थान पर थे, ने 10.8 अंक का दबाव झेलते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया।

पार्थ मखीजा (दिल्ली) ने पांचवां स्थान और संदीप सिंह (सर्विसेज) छठा स्थान हासिल किया।

असम के हृदय हजारिका, 2018 के विश्व जूनियर चैंपियन, इस अवसर का फायदा नहीं उठा सके और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। इस जीत के साथ पार्थ माने ने राष्ट्रीय खेलों में अपनी छाप छोड़ दी।

# वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल हुए जैकब डफी

एजेंसी

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान में होने वाली आगामी वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए तेज गेंदबाज जैकब डफी को अपनी टीम में शामिल किया है। 30 वर्षीय डफी, जो चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रिजर्व खिलाड़ी के रूप में चुने गए हैं, लॉकी फर्ग्यूसन के कवर के रूप में टीम से जुड़ेंगे। फर्ग्यूसन वर्तमान में आईएलटी20 लीग में डेजर्ट वाइपर के लिए खेल रहे हैं और 10 फरवरी तक टूर्नामेंट में व्यस्त रहेंगे।

डफी ने हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने पांच सफेद गेंद के मैचों में 12 विकेट चटकाए और टी20 सीरीज के प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ का खिताब जीता। वह न्यूजीलैंड की वनडे टीम के अन्य खिलाड़ियों के साथ सोमवार को पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे।

**न्यूजीलैंड का कार्यक्रम**

वनडे त्रिकोणीय सीरीज के तहत न्यूजीलैंड को लाहौर के गद्दाफी



स्टेडियम में 8 फरवरी को पाकिस्तान और 10 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले खेलने हैं। यदि टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करती है, तो 14 फरवरी को कराची में खिताबी मुकाबला होगा। इसके बाद न्यूजीलैंड को 16 फरवरी को कराची में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का आधिकारिक अभ्यास मैच खेलना है। फिर, 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड आईसीसी इवेंट के पहले मुकाबले में उतरेगा।

**न्यूजीलैंड टीम (वनडे त्रिकोणीय सीरीज के लिए)**

मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, बेन सियर्स, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग,जैकब डफी।

# 38वें राष्ट्रीय खेल के वेटलिफ्टिंग में छत्तीसगढ़ ने जीते दो स्वर्ण, महाराष्ट्र ने जीते सबसे ज्यादा पदक

एजेंसी

**देहरादून।** 38वें राष्ट्रीय खेल के वेटलिफ्टिंग मुकाबले का आगाज शानदार रहा, जिसमें छत्तीसगढ़ ने पहले ही दिन दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी ताकत दिखाई। हालांकि, महाराष्ट्र ने कुल छह पदकों के साथ पदक तालिका में बढ़त बनाई जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक शामिल हैं।

महिला 45 किग्रा वर्ग

केरल की सुफना जैस्मिन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल 159 किग्रा (स्नैचः 72 किग्रा, क्लीन एंड जर्क- 87 किग्रा) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता। हालांकि, वह 93 किग्रा के प्रयास में दो बार असफल रहीं। महाराष्ट्र की दीपाली गुरसाले ने 151 किग्रा (स्नैच- 69 किग्रा, क्लीन एंड जर्क- 82 किग्रा) के साथ रजत पदक जीता, जबकि मध्य प्रदेश की रानी नायकठ146




किग्रा के साथ कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं।

इस वर्ग में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जहां छत्तीसगढ़ के विजय कुमार ने क्लीन एंड जर्क में 143 किग्रा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बराबर करते हुए कुल 248 किग्रा भार उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। महाराष्ट्र के मुकुंद संतोष आहेर ने 247 किग्रा के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके साथी गौड़ आकाश श्रीनिवास ने 244 किग्रा के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

महिला 49 किग्रा वर्ग

छत्तीसगढ़ का स्वर्ण अभियान जारी रहा, जब ज्ञानेश्वरी देवी ने 191 किग्रा (स्नैच- 85 किग्रा, क्लीन एंड जर्क- 106 किग्रा) उठाकर पहला स्थान प्राप्त किया। महाराष्ट्र की सारिका ने 179 किग्रा के साथ रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा की कोमल कोहड़ ने 179 किग्रा ही उठाया, लेकिन टाई-ब्रेक नियमों के आधार पर कांस्य पदक प्राप्त किया।

पुरुष 61 किग्रा वर्ग

सर्विसेज के ऋषिकांत सिंह ने कुल 273 किग्रा (स्नैच- 122 किग्रा, क्लीन एंड जर्क- 151 किग्रा) उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। महाराष्ट्र के संकेत महादेवा सागर ने 259 किग्रा के साथ रजत पदक जीता, जबकि उनके साथी शुभम तानाजी तोडकर ने 254 किग्रा उठाकर कांस्य पदक प्राप्त किया।

## रणजी ट्रॉफी : पहले दिन का खेल खत्म, रेलवेज 241 पर सिमटी, दिल्ली ने एक विकेट खोकर बनाये 41 रन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और रेलवेज के बीच यहां अरुण जेटली स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेला जा रहा है। मुकाबले में पहले दिन का खेल खत्म हो गया है। रेलवेज की पहली पारी में बनाए 241 रन के जवाब में दिल्ली की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 41 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाज सनत सांगवान 28 गेंदों पर 9 रन और यश ढुल 25 गेंदों पर 17 रन बनाकार नाबाद लौटे हैं।

सुबह मुकाबले में टॉस दिल्ली ने जीता और उसने गेंदबाजी चुनी। रेलवेज ने पहले बल्लेबाजी की और पहली पारी में 67.4 ओवर खेलते हुए 241 रन बनाए। रेलवेज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 21 रन तक तीन विकेट खो दिए। अंचित यादव 7 और कप्तान सूरज आहूजा 14 रन बनाकर आउट हुए। विवेक सिंह खाता भी नहीं खेल सके। फिर कुछ देर मोहम्मद सैफ ने बल्लेबाजी और 24 रन बनाकर आउट हुए। भार्गव मेराई बिना खाता खोले आउट हो गए। इस समय तक रेलवेज ने 66 रन तक अपने पांच विकेट खो दिए थे। यहां से विकेटकीपर बल्लेबाज उपेंद्र यादव और स्पिनर कर्ण शर्मा ने पारी को संभाला और टीम के स्कोर को 150 के पार ले गए। कर्ण शर्मा 105 गेंदों में 50 रन की शानदार पारी खेलकर आउट हुए। उपेंद्र यादव अपने शतक से चूक गए और 95 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने अपनी पारी में 177 गेंदों का सामना किया और 10 चौके व एक छक्का लगाया। हिमांशु सांगवान ने 29 रन की पारी खेली। इस तरह टीम 241 रन बनाने में कामयाब रही। दिल्ली के लिए नवदीप सैनी और सुमित माथुर ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि सिद्धांत शर्मा और मनी ग्रेवाल ने 2-2 विकेट झटके।

## लक्ष्य श्योराण और नीरू ने तीसरे दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप के ट्रैप में जीता स्वर्ण

एजेंसी

**भोपाल।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता लक्ष्य श्योराण (हरियाणा) और स्थानीय पसंदीदा नीरू (मध्य प्रदेश) तीसरे दिग्विजय सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप में पुरुष और महिला ट्रैप इवेंट के खिताब जीते। यह प्रतियोगिता एमपी राज्य अकादमी (एमपीएसए ) शूटिंग रेंज पर संपन्न हुई। लक्ष्य ने 50-शॉट फाइनल में 47 शॉट्स के साथ पुरुष ट्रैप में स्वर्ण जीता, जबकि उनकी बहन नीरू ने 45 शॉट्स के साथ महिला ट्रैप खिताब अपने नाम किया, दोनों ने बहुत ही नजदीकी मुकाबलों में जीत हासिल की। लक्ष्य ने फाइनल में शानदार शुरुआत की, जिससे वह दिल्ली के फहद सुलतान की सुपर फिनिश को मात दे सके। फहद 45 शॉट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहे। राजस्थान के सुलेमान अरश एलाही ने 42 शॉट्स के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि ओलंपियन पृथ्वीराज टोंडिमान पांचवें स्थान पर रहे। महिला फाइनल में भी मुकाबला बेहद कड़ा रहा, जिसमें दिल्ली की शूटर कीर्ति गुप्ता ने अच्छा प्रदर्शन



किया। हालांकि अंतिम 10 शॉट्स में एक मिस ने उनका पदक जीतने का सपना तोड़ दिया और नीरू ने यह मुकाबला एक शॉट से जीता। इस फाइनल में पंजाब की ओलंपियन राजेश्वरी कुमारी ने 34 शॉट्स के साथ कांस्य पदक जीता।

जूनियर पुरुष वर्ग में, हाल ही में जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन बने राजस्थान के विनय प्रताप सिंह चंद्रावत ने 43 शॉट्स के साथ स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के युगन एसएम ने एक शॉट कम करके रजत पदक जीता, जबकि राजस्थान के उधव सिंह राठौड़ ने कांस्य पदक प्राप्त किया, जिससे राजस्थान ने इस श्रेणी में दो पदक जीते

जूनियर महिला वर्ग में भी एक अन्य हालिया जूनियर राष्ट्रीय चैंपियन श्रेस्था सिसोदिया ने उत्तर प्रदेश की सबीरा हारिस को हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों के 50-शॉट्स के मुकाबले के बाद स्कोर बराबरी पर थे, लेकिन श्रेस्था ने शूट-ऑफ में 2-1 से जीत हासिल की। दिन का पांचवां फाइनल, पुरुष मास्टर्स ट्रैप, तमिलनाडु के अनुभवी गोविंदराज थिरुवेणकटम ने जीता। उन्होंने अपने राज्य के साथी अभिमन्यु प्रकाश को 36 शॉट्स के साथ हराया। उत्तर प्रदेश के इंदरजीत सिंह ने कांस्य पदक जीता।

## राहुल बोस ने रग्बी सेवेंस क्वार्टर फाइनल का किया अवलोकन

एजेंसी

**देहरादून।** भारतीय अभिनेता एवं रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने 38वें राष्ट्रीय खेल के रग्बी सेवेंस क्वार्टर फाइनल मुकाबले का अवलोकन किया। वह महाराणा प्रताप स्टेडियम, देहरादून में इस रोमांचक प्रतियोगिता के साक्षी बने। इस अवसर पर उन्होंने 38वें राष्ट्रीय खेल के सीईओ अमित कुमार सिन्हा से मुलाकात कर खेलों और उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा की। खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए राहुल बोस ने अपने राष्ट्रीय रग्बी कोच द्वारा कही गई एक महत्वपूर्ण बात साझा की ङ्क खेल के बाद अपना मृत शरीर मैदान पर छोड़ दो। उन्होंने इस कथन का अर्थ समझाते हुए कहा कि खेल खत्म होने के बाद शरीर और दिमाग में कुछ भी शेष नहीं रहना चाहिए। खिलाड़ी को अपनी पूरी ऊर्जा और ताकत मैदान पर ही लगा देनी चाहिए।इसके अलावा, उन्होंने कहा, जीतना और हारना आपके हाथ में नहीं है, लेकिन अपना सर्वश्रेष्ठ देना आपके हाथ में है। इसलिए खुश रहें और 38वें राष्ट्रीय खेल का भरपूर आनंद लें।



उनकी इस प्रेरणादायक बात ने खिलाड़ियों और दर्शकों में नई ऊर्जा भर दी। राहुल बोस की उपस्थिति ने न केवल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया बल्कि राष्ट्रीय खेलों में रग्बी सेवेंस के महत्व को भी उजागर किया। उनके संदेश से खिलाड़ियों को खेल के प्रति पूर्ण समर्पण और जुनून का महत्व समझने का अवसर मिला।

## 38वां राष्ट्रीय खेलः अनीश भानवाला और नर्मदा राजू ने शूटिंग फाइनल में जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

**देहरादून।** देहरादून में त्रिशूल शूटिंग रेंज 38वें राष्ट्रीय खेलों में एक हाई-ऑक्टेन प्रतियोगिता में अनीश भानवाला और नर्मदा नितिन राजू ने अपने-अपने फाइनल मुकाबले जीत लिए हैं। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मेन्स फ़ाइनल में अनीश भानवाला (हरियाणा) ने अपने संग्रह में एक और स्वर्ण जोड़ा, 31 हिट के साथ रजत पदक विजेता गुरप्रीत सिंह (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) से तीन आगे रहे, जिन्होंने 28 हिट पोस्ट किए। विजयवीर सिद्धू (पंजाब) ने 26 हिट के साथ पोडियम पर पहुंचकर कांस्य पदक हासिल किया।

लंबे ब्रेक के बाद प्रतियोगिता में लौटे भानवाला ने जीत के बाद कहा, ÷पैरालंपिक के बाद यह मेरा पहला पदक है और वापस आकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह राष्ट्रीय खेलों में मेरा दूसरा स्वर्ण है, मेरा पहला स्वर्ण अहमदाबाद में था। लंबा ब्रेक कठिन रहा है लेकिन यह सब यात्रा का हिस्सा है। वहीं, 10 मीटर एयर



राइफल महिला फाइनल में नर्मदा नितिन राजू (तमिलनाडु) ने आर्य राजेश बोरसे (महाराष्ट्र) को हराकर 254.4 के प्रभावशाली स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि रमिता जिंदल (हरियाणा) ने 230.4 के साथ कांस्य पदक हासिल किया। जीत से रोमांचित नर्मदा राजू ने कहा कि मैं बता नहीं सकता कि मैं कितनी खुश हूं। अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की बात है। रेंज पर दबाव से निपटना खेल का हिस्सा है लेकिन आज, यह सब एक साथ आ गया।' उन्होंने अपनी यात्री को लेकर कहा कि 'रोल मॉडल की तलाश करने के बजाय, अपने खुद के रोल मॉडल बनें। हर दिन अपने आप को आगे बढ़ाएं, और आपको सफलता मिलेगी।'

# खिलाड़ियों को पसंद आ रही रही फैन पार्क और मौली संवाद पहल,मिट रही मुकाबले की थकान

एजेंसी

**देहरादून।** 38 वें राष्ट्रीय खेल में चाहे वो फैन पार्क हो या फिर मौली संवाद कान्क्लेव दोनों ही पहल को खिलाड़ी पसंद कर रहे हैं। राष्ट्रीय खेलों के सबसे प्रमुख केंद्र महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में फैन पार्क और कॉन्क्लेव प्वाइंट आस-पास ही हैं। एक जगह खिलाड़ियों की थकान मिटाने के इंतजाम हैं, तो दूसरी जगह मोटिवेशन की वो धारा है, जो नए खिलाड़ियों को राह दिखाने वाली है। अपने मैच खत्म हो जाने या फिर खाली समय में खिलाड़ी दोनों ही जगह मौजूद दिख रहे हैं। राष्ट्रीय खेल के फैन पार्क में हर समय गिटार की मधुर धुन ही नहीं है, डीजे का धूम धड़क्का भी है, जिसमें खिलाड़ी और उनके साथ आए लोग नाच-झूम रहे हैं। मैच देखने के लिए आने वाले खेल प्रेमियों के लिए भी यहां एंट्री है।

फैन पार्क में खिलाड़ियों का धूम धड़क्का -शूटिंग के मैच खत्म होने के बाद फैन पार्क पहुंची छत्तीसगढ़ की श्रुति यादव वहां बज रहे गिटार की धुन को इन्ज्वॉय करती दिखीं। बातचीत में श्रुति ने कहा कि उत्तराखंड के इंतजाम अच्छे हैं। वह बताती हैं-छत्तीसगढ़ की शूटिंग टीम पहली बार नेशनल खेल रही हैं। फैन पार्क की पहल को वह अच्छा बताती हैं। खिलाड़ी मौली संवाद में जान रहे अहम बातें-नेशनल स्पोर्ट्स विजन कॉन्क्लेव में 30 सत्रों की शृंखला 12 फरवरी तक चलनी हैं। इस कॉन्क्लेव को राष्ट्रीय खेल के शुभंकर मौली से जोड़ते हुए मौली संवाद नाम दिया गया है। यहां पर खिलाड़ियों को खेल विकास और उससे जुड़ी तमाम अन्य बातों की जानकारी देने की व्यवस्था की गई है। 50 विशेषज्ञों का पैनल तैयार है। जानी मानी एथलीट रह चुकीं अंजू बॉबी जार्ज और भारतीय हॉकी की कप्तान रानी रामपाल और संग्राम सिंह के टिप्स से इस सीरीज का आगाज हो चुका है। खिलाड़ियों को मोटिवेशन सपोर्ट, मेडिकल, न्यूट्रिशन, इंजरी से उबरने, डोपिंग समेत तमाम अन्य बिंदुओं पर टिप्स देने के लिए रोजाना सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। पंजाब की वुशु टीम के खिलाड़ी हरप्रीत व शिवम ने कहा-यह आयोजन खिलाड़ियों की बेहतरी से जुड़ा है।

चार जगह संचालित हो रहे फैन पार्क :-राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रहे खिलाड़ियों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए हरिद्वार, हल्द्वानी व रूद्रपुर में भी फैन पार्क संचालित किए जा रहे हैं। इन तीनों ही जगहों पर राष्ट्रीय खेल आयोजित किए जा रहे हैं। नैनीताल में कोई खेल इवेन्ट नहीं होनी है, लेकिन पर्यटन नगरी में राष्ट्रीय खेल के प्रचार की दृष्टि से वहां भी फैन पार्क चलाया जा रहा है।

-कॉन्क्लेव में 12 फरवरी को भारतीय स्टार मुक्केबाज निखत जरीन आएंगी। इसके अलावा, जानी मानी एथलीट रह चुकी अश्विनी नचप्पा, चक दे इंडिया फेम पूर्व हॉकी खिलाड़ी मीर रंजन नेगी समेत कई विशेषज्ञों के भी कॉन्क्लेव में कार्यक्रम तय किए गए हैं। देहरादून में यह कॉन्क्लेव 12 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। एक दिन 11 फरवरी को हल्द्वानी में भी कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी।

नोडल अधिकारी, गेम्स ऑपरेशन नीरज गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ी अपना बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उनके मनोरंजन और ज्ञानवर्धन के लिए भी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि उन्हें हर लिहाज से एक अच्छा वातावरण मिले और वह खेलों में आगे बढ़ सकें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी कोशिश है कि देशभर से आए खिलाड़ी देवभूमि उत्तराखंड से बहुत अच्छे अनुभव लेकर के जाएं। इसी अनुरूप तमाम तरह की व्यवस्था की गई हैं। हम चाहते हैं कि राष्ट्रीय खेल सभी खिलाड़ियों के विकास में सहायक साबित हों।



## 25 साल पहले सूरज बड़जात्या न लेते वो फैसला, तो सलमान खान की भाभी के रोल में दिखतीं

# माधुरी दीक्षित



1999 में रिलीज हुई सूरज बड़जात्या की फिल्म 'हम साथ-साथ हैं' हिट साबित हुई थी. इस फिल्म ने बिग स्क्रीन से लेकर टीवी तक पर धमाल मचाया था. ज्वाइंट फैमिली की कहानी पर बनी फिल्म में सलमान खान लीड रोल में नजर आए थे. लेकिन इसमें सलमान खान की भाभी के रोल के लिए चेहरा खोजना सूरज बड़जात्या के लिए मुश्किल काम था. हाल ही में एक बातचीत के वक्त फिल्ममेकर ने खुलासा किया वो सलमान की भाभी के किरदार में पहले तो माधुरी दीक्षित को कास्ट करना चाह रहे थे. माधुरी उनके साथ पहले भी 'हम आपके हैं कौन' में काम कर चुकी थीं. लेकिन बाद में सूरज ने उनको इस फिल्म के लिए मना कर दिया. रेडियो के साथ बातचीत में सूरज बड़जात्या से पूछा गया कि उन्होंने इस फिल्म के लिए कई फीमेल एक्टर्स से कॉन्टेक्ट किया था, जिसमें माधुरी भी शामिल थीं. इस पर फिल्ममेकर ने विस्तार से बात की है.

**पहले माधुरी बनने वाली थीं सलमान खान की भाभी**

सूरज बड़जात्या ने कहा, मैंने माधुरी से कहा, मैं एक मेल डॉमिनेटिंग फिल्म बना रहा हूं, अगर मैं तुमको सलमान के अपोजिट कास्ट करता हूं तो ये आपके लिए छोटा रोल होगा, लेकिन अगर मैंने आपको मोहनीश बहल के साथ कास्ट किया तो आप सलमान की भाभी के रोल में नजर आएंगी. लेकिन वो इतनी प्यारी लेडी हैं, उन्होंने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, मुझे साथ में काम करने में खुशी होगी. लेकिन फिर मैंने खुद कहा कि मैं कंफर्टेबल नहीं रहूंगा. क्योंकि उनकी पिछली फिल्म में सलमान और माधुरी दोनों रोमांटिक रोल में थे और फिल्म की सक्सेज ने दोनों को ऑन-स्क्रीन बेस्ट कपल के रूप में स्टैबलिश किया था.

**ऐसे हुई थी तबू की कास्टिंग**

सूरज बड़जात्या ने आगे कहा, इस रोल के लिए ऐसा चेहरा खोजना मुश्किल हो रहा था, जिसने सलमान के साथ पहले काम न किया हो. सारी डिबेट इस बात पर थी कि सलमान एक स्टार हैं और तो मुझे किसी ऐसे शख्स को कास्ट करना था जिसे भाभी के रोल में एक्सेप्ट किया जाए, तब हमने तबू को कास्ट किया. वहीं सोनाली बेंद्रे ने फिल्म में सलमान की लवर का रोल निभाया है.

## शराब पीने के बाद एक ही गाना बार-बार गाते थे Rishi Kapoor, रणबीर कपूर ने सालों बाद किया खुलासा



हिंदी सिनेमा के सबसे मशहूर खानदान में कपूर्स का भी नाम शामिल है. ये एक ऐसा इकलौता परिवार है, जिसकी चार पीढ़ियां सिनेमा से जुड़ी रही हैं. इसे भारतीय सिनेमा का पहला फिल्मी परिवार भी कहा जाता है. इस परिवार ने सिनेमा को कई सुपरस्टार, दमदार एक्टर्स और एक्ट्रेसेज दी हैं. बॉलीवुड में कई परिवार आए और चले गए, लेकिन कपूर फैमली को आज तक कोई टक्कर नहीं दे पाया है. इस परिवार की विरासत को दिग्गज एक्टर ऋषि कपूर ने भी फिल्मों में आगे बढ़ाया. अब भले ही वो हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका काम और उनकी फिल्में हमेशा याद किया जाएगा.

'बॉबी' से अपना करियर शुरू करने वाले ऋषि ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है. ये बात तो सभी जानते हैं कि ऋषि कपूर ड्रिंक करते थे. लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि वो पीने के बाद कौन सा गाना गुनगुनाते थे.ऋषि कपूर अपने पुराने इंटरव्यूज में खुद कई बार इस बात का खुलासा कर चुके हैं. लेकिन अब रणबीर कपूर ने बताया है कि उनके पापा पीने के बाद कौन सा गाना गाते थे.


**ये था ऋषि कपूर का फेवरेट गाना**

नेटफ्लिक्स पर हाल ही में रोशन परिवार की सीरीज 'द रोशन्स' स्ट्रीम हुई है. इस सीरीज में कई बड़े-बड़े स्टार्स ने रोशन परिवार के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस पर बात की है. सीरीज में रणबीर कपूर भी नजर आए हैं और उन्होंने अपने पिता ऋषि कपूर के बारे में बात की है, रणबीर ने बताया कि ऋषि कपूर हर रोज ड्रिंक करने के बाद फिल्म 'दूसरा आदमी' का गाना 'चल कहीं दूर निकल जाएं' गाते रहते थे. किशोर कुमार और लता मंगेशकर की आवाज में गाया गया ये गाना उनका पसंदीदा था और जब वो ड्रिंक करते थे, तब यही गाना गाते थे.

**कौन हैं ऋषि कपूर के फेवरेट गाने के कंपोजर**

'चल कहीं दूर निकल जाएं' गाना 1977 में रिलीज हुई फिल्म 'दूसरा आदमी' का है. इस गाने के कंपोजर राकेश रोशन के भाई राजेश रोशन हैं. फिल्म में ऋषि कपूर, नीतू कपूर और राखी लीड रोल में थे. दूसरा आदमी के डायरेक्टर रमेश तलवार और प्रोड्यूसर यश चोपड़ा थे. फिल्म के सभी गाने फैन्स आज भी सुनना पसंद करते हैं.

## 'तुम हीरोइन जैसी नहीं दिखती...' जब दूसरे एक्टर्स ने कह दी ऐसी बात, झलका भोजपुरी स्टार रानी चटर्जी का दर्द



एक्ट्रेस रानी चटर्जी भोजपुरी सिनेमा की वो एक्ट्रेस हैं जिन्हें फिल्म हिट कराने के लिए किसी बड़े मेल स्टार की जरूरत नहीं पड़ती. उनकी अपनी एक फैन फॉलोविंग है, जिन्हें देखना लोग पसंद करते हैं. रानी के नाम पर ही कई भोजपुरी फिल्में बनीं और रानी ने इंडस्ट्री में अपनी पहचान खुद बनाई. 2003 में रानी की पहली फिल्म आई थी जो सुपरहिट रही, फिर भी उनका संघर्ष खत्म नहीं हुआ.

**संघर्ष पर क्या बोलीं रानी चटर्जी ?**

यूट्यूब चैनल 'का हाल बा' के साथ रानी चटर्जी ने पॉडकास्ट इंटरव्यू किया. इस शो को भोजपुरी एक्टर और एंकर मनमोहन तिवारी होस्ट करते हैं. इस शो में रानी ने अपने संघर्ष की कहानी बताई और ये भी कहा कि हिट देने के बाद जब आपको संघर्ष करना पड़ता है तो बहुत खलता है. रानी ने पॉडकास्ट में कहा, 'उन लोगों ने कहा कि तुम हीरोइन जैसे नहीं दिखतीं.' तो एंकर ने कहा, 'ऐसे कैसेज्चौथी हीरो हो तुम, रवि किशन, मनोज तिवारी, निरहुआ और फिर तुम..उसके बाद ना पवन सिंह और खेसारी लाल आए हैं. अगर मैं कहूं तो हीरो के बराबर तुम काम कर रही थीं, एक्शन ले लो, डायलॉगबाजी ले लोजफिर भी कोई ऐसे कैसे कह सकता है.'

इसपर रानी चटर्जी ने कहा, 'उन एक्टर्स ने मेरे दिमाग में एक चीज डाल दी थी कि मैं हीरोइन नहीं बन सकती. उन्होंने ऐसा कहा क्योंकि मैं हिरोइन की तरह नहीं दिखती. एंकर ने पूछा, 'यही तो पूछ रहा हूं किसने ?' तो रानी ने आगे कहा, 'सबने, खासकर वो जो मनोज जी हैं, उन्होंने कई बार कहा. मैं भी ये सब मानने लगी थी क्योंकि जब हर फिल्म से आप निकाले जा रहे हो तो लोगों की बातें और भी सच लगने लगती हैं. मन में आने लगता है कि आप हीरोइन जैसी हो नहीं तो यहां क्या कर रही हो.'

**जब टूटने लगी थी रानी चटर्जी की हिम्मत**

एंकर ने कहा, 'ये सबकुछ तो बकवास है क्योंकि मैंने तुम्हारे साथ काम किया है और मैं जानता हूं कि तुम कितना हीरोइन जैसी दिखती हो कितनी नहीं. इन सब बातों में कोई दम नहीं है लेकिन फिर तुम्हारे अंदर अलग बनने की हिम्मत कैसे आई ये बताओ.' इसपर रानी ने कहा, 'मेरा मन थोड़ा टूट सा गया था लेकिन फिर बाद में मैंने खुद को संभाला एक एक्सपैरिमेंट किया, लकिली मुझे एक फिल्म मिली जिसमें सिर्फ मैं थी, मैंने वो की और वो फिल्म हिट हुई. इसके बाद प्रोड्यूसर्स की हिम्मत बनी और मुझे एक के बाद एक फिल्म देते गए मेरे ही नाम पर और मैं करती गई. ऊपरवाले का शुक्र है कि लोगों ने मेरी मेहनत का फल दिया और आज इस मुकाम तक पहुंचाया.'

## Sikandar के बाद फिर साथ आएंगे सलमान खान

# रशिमका मंदाना

## अगली फिल्म का अपडेट दिमाग का फ्यूज उड़ा देगा!



Salman Khan की Sikandar ईद पर आ रही है. फिलहाल काम पूरा नहीं हुआ है, पर मेकर्स की पूरी प्लानिंग के बारे में पता लग गया है. फरवरी के मिड तक फिल्म का काम कंप्लीट किया जाएगा. हालांकि, एडिट वर्क तेजी से चल रहा है. पर एक गाना, जो सलमान खान और रश्मिका मंदाना को साथ में शूट करना था, वो अटका हुआ है. दरअसल एक्ट्रेस इस वक्त रेस्ट पर हैं, उनका पैर फ्रैक्चर है. हालांकि, बीते दिनों सलमान और एटली की फिल्म,6 को लेकर बड़ा अपडेट आया था. फिल्म में रजनीकांत की एंट्री के बाद रश्मिका के नाम के चर्चे क्यों शुरू हो गए ?रश्मिका मंदाना के लिए बीता साल जबरदस्त रहा है. उनकी 'पुष्पा 2' ने दुनियाभर से 1831 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. वहीं वो सलमान खान की सिकंदर में भी बतौर फीमेल लीड काम कर रही हैं. इसी बीच फिल्मफेयर की एक रिपोर्ट सामने आई है. उसके मुताबिक, रश्मिका मंदाना के परफॉर्मेंस ने एटली को काफी इम्प्रेस किया है, इसलिए उन्हें कास्ट भी किया गया है.




**रश्मिका-सलमान खान फिर साथ काम करेंगे ?**

दरअसल बीते दिनों पिंकविला की रिपोर्ट से पता लगा था कि, एटली इस वक्त अपनी छठी फिल्म पर काम कर रहे हैं,6 में सलमान खान के साथ रजनीकांत का नाम सामने आ रहा है. इसे इंडिया सिनेमा की बड़ी फिल्म बताया जा रहा है. इंटरव्यू के दौरान एटली ने सलमान खान की कंफर्म एंट्री का हिंट दिया था. वहीं दूसरी तरफ कहते दिखे थे कि वो फिल्म की कास्टिंग से सबको सरप्राइज कर देंगे. आप क्या सोच रहे हैं, यह एकदम सच है.हालांकि, एटली ने हिंट तो दिया है, पर मेकर्स की तरफ से अबतक ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया गया है,6 को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं. फिल्म की शूटिंग इस साल की गर्मियों में शुरू होने की चर्चा है. इसे 2026 की सलमान खान की बड़ी रिलीज माना जा रहा है. अगर दोनों फिर से साथ आते हैं, तो सलमान खान के अलावा यह रश्मिका मंदाना के लिए बहुत बड़ा मौका होगा. दरअसल 2023 से ही वो धमाल मचा रही हैं.

**रश्मिका मंदाना ने अबतक कितने छापे ?**

साल 2023 में एनिमल आई थी. फिल्म में रश्मिका मंदाना ने भी काम किया था, जो रणबीर कपूर की पत्नी बनी थी. फिल्म ने दुनियाभर से 900 करोड़ से ज्यादा कमाए थे. वहीं दूसरी ओर पुष्पा 2 की तो बॉक्स ऑफिस पर तबाही आई है. फिल्म ने 1831 करोड़ छापे और अब ओटीटी पर भी आ गई है.